
किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

दैनिक

राष्ट्रीय संस्करण

RNI: UPHIN/2021/84200

# समाज जागरण

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्ष: 4 अंक: 29 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) शनिवार 08 नवम्बर 2025 http://samajjagran.in पृष्ट - 12 मूल्य 05 रुपया

# पीएम मोदी शनिवार को वाराणसी में 4 नई वंदे भारत ट्रेनों को दिखाएंगे झंडी

**समाज जागरण**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शनिवार (8 नवंबर, 2025) को वाराणसी का दौरा करेंगे और चार नई वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को झंडी दिखाएंगे। नई वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनें बनारस-खजुराहो, लखनऊ-सहारनपुर, फिरोजपुर-दिल्ली और एनार्कुलम-बेंगलुरु मार्गों पर चलेंगी। प्रमुख गंतव्यों के बीच यात्रा के समय को उल्लेखनीय रूप से कम करने के जरिए, ये ट्रेनें क्षेत्रीय गतिशीलता में वृद्धि करेंगी, पर्यटन को बढ़ाएंगी और देश भर में आर्थिक कार्यकलापों को बढ़ावा देंगी।

प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने गुरुवार को एक बयान जारी कर इसकी जानकारी दी है। यह विश्वस्तरीय रेल सेवाओं के माध्यम से नागरिकों को सुगम, त्वरित और अधिक आरामदायक यात्रा प्रदान करने के प्रधानमंत्री के विजन को साकार करने में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि है।





आपको बता दें, नई वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनें बनारस-खजुराहो, लखनऊ-सहारनपुर, फिरोजपुर-दिल्ली और एनार्कुलम-बेंगलुरु मार्गों पर चलेंगी।

**बनारस-खजुराहो वंदे भारत एक्सप्रेस**

बनारस-खजुराहो वंदे भारत एक्सप्रेस इस रूट पर सीधी कनेक्टिविटी प्रदान करेगी और वर्तमान में चल रही विशेष ट्रेनों की तुलना में लगभग 2 घंटे 40 मिनट की बचत करेगी। बनारस-खजुराहो वंदे भारत एक्सप्रेस भारत के कुछ सबसे प्रतिष्ठित धार्मिक और सांस्कृतिक स्थलों, जैसे वाराणसी, प्रयागराज, चित्रकूट और खजु-राहो, को जोड़ेगी।

यह संपर्क न केवल धार्मिक और सांस्कृतिक पर्यटन को बढ़ावा देगा, बल्कि तीर्थयात्रियों और यात्रियों को यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल खजुराहो तक त्वरित, आधुनिक और आरामदायक यात्रा भी प्रदान करेगा।

**लखनऊ-सहारनपुर वंदे भारत एक्सप्रेस**

वहीं, लखनऊ-सहारनपुर वंदे भारत एक्सप्रेस लगभग 7 घंटे 45 मिनट में यात्रा पूरी करेगी, जिससे यात्रा समय में लगभग 1 घंटे की बचत होगी। लखनऊ-सहारनपुर वंदे भारत एक्सप्रेस से लखनऊ, सीतापुर, शाहजहांपुर, बरेली, मु-रादाबाद, बिजनौर और सहारनपुर के यात्रियों को बहुत लाभ होगा, साथ ही रुड़की होते हुए हरिद्वार तक उनकी पहुंच भी बेहतर होगी। मध्य और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में सुगम तथा त्वरित अंतर-शहर यात्रा सुनिश्चित करने के जरिए, यह सेवा कनेक्टिविटी और क्षेत्रीय विकास को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

**फिरोजपुर-दिल्ली वंदे भारत**

फिरोजपुर-दिल्ली वंदे भारत इस रूट पर सबसे तेज चलने वाली ट्रेन होगी, जो अपनी यात्रा मात्र 6 घंटे 40 मिनट में पूरी कर लेगी। फिरोजपुर-दिल्ली वंदे भारत एक्सप्रेस राष्ट्रीय राजधानी और पंजाब के प्रमुख शहरों, जैसे फिरोजपुर, बठिंडा और पटियाला, के बीच संपर्क को सुदृढ़ करेगी। इस ट्रेन से व्यापार, पर्यटन और रोजगार के अवसरों को बढ़ावा मिलने, सीमावर्ती क्षेत्रों के सामाजिक-आर्थिक विकास में योगदान देने और राष्ट्रीय बाजारों के साथ बेहतर एकीकरण को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

**एनार्कुलम-बेंगलुरु वंदे भारत एक्सप्रेस**

दक्षिण भारत में, एनार्कुलम-बेंगलुरु वंदे भारत एक्सप्रेस यात्रा समय में 2 घंटे से अधिक की कमी ला देगी, जिससे यह यात्रा 8 घंटे 40 मिनट में पूरी हो जाएगी। एनार्कुलम-बेंगलुरु वंदे भारत एक्सप्रेस प्रमुख आ-ईटी और वाणिज्यिक केंद्रों को जोड़ेगी, जिससे प्रोफेशनलों, छात्रों और पर्यटकों को तेज और अधिक आरामदायक यात्रा का विकल्प मिलेगा। **यह रूट केरल, तमिलनाडु और कर्नाटक के बीच आर्थिक कार्यकलापों और पर्यटन को बढ़ावा देगा, जिससे क्षेत्रीय विकास और सहयोग में सहायता मिलेगी।**

## काशी की धरती पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भव्य स्वागत, जगह-जगह उमड़ा जनसैलाब

**समाज जागरण / रंजीत तिवारी**

वाराणसी।। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी पहुंचे, जहां उनका स्वागत अभूतपूर्व उत्साह के साथ किया गया। बाबतपुर स्थित लाल बहादुर शास्त्री अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री एवं जनपद प्रभारी मंत्री सुरेश खन्ना, विधायक डॉ. अवधेश सिंह, सुनील पटेल, टी. राम, कमिश्नर एस. राजलिंगम, पुलिस आयुक्त मोहित अग्रवाल, जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार सहित कई जनप्रतिनिधि और वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।



हवाई अड्डे से प्रधानमंत्री का काफिला सड़क मार्ग द्वारा बीएलडब्ल्यू स्थित गेस्ट हाउस के लिए रवाना हुआ। यह काफिला बाबतपुर, हरहुआ, गिलट बाजार, जेपी मेहता, फुलवरिया फ्लाईओवर होते हुए बरेका पहुंचा। मार्ग में जगह-जगह स्थानीय नागरिकों, कार्यकताओं और पदाधिकारियों ने फूल-मालाओं और नारों के साथ उनका भव्य स्वागत किया।

जनता के उत्साह से अभिभूत प्रधानमंत्री मोदी ने भी अपने वाहन से हाथ हिलाकर लोगों का अभिवादन स्वीकार किया। शहर में जगह-जगह– संत अतुलानंद बाईपास, जेपी मेहता के पास, बरेका एफसीआई गोदाम, बरेका गेट आदि स्थानों पर लोगों ने स्वागत समारोह आयोजित किए। बरेका पहुंचने पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्वयं प्रधानमंत्री का भव्य स्वागत किया। पूरा वाराणसी शहर दीपावली जैसी रोशनी और जोश में सराबोर नजर आया।

## आईसीसी का बड़ा फैसला, महिला वनडे विश्व कप में 8 की बजाय खेलेंगी 10 टीमें

नई दिल्ली. आईसीसी ने 2029 में महिला वनडे विश्व कप में टीमों की संख्या आठ से बढ़ाकर 10 करने का फैसला किया है. भारत ने 2 नवंबर को नवी मुंबई में खेले गए फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को 52 रनों से हराकर महिला क्रिकेट विश्व कप ट्रॉफी पहली बार अपने नाम की. भारतीय टीम ने सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया को हराकर बड़ा उलटफेर किया था जो सात बार का चैंपियन था. भारतीय महिला टीम ने लगातार तीन मैच हारने के बावजूद फाइनल में ट्रॉफी उठाई. टीम इंडिया की खिताबी जीत से पूरे देश में जश्न का माहौल है. आईसीसी बयान जारी कर कहा, 'इस आयोजन की सफलता को और आगे बढ़ाने के लिए उत्सुक आईसीसी बोर्ड ने टूनामेंट के अगले संस्करण को 10 टीमों (2025 में 8 टीमों से) तक बढ़ाने पर सहमति व्यक्त की है.'

## जीएसटी कटौती और टैक्स राहत से जीडीपी ग्रोथ 6.8% से अधिक रहने की उम्मीद: सीईए वी अनंत नागेश्वरन

**समाज जागरण**

चीफ इकोनॉमिक एडवाइजर (सीईए) वी अनंत नागेश्वरन ने शुक्रवार को भरोसा जताते हुए कहा कि जीएसटी रेट में कटौती और आय कर में राहत के साथ उपभोग बढ़ने से देश की जीडीपी चालू वित्त वर्ष में 6.8 प्रतिशत से भी अधिक बढ़ेगी।




उन्होंने कहा कि वर्तमान वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच भी देश का प्राइवेट कैपिटल एक्सपेंडीचर मजबूत बना हुआ है।

मुंबई में एक इवेंट में शामिल होने के साथ नागेश्वरन ने विदेशी निवेश में बढ़त को देखते हुए दूसरी तिमाही के डेटा के बाद देश के आर्थिक विकास में तेजी से वृद्धि होने का संकेत दिया।

उन्होंने अपनी बात पर जोर देते हुए कहा कि इस वर्ष के पहले पांच महीनों में शुद्ध प्रत्यक्ष विदेशी निवेश में काफी उछाल दर्ज किया गया है, जो कि 2 वर्षों की तुलना में काफी अधिक है। उन्होंने कहा कि वित्त वर्ष 2025 स्लोडाउन की धारणों को देखते हुए प्राइवेट कैपेक्स के लिए काफी बेहतरीन रहा।

नागेश्वरन ने प्राइवेज कैपेक्स पर जोर देते हुए कहा कि यह वित्त वर्ष 2024 में काफी नीचे आ गया था, वहीं वित्त वर्ष 2025 में मजबूती के साथ बढ़ा है, जो दशार्ता है कि निवेश की गति धीरे-धीरे रफ्तार पकड़ रही है।

उन्होंने मजबूत नियामकीय और कानूनी फ्रेमवर्क की जरूरत पर जोर दिया ताकि इंवर्टेड ड्यूटी स्ट्रक्चर्स के अलावा अलग-अलग सेक्टर में सफलता सुनिश्चित की जा सके।

उन्होंने कहा कि भारत की रणनीति घरेलू मैन्युफैक्चरिंग क्षमताओं पर बढ़ाने पर होनी चाहिए। नागेश्वरन कहा कहना था कि देश को ग्लोबल सप्लाई चेन के साथ जुड़ने के तरीकों पर विचार करना चाहिए।

नागेश्वरन ने अमेरिका और भारत के बीच टैरिफ डील को लेकर कहा कि यह डील बहुत जल्द पूरी हो सकती है। उनका कहना था कि भारत में हाल ही में हुई उपभोग वृद्धि सप्लाई-सा-इड विस्तार थी, जिसे मजबूत निवेश गति ने बढ़ाया। उन्होंने कहा कि कंपनियों ने इस वर्ष प्राइमरी मार्केट से 2 लाख करोड़ रुपए जुटाए हैं, जो निवेशकों के मजबूत विश्वास का संकेत है।

(इनपुट-आईएएनएस)

## अब्राहम समझौते के तहत कजाकिस्तान-इजरायल के बीच नए संबंधों की तैयारी

**समाज जागरण**

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने जानकारी दी है कि इजरायल के साथ मुस्लिम देश कजाकिस्तान भी अब्राह्म समझौते में शामिल होने जा रहा है। ट्रंप के दूसरे कार्यकाल में अब्राहम समझौते में शामिल होने वाला कजाकिस्तान पहला देश है। आइए जानते हैं कि अब्राहम समझौता क्या है और इसकी कब शुरूआत हुई।

कजाकिस्तान मेरे दूसरे कार्यकाल का पहला देश है जो अब्राहम समझौते में शामिल हुआ है



अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर इसका ऐलान करते हुए लिखा, "मैंने इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और कजाकिस्तान के राष्ट्रपति कसीम-जोमार्ट तोकायेव के बीच एक शानदार बातचीत की। कजाकिस्तान मेरे दूसरे कार्यकाल का पहला देश है जो अब्राहम समझौते में शामिल हुआ है।"

अमेरिकी राष्ट्रपति ने आगे कहा कि यह दुनियाभर में सेतु बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है

अमेरिकी राष्ट्रपति ने आगे कहा कि यह दुनियाभर में सेतु बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। आज, मेरे अब्राहम समझौते के माध्यम से और भी कई देश शांति और समृद्धि को अपनाने के लिए कतार में खड़े हैं। हम जल्द ही इसे आधिकारिक बनाने के लिए एक हस्ताक्षर समारोह की घोषणा करेंगे।

## 'प्रशांत किशोर वोट काटने के लिए मैदान में उतरे हैं', राजनाथ सिंह

नई दिल्ली. रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पहली बार बिहार चुनाव में प्रशांत किशोर फैक्टर पर अपनी बेबाक राय दी. राजनाथ ने साफ शब्दों में कहा कि बिहार में नई राजनीति का दावा करने वाले प्रशांत किशोर का मकसद केवल वोट काटना है. उन्होंने माना कि जनता भी इस बात को अच्छे से समझती है. नेटवर्क 18 ग्रुप के एडिटर इन चीफ राहुल जोशी से खास बातचीत के दौरान उन्होंने माना कि बिहार में एनडीए को 160 से ज्यादा सीटें मिलना तय है. इसमें किसी प्रकार के कोई संदेह की बात नहीं है.

प्रशांत किशोर को लेकर पूछे गए सवाल पर राजनाथ सिंह ने कहा, कौन वोट काटने के लिए खड़ा है और कौन सरकार बनाने के लिए खड़ा है, यह सबको पता है. इसपर राहुल जोशी ने उनसे पूछा कि तो आप मानते हैं कि वो वोट काटने के लिए खड़े हैं. इसपर राजनाथ सिंह ने जवाब देते हुए कहा कि हां, ऐसा जनता समझती है कि वो वोट काटने के लिए आए हैं. जनता मानती है कि उन्हें एक भी सीट प्राप्त नहीं होगी.

अपने पुराने बैंक खाते में पैसे जमा करके भूल गए?



जो आपका है उसे वापस दिलाने में आरबीआई आपकी मदद करेगा।

आपके बैंक के निष्क्रिय खाते (2 वर्ष से ज़्यादा और 10 वर्ष तक असक्रिय) में जमा पैसे / दावा न की गई जमा राशि (10 वर्ष से अधिक) को आरबीआई के डीईए फंड में ट्रांसफर कर दिया जाता है। आप या आपके क़ानूनी वारिस उसे कभी भी वापस ले सकते हैं।

आपके पैसे वापस पाने के 3 आसान चरण

1. आपके बैंक की किसी भी शाखा में जाएं, भले ही वो आपकी नियमित शाखा न हो।
2. केवाईसी दस्तावेजों (आधार, पासपोर्ट, मतदाता पहचान पत्र या ड्राइविंग लाइसेंस) के साथ फॉर्म जमा करें।
3. सत्यापन के बाद ब्याज समेत, यदि है तो, अपने पैसे वापस पाएं।

आपके दावा न किए गए पैसे के बारे में जानने के लिए

आपके बैंक की वेबसाइट पर खोजें या आरबीआई के UDGAM पोर्टल (https://udgam.rbi.org.in) पर देखें, जिसमें फ़िलहाल 30 बैंक शामिल हैं।

दावा न की गई संपत्ति के संबंध में आयोजित विशेष शिविरों में जाएं, जिसे देशभर के सभी ज़िलों में अक्तूबर से दिसंबर 2025 के बीच लगाए जाएँगे।




अधिक जानकारी के लिए https://rbikehtahai.rbi.org.in देखिए
प्रतिक्रिया के लिए rbikehtahai@rbi.org.in पर लिखिए
क्यूआर कोड स्कैन कीजिए
आधिकारिक व्हॉट्सऐप नंबर 99990 41935

जनहित में जारी
भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA
www.rbi.org.in

## व्यंगम

# हम न हुए जोहरान

न्यूयोर्क के मेयर बनकर जोहरान ममदानी जबसे सुर्खियों में आए हैं, तभी से मुझे अपने नसीब से शिकायत हो रही है. आपको पता नहीं है कि मेरा भी ख्वाब था कि मैं भी एक दिन जोहरान ममदानी की तरह अपने शहर का मेयर बनूं.
मेयर को भारत में हिंदी पट्टी में महापौर कहा जाता है. महापौर यानि प्रथम नगर सेवक. देश का प्रथम नागरिक बनना या प्रथम नगर सेवक बनना सबके बूते की बात नहीं. मेयर नसीब वाला ही बनता है. बिना नसीब के यदि आप मेयर बन भी जाएं तो भी आपको कोई पूछता नहीं.दर अस्ल मेयर बनने से पहले जोहरान




बनना पडता है. और जोहरान बनना आसान नहीं.
मेयर जोहरान की अम्मीमीरा नायर भारतीय मूल की हिंदू हैं, पिता कोलंबिया के मुसलमान प्रोफेसर मोहम्मद ममदानी हैं.जोहरान की अहलिया सीरिया की रमा दुवाजी हैं. जोहरान के चुनाव से हिंदुस्तानी, इस्लामी और अमरीकी सब खुश हैं सिवाय डोट्रं को छोडकर.
हमारे शहर में भी पहले निर्विरोध मेयर चुने जाते थे. लेकिन एक बार मैने इस निर्विरोध निर्वाचन में खडे होकर बाधा डाली. हालांकि मै चुनाव हार गया लेकिन मेरी समझ मेझ आ गया कि मेयर बनने के लिए जोहरान होना जरूरी है. बहुत से लोग बिना जोहरान बने भी मेयर बनते हैं लेकिन उन्हे उतनी सुर्खियां नहीं मिलती जितनी कि जोहरान को मिलीं.
जोहरान अपने देश के प्रथम नागरिक से टकराए. हमारे शहर में तो मेयर प्रथम नागरिक से तो टकराना दूर अपने शहर के स्वयंभू महाराज से नहीं टकरा पाते. हमारे शहर के एक महापौर लोकसभा के सदस्य भी रहे लेकिन टकराने से हमेशा बचते रहे इसीलिए वे एक रोपवे तक नहीं बनवा पाए.
भारत में मेयर तो होते हैं लेकिन अमेरिका जैसे हैसियत वाले नहीं होते. भारत में हैसियत केवल मंत्री-संतरी की होती है. आजकल तो यदि मंत्री-संतरी संतरों की राजधानी नागपुर से जुडा हो तो सोने पर सुहागा माना जाता है. अमेरिका में कोई नागपुर नहीं है इसीलिए वहाँ किसी मेयर का संतरों से कोई लेना देना नहीं है.
भारत में कोई 500 महापौर हैं. सबसे ज्यादा महाराष्ट्र में और सबसे कम मोशा के गुजरात में लेकिन इनमें से एक भी जोहरान बाबा की तरह इंटरनेशनल फेम का नहीं है. हो भी नही सकता. जोहरान की तरह सुर्खियों में आने के लिए काम करना पडता है और हमारे महापोर काम करना जानते नहीं, वे सिर्फ कमीशन लेना जानते हैं.
अमेरिका में 1686 मेयर हैं क्योंकि वहां 30 हजार की आबादी वाले शहर कै भी मेयर मिल जाता है. अमेरिका में भी सभी मेयृ जोहरान की तरह चमकदार नहीं हैं लेकिन उनकी दशा हमारे शहर की महापौर शोभा बहू जैसी भी नहीं है.
हमारे यहाँ जोहरान जैसा मेयर बनने का सपना देखने वालों की कमी नहीं है. मैने भी ये सपना देखा और मेरे छात्रों ने भी. किसी का सपना पूरा नहीं हुआ. न मेरा और न मेरे छात्रों का. सब टिकट मांगते रह गये और मैं बिना टिकट चुनाव लड गया. हारा भी, लेकिन लडकर हारा. बहुत से लोग तो बिना लडे ही हार जाते हैं. मेरा स्पष्ट मत है कि मेयर हो तो जोहरान जैसा हो. जो थोडा हिंदू, थोडा मुसलमान, थोडा ईसाई, थोडा अमरीकी. यानि थोडा-थोडा सब, हमारे अन्नकूट जैसा. एक रंग वाला नहीं. एक रंग वाले संकीर्ण होते हैं हमारे स्वयं सेवी संगठन के प्रचारकों की तरह. जोहरान यदि इंडिया में होते तो अब तक लव जिहाद के किसी मुकदमें में उलझ चुके होते. वे खुशनसीब हैं कि अमेरिका के नागरिक हैं.
एक जमाना था जब हिंदुस्तान का नागरिक होना अमेरिका के नागरिक होने जैसा ही महत्वपूर्ण माना जाता था. तब हिंदुस्तान इंद्रधनुषी रंग वाला था. अब यहाँ तिरंगा राष्ट्रवादी ध्वज होते हुए भी सिर्फ हरा और केसरिया रंग बचा है. बात बात पर यहाँ हिंदू-मुसलमान हो जाता है. हिंदुस्तान से आजाद ख्याली तिरोहित हो गई है. तिरोहित कर दी गई है.ऊपर वाले से प्रार्थना कीजिये कि हिंदुस्तान के सभी रंग वापस लौट आएं ताकि हमारे यहाँ भी जोहरान जैसे मेयर, एम एल ए, एम पी, मंत्री, प्रधानमंत्री पैदा हो सकें.

@ राकेश अचल

# जेएनयू छात्र संघ चुनाव में कैसे 'राइट' पर भारी पड़ा लेफ्ट

संजय सक्सेना,लखनऊ
वरिष्ठ पत्रकार




नई दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय में इस साल के छात्रसंघ चुनाव नतीजों ने फिर इतिहास दोहरा दिया। राइट विंग के उम्मीदवारों को हाशिये पर ढकेल कर यहां के छात्रों ने लेफ्ट की विचारधारा को तवज्जो दी। वामपंथी छात्र संगठनों के साझा गठबंधन लेफ्ट यूनिटी ने चारों केंद्रीय पदों पर जीत दर्ज कर एक बार फिर साबित किया कि जेएनयू की राजनीति में अभी भी लाल विचारधारा की जड़ें गहरी हैं। वहीं अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) को एक भी केंद्रीय पद पर जीत नहीं मिल सकी, जो उस-के लिए पिछले कुछ वर्षों में सबसे बड़ा झटका माना जा रहा है। यह केवल एक चुनावी नतीजा नहीं, बल्कि छात्र राजनीति के बदलते रुख, विचारधारात्मक संघर्ष और नए युग की शुरूआत का संकेत है।पिछले पांच वर्षों में जेएनयू की राजनीति में जिस तरह के उतार-चढ़ाव देखे गए, उसने इस बार के नतीजों को और दिलचस्प बना दिया। 2020 के बाद से विश्वविद्यालय में छात्र संघ चुनाव लगातार राजनीतिक खींचतान का केंद्र रहे हैं। कभी एबीवीपी ने कैंपस में अपनी उपस्थिति मजबूत की, तो कभी वाम छात्र संगठन आपसी मतभेदों से जूझते दिखे। मगर इस बार हालात उलट गए। वामदलों ने पहली बार बेहद संगठित रणनीति अपनाई कर एकता बनाए रखते हुए उन्होंने हर संकाय और हर हॉस्टल स्तर तक गहराई से काम किया। यही कारण रहा कि अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, महासचिव और संयुक्त सचिव, चारों पदों पर लेफ्ट यूनिटी के उम्मीदवारों ने एबीवीपी को बड़े अंतर से हराया।

अध्यक्ष पद पर वाम उम्मीदवार अदिति मिश्रा की जीत सबसे ज्यादा सुर्खियों में रही। अदिति जेएनयू के स्कूल ऑफ इंटरनेशनल स्टडीज से शोध कर रही हैं और उन्होंने अपने चुनाव प्रचार के दौरान फीस वृद्धि, शोध छात्रवृत्ति, हॉस्टल में सुविधाओं की कमी और छात्र सुरक्षा जैसे मुद्दों को मुख्य केंद्र में रखा। उन्होंने कहा था कि ह्लजेएनयू का संघर्ष सिर्फ विचारों का नहीं, बल्कि शिक्षा को सबके लिए सुलभ बनाने का है।ह्व उनका यह सीधा और भावनात्मक संदेश छात्रों के दिल में उतर गया। दूसरी ओर, एबीवीपी की उम्मीदवार तन्या कुमारी राष्ट्रवाद और संगठनात्मक अनुशासन की बात करती रहीं, पर उनकी बातों में वह सादगी और जमीनी जुड़ाव नहीं दिखा जो अदिति के अभियान में झलक रहा था। इस बार के चुनाव में एक दिलचस्प बात यह रही कि मुद्दों का फोकस नारेबाजी से हटकर व्यावहारिक समस्याओं पर रहा। पिछले वर्षों में जहाँ बहसें "देशविरोधी" और "राष्ट्रभक्ति" जैसे मुद्दों तक सीमित रह जाती थीं, इस बार छात्र अपने वास्तविक कैंपस जीवन की दिक्कतों पर ज्यादा मुखर रहे। हॉस्टल फीस, रिसर्च फंड, लैब की स्थिति, और छात्र संगठनों की पारदर्शिता पर गहन चर्चा हुई। वाम संगठनों ने इस बदलाव को भांपते हुए अपने अभियान को "स्टूडेंट्स फॉर स्टूडेंट्स" की थीम पर केंद्रित किया, जबकि एबीवीपी पारंपरिक नारों और रैलियों तक सिमटी रह गई। मतदान प्रतिशत में कमी भी इस चुनाव का एक दिलचस्प पहलू रहा। इस बार लगभग 67 प्रतिशत छात्रों ने मतदान किया, जो पिछले वर्षों की तुलना में कुछ कम था। विश्लेषकों के अनुसार, यह कमी बताती है कि छात्र राजनीति में अब विचारधारा से ज्यादा 'काम करने वाले' नेतृत्व की तलाश बढ़ रही है। वाम संगठनों ने इस भावना को समझा और युवाओं से सीधे संवाद किया कर क्लास टू क्लास कैंपेन, कैफे चचाएँ, और सोशल मीडिया पर सक्रिय अभियान ने माहौल बनाया।

जेएनयू के चुनाव परिणामों का असर सिर्फ इस विश्वविद्यालय तक सीमित नहीं रहता। ऐतिहासिक रूप से यह विश्वविद्यालय देश के अन्य विश्वविद्यालयों की छात्र राजनीति की दिशा तय करता रहा है। जब जेएनयू में लेफ्ट का झंडा बुलंद होता है, तो इलाहाबाद, हैदराबाद, कोलकाता और भोपाल जैसे शहरों में भी उसकी गूंज सुनाई देती है। इसी साल हैदराबाद सेंट्रल यूनिवर्सिटी और अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी में भी एबीवीपी को अपेक्षित सफलता नहीं मिल सकी थी। दिल्ली यूनिवर्सिटी में एबीवीपी ने जीत दर्ज की थी, मगर जेएनयू में उसकी हार ने छात्र राजनीति के समीकरणों को फिर उलझा दिया है। एबीवीपी की इस हार ने उसके अंदर आत्मचिंतन की लहर पैदा की है। संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों का कहना है कि यह हार केवल चुनावी नहीं, संगठनात्मक चेतावनी भी है। वाम संगठनों की सक्रियता और एकजुटता ने उसे घेर लिया है। हालांकि, एबीवीपी ने यह दावा भी किया कि उसने पार्षद स्तर पर कई सीटें जीती हैं और यह संकेत है कि संगठन की जड़ें अभी भी मौजूद हैं। परंतु केंद्रीय पदों पर हार ने यह साबित किया कि जेएनयू के मुख्य नेतृत्व पर अब वामपंथ का वर्चस्व एक बार फिर स्थापित हो गया है। कैंपस में जीत की घोषणा होते ही वामपंथी कार्यकताओं ने लाल झंडों और नारेबाजी के साथ पूरे परिसर को उत्सव में बदल दिया। छात्रों ने 'लाल सलाम' के नारे लगाए और देर रात तक जश्न मनाया। दूसरी ओर, एबीवीपी के कार्यकर्ता शांत दिखाई दिए। उन्होंने कहा कि वे संगठन को फिर से मजबूत करेंगे और छात्रों के मुद्दों को लेकर संघर्ष जारी रखेंगे। यह तस्वीर भारतीय छात्र राजनीति की असली आत्मा दिखाती है, जहाँ हार के बाद भी उम्मीद बनी रहती है और हर चुनाव एक नई कहानी लिखता है।

पिछले पाँच वर्षों में हुए बदलावों की बहार अब साफ दिखती है। 2019 से लेकर 2025 तक, जेएनयू ने कई वैचारिक प्रयोग देखे हैं, कभी एबीवीपी ने अपनी पकड़ बढ़ाई, कभी लेफ्ट यूनिटी में दरार आई, तो कभी एनएसयूआई और अन्य समूहों ने गठबंधन की कोशिश की। पर अब लगता है कि छात्र वर्ग फिर से वैचारिक रूप से वाम झुकाव की ओर लौटा है। इसका कारण शायद यह भी है कि बढ़ती महंगाई, शिक्षा का व्यापारीकरण और रोजगार की कमी जैसे मसले अब युवाओं को सीधे प्रभावित कर रहे हैं। ऐसे में वाम विचारधारा उन्हें अपने करीब खींचने में कामयाब रही है। जेएनयू के इस चुनावी परिणाम का संदेश स्पष्ट है, छात्र राजनीति में एक बार फिर विचारों की ताकत ने जीत दर्ज की है। सत्ता या संगठन नहीं, बल्कि मुद्दों और संवेदनाओं ने निर्णायक भूमिका निभाई। यह बदलाव सिर्फ जेएनयू के गलियारों तक सीमित नहीं रहेगा, इसका असर देशभर के विश्वविद्यालयों में महसूस होगा। भविष्य में जब छात्रसंघ चुनाव फिर होंगे, तो यह परिणाम संदर्भ के रूप में याद किया जाता है कि कैसे जेएनयू ने फिर से बताया कि राजनीति केवल जीतने का नहीं, सोच बदलने का जरिया भी है। इस जीत और हार से परे एक बात स्पष्ट भारतीय विश्वविद्यालयों में छात्र राजनीति अभी भी जिंदा है, सक्रिय है और विचारों से भरी हुई है। जेएनयू के इस लाल परचम ने यह दिखा दिया है कि बदलाव की बहार फिर लौट आई है। एबीवीपी के लिए यह ठहराव आत्ममंथन का क्षण है, और वाम छात्र संगठनों के लिए यह जिम्मेदारी का दौर। आखिरकार, जो जीतता है उसे अगली सुबह उम्मीदों का बोझ भी उठाना पड़ता है और यही असली राजनीति है, जो जेएनयू के हर कोने में सांस ले रही है।




# सुरों की साधिका सुलक्षणा पंडित नहीं रहीं

महेन्द्र तिवारी

6 नवंबर 2025 को हिंदी फिल्म और संगीत जगत की सुरमयी आवाज सदा के लिए खामोश हो गई। प्रसिद्ध गायिका और अभिनेत्री सुलक्षणा पंडित का मुंबई के नानावटी अस्पताल में निधन हो गया। वे 71 वर्ष की थीं और पिछले कई वर्षों से अस्वस्थ थीं। उनके जाने से फिल्म इंडस्ट्री के एक स्वर्णिम युग की स्मृतियाँ फिर से ताजा हो उठीं – वो दौर, जब गीतों में आत्मा होती थी और चेहरों पर अभिनय नहीं, भावनाएँ बोलती थीं।
सुलक्षणा पंडित का जन्म 12 जुलाई 1954 को छत्तीसगढ़ के रायगढ़ में हुआ था। उनका परिवार भारतीय संगीत परंपरा का एक सम्मानित स्तंभ रहा। वे महान शास्त्रीय गायक पंडित जसराज की भतीजी थीं, जबकि उनके भाई जतिन-ललित ने 90 के दशक में हिंदी सिनेमा को अनगिनत अमर धुनें दीं। उनकी बहन विजयता पंडित भी फिल्म जगत से जुड़ी रहीं। इस संगीतपूर्ण वातावरण में पली-बढ़ी सुलक्षणा के भीतर कला का बीज बचपन से ही गहराई तक बोया गया था। संगीत उनके लिए केवल अभिव्यक्ति नहीं, बल्कि एक साधना थी।
उन्होंने अपने फिल्मी करियर की शुरूआत 1975 में 'उलझन' फिल्म से की थी, जिसमें उनके साथ संजीव कुमार थे। यह जोड़ी पर्दे पर बहुत पसंद की गई। इसके बाद उन्होंने 'संकोच', 'हेरा फेरी', 'अपनापन', 'खानदान', 'चेहरे पे चेहरा' और 'धर्म कांटा' जैसी फिल्मों में अभिनय किया। उनका अभिनय सहज, कोमल और भावनाओं से भरा हुआ था। वे किसी चरित्र को ओढ़ती नहीं थीं, बल्कि जीती थीं। उनकी आँखों में सादगी, आवाज में अपनापन और मुस्कान में एक अनकही कहानी झलकती थी।
पर अभिनय से पहले वे एक गायिका थीं। 1967 में बतौर बाल गायिका उन्होंने फिल्म 'सात समुंदर पार' में लता मंगेशकर के साथ गाना गाकर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। 1975 में आई फिल्म 'संकल्प' का उनका गीत "तू ही सागर है, तू ही किनारा" आज भी सुनने वालों को भीतर तक भिगो देता है। इस गीत के लिए उन्हें फिल्मफेयर का सर्वश्रेष्ठ महिला पार्श्वगायिका पुरस्कार मिला। उन्होंने किशोर कुमार, मोहम्मद रफी, हेमंत कुमार, महेंद्र कपूर, येसुदास और लता मंगेशकर जैसे महान कलाकारों के साथ काम किया। उनकी गायकी में शास्त्रीयता की गहराई और



भावनाओं की मिठास का दुर्लभ संगम था।
1980 में उनका गजल एल्बम 'जज्बात' आया, जिसने उन्हें एक नए रूप में सामने लाया। उस दौर में जब गजल सुनना एक नफासत माना जाता था, सुलक्षणा ने अपनी कोमल आवाज से प्रेम, विरह और एकाकीपन को नया अर्थ दिया। उनके गीतों में स्त्री की संवेदना थी – वह स्त्री जो प्रेम करती है, टूटती है, पर भीतर कहीं एक अदम्य गरिमा बनाए रखती है।
लेकिन सुलक्षणा का जीवन केवल गीतों की मिठास से नहीं बना था। उनके जीवन में गहरी चुप्पियाँ भी थीं। कहा जाता है कि वे अभिनेता संजीव कुमार से गहराई से प्रेम करती थीं, पर यह प्रेम अधूरा ही रह गया। संजीव कुमार ने विवाह नहीं किया, और 6 नवंबर 1985 को उनका निधन हो गया। यह एक अजीब संयोग है कि ठीक चालीस साल बाद, उसी तारीख को, सुलक्षणा भी इस दुनिया से चली गईं – जैसे उनकी जीवन-धुन ने अंततः उसी तान पर विराम लिया, जहाँ से वह कभी टूटी थी।
संजीव के जाने के बाद सुलक्षणा ने जीवनभर विवाह नहीं किया। उन्होंने खुद को धीरे-धीरे दुनिया से अलग कर लिया। बीते लगभग सोलह वर्षों से वे गंभीर रूप से बीमार थीं और अधिकतर समय बिस्तर पर रहीं। आर्थिक तंगी के दिन भी आए, पर उनके परिवार – विशेषकर भाई जतिन-ललित और बहन विजयता – ने उन्हें हमेशा संभाले रखा। अभिनेता जीतेंद्र ने भी एक बार उनकी मदद की थी। पर सुलक्षणा की दुनिया अब संगीत और सिनेमा से बहुत दूर जा चुकी थी।
उनके जीवन में जितना वैभव था, उतना ही विरह भी। वे अपने गीतों की तरह ही थीं – मीठी, भावुक और गहरी। वे उस पीढ़ी की प्रतिनिधि थीं, जिसने कला को करियर नहीं, साधना माना। उन्होंने अभिनय और गायन दोनों में अपनी छाप छोड़ी, और आज भी उनका नाम सम्मान से लिया जाता है। उनका जीवन यह सिखाता है कि प्रतिभा के साथ संवेदना हो, तो कलाकार समय से परे हो जाता है।
6 नवंबर की वह रात जब उनके निधन की खबर आई, तो सोशल मीडिया पर कलाकारों, संगीतकारों और प्रशंसकों ने उन्हें याद किया। हर श्रद्धांजलि के साथ एक धुन थी, जो उनकी आवाज की तरह ही कोमल और स्मरणीय थी। उनके भाई ललित पंडित ने बताया कि उन्हें हार्ट अटैक आया था। अगले दिन मुंबई में उनका अंतिम संस्कार किया गया। सुलक्षणा पंडित का जीवन एक अधूरी कविता की तरह था – जिसमें प्रेम था, वियोग था, पर साथ ही था संगीत का अटूट विश्वास। वे अपने पीछे गीतों, फिल्मों, यादों और उस मुस्कान को छोड़ गईं जो अब भी उनके सुरों में गूंजती है। शायद यही उनकी अमरता है – कि जब भी कोई "तू ही सागर है, तू ही किनारा" सुनता है, उसके भीतर कुछ देर के लिए दुनिया ठहर जाती है, और उस ठहराव में सुलक्षणा पंडित फिर से जीवित हो उठती हैं।

**कविता,**
**संजीव-नी।**

### याद आती है।

याद आती
जैसे कोई अज्ञात गंध
साँसों में उतर जाए,
और नस-नस में फैल जाए
धूप की तरह मौन,
अदृश्य, पर अनुभूत।

याद आती
वह रतिया,
जो मेरी पलकों में ठहर गई ,
जैसे कोई शांत झील
जिसमें आकाश भी सो जाता ।
उसकी परछाईं में
अब भी हिलते
तेरे अधरों के मधुर स्वर,
जिनका रस
मेरे प्राणों में
धीरे-धीरे घुलता
जैसे कोई अनकहा मंत्र।

याद आते
तेरे पदकमल,
कोमल, मृदुल,
जो बोलते थे बिना शब्दों के,
उनकी पदचाप की लय
आज भी मेरे एकांत को
संगीत बना देती
मैं सुनता
अपने भीतर की गहराई में,
उन पगचिह्नों का प्रतिध्वनि-
संवाद।

चुपके-चुपके
मैं अब भी बाट जोहता
उन अदृश्य पथों की ओर
जहाँ तेरी आभा गुम
धारा में, गगन में,
या शायद उस अनंत में
जहाँ आत्मा और परमात्मा
एक हो जाते ।

मनुहार करता है मन
कहाँ छिपे हो तुम?
किस आलोक में, किस दिशा
में?
हर क्षण में तुम्हारा
एक अंश उतर आता ,
और मैं भिगोता
अपने अस्तित्व को
उस अनुभूति से –
जो न देखी जाती है,
न छुई जा सकती है,
बस जिया जा सकता है।

## (समय का दर्शन)

# समय के यथार्थ संयोजन से जीवन समर्थ, सशक्त।

बेंजामिन फ्रैंकलिन ने कहा था– "Lost time is never found again"– बीता हुआ समय कभी वापस नहीं आता। समय वह अनमोल संपदा जो न किसी के लिए रुकती न किसी के लिए लौटती यह निरंतर गतिशील अविराम, अनश्वर और सर्वव्यापी। जीवन की सफलता, सार्थकता और समृद्धि का आधार यदि किसी एक तत्व को कहा जाए तो निस्संदेह वह ह्लसमय का सदुपयोगह्व है। । यह कथन न केवल यथार्थ का उद्घाटन करता है बल्कि जीवन के अनुशासन की दिशा भी दिखाता है। धन, वैभव, प्रतिष्ठा ये सब खोकर पुनः अर्जित किए जा सकते हैं, किंतु समय का एक क्षण खो जाने पर वह सदा के लिए इतिहास बन जाता है।

**भारतीय संतों ने भी यही चेताया**
**"काल करे सो आज कर, आज करे सो अब,**
**पल में परलय होएगी, बहुरि करेगा कब।"**

यह दोहा समय के अनमोल क्षणों की पुकार है, जो मनुष्य को आलस्य और विलंब की दलदल से बाहर निकालने का प्रयास करता है। प्रसिद्ध लेखक मेसन ने भी कहा है– "सोने के कण की तरह समय का हर क्षण मूल्यवान है।" सच ही तो है, स्टेशन पर खड़ी रेलगाड़ी अपने यात्रियों की प्रतीक्षा नहीं करती; देर से पहुंचने वाला व्यक्ति केवल हाथ मलता रह जाता है। प्रकृति स्वयं समय की शिक्षिका है,यदि वर्षा ऋतु में वर्षा समय पर न हो तो फसलें सूख जाती हैं; यदि सूरज समय पर न उगे तो जीवन का क्रम बाधित हो जाता है। तुलसीदास ने कहा, "का वर्षा जब कृषि सुखावे, भल समय जब बाढ़े उपजावे।" यह उदाहरण स्पष्ट करता है कि समय की अनदेखी विनाश का कारण बन सकती है।

इतिहास गवाह है कि जिन्होंने समय के साथ अनुशासन और श्रम को अपना आदर्श बनाया, वही युगपुरुष बने। चाहे महात्मा गांधी हों, आइंस्टीन हों या स्टीव जॉब्स इन सबने समय का सदुपयोग कर अपने विचारों से मानवता को नई दिशा दी। इंग्लैंड की अनुशासनप्रियता और समयनिष्ठा ने उसे ग्रेट ब्रिटेन का दर्जा दिलाया, जिसने कभी कहा था– "The sun never sets on the British Empire." हालांकि उनका अनुशासन कई बार दमनकारी भी रहा, परंतु यह भी सत्य है कि समय के प्रति उनकी सजगता ने उन्हें शक्ति और समृद्धि दी।

भारत ने भी जब-जब समय के मूल्य को पहचाना, तब-तब उसने विश्व में अपना लोहा मनवाया। हमारे वैज्ञानिकों - डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम, सी.वी. रमन, और होमी भाभा ने समय की पाबंदी और अनुशासन से अनुसंधान के शिखर को छुआ। उन्होंने दिखाया कि कठोर परिश्रम और समय का प्रबंधन साधारण मनुष्य को भी असाधारण बना सकता है।

समय और अनुशासन एक-दूसरे के पर्याय हैं। अनुशासन के बिना समय की उपयोगिता संभव नहीं, और समय के बिना अनुशासन का कोई अर्थ नहीं। जीवन के जिस कार्य को हम सबसे कठिन मानते हैं, उसे सबसे पहले करना ही सफलता की कुंजी है। जैसा कि नेपोलियन बोनापार्ट ने कहा था– "Take time to deliberate, but when the time for action comes, stop thinking and go in.""

विद्यार्थी जीवन में समय का महत्व सर्वोपरि है। समय का नियोजन और आत्मसंयम विद्यार्थी को साधारण से असाधारण बना देता है। जो विद्यार्थी समय के मूल्य को समझते हुए अध्ययन करते हैं, वे न केवल परीक्षाओं में सफल होते हैं बल्कि जीवन में भी ऊँचाइयाँ छूते हैं। देर से उठने वाले और विलंब से कार्य करने वाले हमेशा परिस्थितियों से संघर्ष करते रहते हैं, जबकि समयनिष्ठ व्यक्ति आत्मविश्वास से भरा और ऊजार्वान रहता है।

युवा वर्ग को चाहिए कि वह शरीर और मन दोनों का अनुशासन बनाए। समय पर उठना, भोजन करना, व्यायाम करना और ब्रह्ममुहूर्त में अध्ययन करना आत्मविकास की पहली सीढ़ी है। देर से उठने वाले व्यक्ति के हर कार्य में विलंब होता है, जिससे अवसर हाथ से निकल जाते हैं। जैसे समुद्र की लहरें लौटकर नहीं आतीं, वैसे ही समय भी एक बार गया तो फिर नहीं लौटता।

पेरिक्लेस ने कहा था– "Time is the wisest counselor of all." वास्तव में समय सबसे बड़ा शिक्षक है, क्योंकि यह किसी को बख्शता नहीं। जो इसे समझ लेता है, वह जीवन के हर क्षेत्र में विजयी होता है।

समय के यथार्थ संयोजन से जीवन समर्थ, सशक्त और सार्थक बनता है। व्यक्ति का व्यक्तित्व तभी निखरता है जब वह समय के साथ चलना सीखता है, न कि उसके विपरीत। यही समय का सत्य है– यह न किसी राजा के लिए रुकता है, न भिखारी के लिए। यह केवल उनके साथ चलता है जो उसके साथ चलने की कला जानते हैं।

अतः यह आवश्यक है कि हम हर क्षण को सार्थक बनाएं, क्योंकि यही क्षण आने वाले कल की दिशा तय करते हैं। समय को साध लीजिए, वही जीवन को समर्थ बना देगा यही मानव जीवन की सर्वोच्च साधना है।

**संजीव ठाकुर , स्तंभकार,**
**वरिष्ठ पत्रकार,चिंतक, लेखक, रायपुर, छत्तीसगढ़**
**9009415415**

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

# गौतमबुद्धनगर में 8 से 25 नवम्बर तक पात्र कार्डधारकों को निःशुल्क खाद्यान्न का वितरण

समाज जागरण / गौतमबुद्धनगर, 07 नवम्बर 2025। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के तहत जनपद गौतमबुद्धनगर में अन्त्योदय एवं पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को माह नवम्बर 2025 के लिए आवंटित खाद्यान्न का निःशुल्क वितरण 8 नवम्बर से 25 नवम्बर 2025 तक किया जाएगा। यह जानकारी प्रभारी जिला पूर्ति अधिकारी स्मृति गौतम ने दी।

उन्होंने बताया कि वितरण कार्य उचित दर दुकानों से ई-पॉस मशीन के माध्यम से आधार प्रमाणीकरण उपरान्त किया जाएगा। वितरण प्रतिदिन प्रातः 8:00 बजे से 12:00 बजे तक तथा दोपहर 2:00 बजे से सायं 6:00 बजे तक सम्पन्न होगा।

अन्त्योदय अन्न योजना के अंतर्गत प्रत्येक कार्ड पर 14 किलोग्राम गेहूं एवं 21 किलोग्राम चावल, अर्थात कुल 35 किलोग्राम खाद्यान्न निःशुल्क प्रदान किया जाएगा। वहीं, पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को प्रति यूनिट 2 किलोग्राम गेहूं और 3 किलोग्राम चावल यानी कुल 5 किलोग्राम खाद्यान्न मुफ्त दिया जाएगा।

वन नेशन वन राशन कार्ड योजना के तहत अन्य जनपदों या राज्यों के अन्त्योदय एवं पात्र गृहस्थी कार्डधारक भी जनपद गौतमबुद्धनगर में किसी भी उचित दर दुकान से खाद्यान्न प्राप्त कर सकते हैं।

प्रभारी जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि निःशुल्क वितरण की अंतिम तिथि 25 नवम्बर 2025 निर्धारित है। इस तिथि तक आधार प्रमाणीकरण न कर पाने वाले उपभोक्ताओं को मोबाइल ओटीपी वेरीफिकेशन के माध्यम से खाद्यान्न उपलब्ध कराया जाएगा।

उन्होंने स्पष्ट किया कि ई-पॉस मशीन से जारी रसीद पर गेहूं और चावल का मूल्य शून्य अंकित होना अनिवार्य है तथा विक्रेता को रसीद कार्डधारक को देना होगा। अधिकारी ने यह भी कहा कि यह सुनिश्चित किया जाएगा कि कोई भी पात्र लाभार्थी खाद्यान्न प्राप्त करने से वंचित न रहे। यदि किसी लाभार्थी को वितरण में किसी प्रकार की समस्या आती है तो वह उपजिलाधिकारी, क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी/पूर्ति निरीक्षक, जिला पूर्ति अधिकारी या टोल फ्री नंबर 1967 एवं 1800-1800-150 पर शिकायत दर्ज करा सकता है।

# गरीब परिवारों की बेटियों के विवाह हेतु शासन की "शादी अनुदान योजना" संचालित — पात्र अभ्यर्थी करें ऑनलाइन आवेदन

**समाज जागरण**

गौतमबुद्धनगर, 07 नवम्बर 2025। उत्तर प्रदेश शासन द्वारा गरीब परिवारों की बेटियों के विवाह में आर्थिक सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से "शादी अनुदान योजना" संचालित की जा रही है। इस योजना के तहत अन्य पिछड़ा वर्ग (अल्पसंख्यक पिछड़ा वर्ग को छोड़कर) के पात्र अभ्यर्थियों को उनकी पुत्री के विवाह पर 20,000 की सहयोग धनराशि प्रदान की जाती है।

जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी लवेश कुमार सिसौदिया ने जानकारी देते हुए बताया कि पात्र अभ्यर्थी विवाह की तिथि से 90 दिन पूर्व से लेकर 90 दिन बाद तक पोर्टल http://shadianudan. upsdc.gov.in पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

**योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए —**

अभ्यर्थी अन्य पिछड़ा वर्ग का होना आवश्यक है (अल्पसंख्यक वर्ग को छोड़कर)।

विवाह के समय पुत्री की आयु 18 वर्ष या अधिक तथा वर की आयु 21 वर्ष या अधिक होनी चाहिए।

ग्रामीण एवं शहरी दोनों क्षेत्रों में आवेदक की वार्षिक पारिवारिक आय 1,00,000 से अधिक नहीं होनी चाहिए।

वृद्धावस्था, विकलांगता और विधवा पेंशन पाने वाले लाभार्थियों को आय प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने की आवश्यकता नहीं है; वे केवल अपना पेंशन रजिस्ट्रेशन नंबर दर्ज करेंगे।

आवेदक का बैंक खाता राष्ट्रीयकृत बैंक में होना चाहिए। जिला सहकारी बैंक के खाते पीएफएमएस पोर्टल पर स्वीकृत नहीं होंगे।

आवेदन के साथ पहचान पत्र, बैंक पासबुक, शादी का कार्ड, पुत्री की आयु प्रमाण पत्र, आधार कार्ड और आवेदक का फोटो संलग्न करना अनिवार्य है। अधिक जानकारी के लिए इच्छुक व्यक्ति किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, कमरा संख्या 111, विकास भवन, सूरजपुर, ग्रेटर नोएडा में संपर्क कर सकते हैं।

# गौतमबुद्ध नगर के स्कूलों में "वंदे मातरम" के 150 वर्ष पूर्ण होने पर सामूहिक गायन और स्वदेशी संकल्प कार्यक्रम आयोजित

**समाज जागरण**



गौतमबुद्ध नगर, 07 नवंबर 2025: राष्ट्रवाद के प्रतीक बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय द्वारा वर्ष 1875 में रचित राष्ट्रगीत "वंदे मातरम" के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जनपद गौतमबुद्ध नगर के विभिन्न स्कूलों में राष्ट्रीय गीत का सामूहिक गायन और स्वदेशी संकल्प कार्यक्रम आयोजित किया गया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में लखनऊ में आयोजित मुख्य कार्यक्रम के साथ ही, जिले में जिलाधिकारी के दिशा-निर्देशन में जिला विद्यालय निरीक्षक राजेश कुमार सिंह के नेतृत्व में विद्यालयों में कार्यक्रम सम्पन्न हुए।

इस अवसर पर दयानंद इंटर कॉलेज बम्बावड़, भारतीय आदर्श इंटर कॉलेज तिलपता, आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रौनीजा, छेदी सिंह इंटर कॉलेज आकलपुर म्याना, सुनहरी लाल बालमुकुंद इंटर कॉलेज धनौरी कला, किसान इंटर कॉलेज पारसौल, चौधरी केसराम इंटर कॉलेज हबीबपुर, जनता इंटर कॉलेज रोजा याकूबपुर, वैदिक कन्या इंटर कॉलेज दादरी, पब्लिक इंटर कॉलेज जहांगीरपुर सहित जिले के अन्य विद्यालयों में छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने राष्ट्रगीत "वंदे मातरम" का सामूहिक गायन किया। कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रगीत के ऐतिहासिक महत्व, इसकी रचना के पीछे की भावना और स्वतंत्रता संग्राम में इसकी प्रेरक भूमिका के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। उपस्थित शिक्षकों और छात्रों ने राष्ट्रप्रेम और स्वदेशी अपनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए जिला विद्यालय निरीक्षक ने सभी विद्यालय प्रबंधकों, प्रधानाचार्यों और शिक्षकों को धन्यवाद ज्ञापित किया। सौजन्यः सूचना विभाग, गौतमबुद्ध नगर

# विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्य को लेकर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में फोनरवा, RWA, AOA व सहकारी आवास समिति के पदाधिकारियों के साथ बैठक संपन्न

**समाज जागरण**



गौतमबुद्ध नगर, 07 नवंबर 2025: मतदाता सूची के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्य को सुचारु, पारदर्शी एवं प्रभावी ढंग से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से आज जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मेधा रूपम की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में जनपद के शहरी क्षेत्रों में स्थित फोनरवा, आर०डब्ल्यू०ए०, ए०ओ०ए० और सहकारी आवास समितियों के पदाधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई।

बैठक का मुख्य उद्देश्य हाईराईज सोसाइटीज और सेक्टरों में बी०एल०ओ० के माध्यम से गणना प्रपत्रों का निर्बाध वितरण सुनिश्चित करना तथा मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य को सरलता से पूर्ण कराना था।

जिलाधिकारी ने सभी पदाधिकारियों से अपील की कि वे विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्य में पूर्ण सहयोग प्रदान करें और अपनी सोसाइटीज के सिक्योरिटी कर्मियों एवं नागरिकों को कार्यक्रम की जानकारी दें, ताकि प्रत्येक पात्र मतदाता का नाम सूची में सम्मिलित हो सके। उन्होंने कहा कि घर-घर भ्रमण और शिविर आयोजित कर शहर में व्यस्त मतदाताओं को नामांकन, संशोधन और सत्यापन में सुविधा दी जाएगी। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि मतदाता सूची की शुद्धता लोकतंत्र की नींव है और नागरिकों का सहयोग इस दिशा में अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने RWA, AOA और अन्य संगठनों से अपील की कि वे जनजागरूकता अभियान में सक्रिय भूमिका निभाएं।

इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी अतुल कुमार ने विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बी०एल०ओ० घर-घर जाकर योग्य नागरिकों के नाम जोड़ेंगे, अपात्र नाम हटाएंगे और आवश्यक सुधार करेंगे। साथ ही, 1200 से अधिक मतदाताओं वाले मतदेय स्थलों के संभाजन और सुझाव 10 नवम्बर तक निर्वाचन कार्यालय में भेजने के निर्देश दिए गए।

बैठक में उप जिलाधिकारी सदर आशुतोष गुप्ता, निर्वाचन विभाग के अधिकारीगण और संबंधित संस्थाओं के पदाधिकारीगण भी उपस्थित रहे। सौजन्यः सूचना विभाग, गौतमबुद्ध नगर

# राज्य मंत्री की अध्यक्षता में वायु प्रदूषण नियंत्रण की तैयारी संबंधी समीक्षा बैठक संपन्न

**समाज जागरण**

गौतमबुद्ध नगर, 07 नवम्बर 2025: उत्तर प्रदेश के राष्ट्रीय



राजधानी क्षेत्र एवं निकटवर्ती क्षेत्रों में आगामी शीतकालीन ऋतु के दौरान वायु प्रदूषण की रोकथाम और नियंत्रण के लिए आज ग्रेटर नोएडा विकास प्राधिकरण के ऑडिटोरियम में राज्य मंत्री, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, डॉ. अरुण कुमार सक्सेना की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक हुई।

बैठक में जनपद गौतम बुद्ध नगर, गाजियाबाद, हापुड़ और बुलंदशहर के वरिष्ठ अधिकारी, विधायक जेवर धीरेंद्र सिंह, प्रमुख सचिव पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन अनिल कुमार, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अध्यक्ष और सदस्य सचिव, जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी उपस्थित रहे। ग्रेटर नोएडा, नोएडा और यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के वरिष्ठ अधिकारी भी बैठक में शामिल हुए।

बैठक में वायु गुणवत्ता प्रबंधन के लिए अब तक किए गए कार्यों की समीक्षा की गई। मंत्री ने संबंधित विभागों को प्रदूषण नियंत्रण के लिए ठोस कदम उठाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नगरीय निकाय, विकास प्राधिकरण, परिवहन विभाग, औद्योगिक इकाइयाँ और पुलिस प्रशासन समन्वय के साथ कार्य करें ताकि वायु प्रदूषण में सुधार लाया जा सके।

बैठक में एनसीआर क्षेत्र में ग्रेडेड रेस्पांस एक्शन प्लान (GRAP) का पालन, कृषि अपशिष्ट (पराली) प्रबंधन, नगरीय ठोस अपशिष्ट के खुले में जलाने की रोकथाम, यातायात प्रबंधन और औद्योगिक इकाइयों में प्रदूषण नियंत्रण सहित अन्य उपायों पर चर्चा हुई। मंत्री ने अधिकारियों को नागरिकों में जागरूकता बढ़ाने और प्रदूषण नियंत्रण कार्यक्रम संचालित करने के निर्देश दिए।

निर्माण स्थलों पर धूल नियंत्रण, सड़कों पर जल छिड़काव और यांत्रिक सफाई, पराली जलाने की रोकथाम और वाहनों के प्रदूषण की नियमित जांच सुनिश्चित करने के साथ नागरिकों से प्रशासन का सहयोग करने की अपील की गई।

बैठक में नोएडा प्राधिकरण, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण, यमुना प्राधिकरण, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, परिवहन, पुलिस, नगर निगम, गाजियाबाद नगर निकाय, कृषि विभाग और अन्य संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। सौजन्यः सूचना विभाग, गौतम बुद्ध नगर

# मिशन शक्ति 5.0 के तहत महिला एवं बाल कल्याण विकास विभाग ने प्रेरक कहानी साझा की

**समाज जागरण**

नोएडा, 07 नवम्बर 2025: मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत अनंता कार्यक्रम के तहत महिला एवं बाल कल्याण विकास विभाग ने घरेलू हिंसा से संघर्ष कर आगे बढ़ी महिला की कहानी साझा की।

कहानी 24 वर्षीय शताक्षी (काल्पनिक नाम) की है, जो पढ़ी-लिखी और एक प्रतिष्ठित परिवार से है। माता-पिता ने उसकी शादी विकास (काल्पनिक नाम) से बड़े शान-शौक से की। शुरू में सब कुछ ठीक था, लेकिन विकास और उसके परिवार के कुछ सदस्यों ने शताक्षी के साथ घरेलू हिंसात्मक व्यवहार करना शुरू कर दिया। उन्होंने उसकी पढ़ाई और पेशेवर विकास में भी सहयोग नहीं दिया।

सताक्षी टीचर बनना चाहती थी और अपने अधिकारों के लिए संघर्ष करना चाहती थी। उसने 181 महिला हेल्पलाइन की मदद ली और अपनी शिकायत दर्ज कराई। वन स्टॉप सेंटर ने उसकी समस्या समझी और परामर्श व काउंसलिंग के माध्यम से पति और ससुराल वालों को समझाया।

आज सताक्षी अपने परिवार के साथ सकुशल रह रही हैं और प्रशिक्षिका बनने की तैयारी कर रही हैं। उसके पति और ससुराल वाले अब उसका पूरा सहयोग कर रहे हैं। सताक्षी बार-बार वन स्टॉप सेंटर की मदद के लिए धन्यवाद करती हैं।

यह जानकारी वन स्टॉप सेंटर सेक्टर 62 नोएडा की प्रबंधक रिंकी रानी ने दी।

# "नेता और उनके चमचे"

**समाज जागरण**



लोनी 7 नवंबरः भले ही आप मेरी इस बात से सहमत हो या ना हो, लेकिन मैं जितना समझता हूं उसके अनुसार सृष्टि की जड़ से ही चमचागिरी करने का दौर चला आ रहा है, जो हमारे देश में आज भी निरंतर जारी है जिसका जीता जागता नमूना अपने आसपास भी आसानी से देखने को मिल जाएगा। माना कि इस राह पर चलना हर किसी के बसकी बात नहीं है। फीस भी इस बात को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता कि चमचागिरी की राह पकड़ने से कुछ लोग बहुत कुछ गवा देते हैं तो कुछ पा भी लेते हैं।

दरअसल चमचागिरी के चरित्र की पठ कथा को ध्यान से पढ़ें और देखे तो लगता है जैसे चमंचे और भक्त, दोनों ही भारतीय राजनीति के रंग हैं। इनके बिना शायद हमारा लोकतंत्र इतना जीवंत न होता। फिर भी अगर कभी चमचागिरी या भक्ति के रास्ते पर निकलना पड़े, तो एक बार रुककर सोच लें..क्या हम अपने नेता के लिए बोल रहे हैं, या अपने विवेक के लिए।

इस बात से शायद आप सभी सहमत होंगे कि "नेता और उनके चमचे" शब्द का प्रयोग अक्सर राजनेताओं के ऐसे समर्थकों के लिए किया जाता है जो उनकी चाटुकारिता करते हैं और निजी स्वार्थों के लिए उनके पीछे रहते हैं। ऐसे समर्थकों की पहचान भी नेताओं के साथ हमेशा रहना, उनके साथ अपनी तस्वीरें खिंचवाकर उनका उपयोग करना और चुनाव जीतने या उनकी हार में मदद करने जैसे कार्यों से होती है।

यह एक ऐसा नकारात्मक शब्द है जिसका उपयोग ऐसे लोगों का वर्णन करने के लिए किया जाता है जो अपने और अपने पूर्वजों के सम्मान को खूंटी पर टांग कर निजी स्वार्थ की खातिर सच को दबाने की कोशिश करते हैं, सीधे-साधे लोगों को भटकाने का काम करते हैं। और इस तरह अपने समाज, अपने देश की प्रगति के राह का रोड़ा बनते हैं।

# श्याम लता मेमोरियल पब्लिक स्कूल में संपन्न हुआ राष्ट्रीय कैंसर जागरूकता दिवस

**समाज जागरण**

लोनी, 7 नवंबरः शुक्रवार को लोनी में स्थित श्याम लता मेमोरियल पब्लिक स्कूल में राष्ट्रीय कैंसर जागरूकता दिवस का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में जागरूकता बढ़ाने हेतु कई गतिविधियों का आयोजन किया गया। छात्रों ने कैंसर जागरूकता वीडियो निर्माण प्रतियोगिता में भाग लेकर रचनात्मक तरीके से कैंसर के कारण और उसके बचाव के उपायो को बड़े सुंदर तरीके से प्रस्तुत किया।




कार्यक्रम के दौरान एक क्विज के माध्यम से छात्रों ने कैंसर से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी और स्वास्थ्य आदतों को दोहराया। छात्रों द्वारा तैयार किया गया प्रतिज्ञा-पट्ट उक्त कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहा. जिसमें उन्होंने कैंसर बचाव के लिए स्वस्थ आदतों जैसे- संतुलित आहार, नियमित व्यायाम, तंबाकू से दूरी और हानिकारक किरणों से बचाव आदि का उल्लेख किया।

कार्यक्रम स्कूल इंचार्ज श्रीमती रिमझिम शर्मा के निर्देशन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। उन्होंने राष्ट्रीय कैंसर जागरूकता दिवस के संदर्भ में अन्य महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए, जागरूकता और स्वस्थ जीवन शैली के महत्व पर जोर दिया। अंत में सभी को स्वस्थ भविष्य की दिशा में जागरूक रहने के संदेश के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। जहां स्कूल स्टाफ एवं अभिभावकों के सहित सैकड़ो की संख्या में उपस्थिति रही।

# हुक्का बार पर छापामारी कर पुलिस ने किया एक युवक को गिरफ्तार

## (लोनी बॉर्डर थाना क्षेत्र में पुलिस की नाक के तले संचालित था हुक्का बार, नागरिकों ने खड़े किए सवाल)

**समाज जागरण**




लोनी, 7 नवंबरः लोनी बॉर्डर क्षेत्र में पुलिस की नाक के तले लंबे समय से चल रहे हुक्का बार का खुलासा होने के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। पुलिस ने गुरुवार रात छापेमारी कर मौके से एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस को मौके से सात हुक्का, सात हुक्का पाइप, सात चिलम, एक चिमटा और दो डिब्बी फ्लेवर तंबाकू बरामद होने की जानकारी मिली हैं।

मिली जानकारी के मुताबिक पकड़ा गया हुक्का बार काफी समय से संचालित था। आरोप है कि स्थानीय स्तर पर इसकी जानकारी होने के बावजूद पुलिस द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गई थी। मामले की शिकायत सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स (पूर्व में ट्विटर) और अन्य माध्यमों पर वायरल पोस्ट के जरिए सामने आई। पोस्ट में पुलिस की निष्क्रियता पर सवाल उठाये गये थे। मामला चर्चा में आने के बाद वरिष्ठ अधिकारियों के आदेशनुसार यह छापेमारी कार्यवाही की गई हैं।

मामले में आगाज सेवा ट्रस्ट की अध्यक्ष हेमा सिंह का कहना है कि क्षेत्र में इस तरह के हुक्का बार युवाओं को गलत राह पर धकेल रहे हैं। वहीं, वहीं स्थानीय नागरिकों ने सवाल खड़े किए हैं कि है आखिर थाने के निकट इतने समय से संचालित इस हुक्का बार के मामले में पुलिस को भनक क्यों नहीं थी.! जो वास्तव में पुलिस कार्यप्रणाली को कटघरे में खड़ा करता है ।

अंत में नतीजा क्या निकलता है यह तो वक्त गर्भ में है फिलहाल पुलिस ने मामले में हुक्का बार संचालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्यवाही शुरू कर देने की जानकारी दी है।

# सभासद ने लगाया मानकों के विरुद्ध निर्माण कार्य कराने का आरोप, ठेकेदार के विरुद्ध करी शिकायत

**समाज जागरण**



लोनी, 7 नवंबरः नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड 33 में नाली-खड़ंजा निर्माण कार्य में ठेकेदार द्वारा मानकों के विरुद्ध निमितताएं बरते जाने का आरोप लगाया है। सभासद ने इस मामले में नगर पालिका अधिशासी अधिकारी केके मिश्रा को लिखित शिकायती पत्र देकर आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की है।

सभासद राम निवास त्रिपाठी ने नगर पालिका अधिशासी अधिकारी को दिए गए शिकायती पत्र में उल्लेख किया है कि उनके वार्ड 33 में पी एन बिहार एवं बी ब्लॉक, शिव मंदिर डीएलएफ, अलग-अलग दो स्थानों पर मार्ग निर्माण एवं नाली बनाए जाने के लिए टेंडर हुए थे। जिनका क्रमशः 33 लाख व 89 लाख में ठेकेदार बबल अग्रवाल के साथ अनुबंध है। दोनों स्थानो का निर्माण कार्य तो जारी है. मगर उसमें ठेकेदार द्वारा मानकों की अनदेखी कर अनियमिताएं बरती जा रही है।

सभासद ने अधिशासी अधिकारी से संबंधित ठेकेदार का अविलंब भुगतान रोकते हुए संदर्भ में आवश्यक कार्रवाई के लिये मांग की है।

# वाहन चलाते समय मादक पदार्थों का सेवन न करें

**समाज जागरण**



जनपद श्रावस्ती पुलिस अधीक्षक श्री राहुल भाटी के निर्देश में अपर पुलिस अधीक्षक श्री मुकेश कुमार उत्तम व क्षेत्राधिकारी यातायात श्री भरत पासवान के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी यातायात द्वारा जनपद के थाना इकौना क्षेत्रांतर्गत सीताद्वार मंदिर पर संचालित मेले मे यातायात कैम्प लगाकर आम-जनमानस को एकत्र कर उन्हें 30 दिन तक चलने वाले यातायात माह के बारे मे अवगत कराया गया तथा दो पहिया वाहन चलाते समय सदैव हेलमेट पहनने,व चार पहिया वाहन चलाते समय सदैव सीट बेल्ट लगाने व मादक पदार्थों का सेवन कर वाहन न चलाने, बिना बीमा वाहन न चलाने, व बिना नम्बर प्लेट वाहन न चलाने आदि यातायात नियमों के प्रति विस्तृत रूप से जागरूक करते हुए उन्हे सड़क पर घायल व्यक्ति की सदैव मदद करने के साथ गुड सेमेरिटन बनने व सरकार द्वारा प्रोत्साहन धनराशि के बारे मे विस्तृत जानकारी देते हुए यातायात नियमों सम्बन्धित पम्पलेट्स का वितरण कर उन्हे सदैव यातायात नियमों का पालन करने की शपथ दिलाई गई

# किसानों को जागरूक होने की आवश्यकता है डीडीएम नाबार्ड श्री बृजराज साहनी

## नाबार्ड द्वारा सहकारी साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया

**समाज जागरण**

जनपद बलरामपुर विकास खण्ड हरैया सतघरवा बीपैक्स गुगौली जनपद बलरामपुर में नाबार्ड द्वारा सहकारी साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में सहकारी संस्थाओं की भूमिका, पारदर्शिता, सदस्यता विस्तार, वित्तीय अनुशासन और सुशासन सुधारों के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। ये शिविर ग्रामीणों को सहकारी संस्थाओं के बारे में जानकारी प्रदान करने और उन्हें इन संस्थाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित करने के लिए आयोजित किए जा रहे है

इन शिविरों में ग्रामीणों को बैंकिंग सेवाओं, ऋण पात्रता, केवाईसी अनुपालन और वित्तीय साक्षरता से संबंधित उपयोगी जानकारी प्रदान की जा रही है। इसके अलावा, सहकारी संस्थाओं के सचिवों और सदस्यों के साथ विचार-विमर्श किया जा रहा है ताकि उन्हें आत्मनिर्भर और पारदर्शी बनाने के उपायों पर चर्चा की जा सके

**डीडीएम नाबार्ड बलरामपुर श्री बृजराज साहनी ने कहा कि किसानों को जागरूक होने की आवश्यकता है**

कार्यक्रम में ग्रामीण बौद्ध कल्याण सेवा संस्थान के संस्था प्रमुख श्री ओंकार नाथ चौधरी ने किसानों को जागरूक करते हुए ग्रामीणों को बैंकिंग सेवाओं,ऋण पात्रता, केवाईसी अनुपालन और वित्तीय साक्षरता संबंधित जानकारी दी, पंचशील समाज कल्याण के प्रबन्धक श्री ओमप्रकाश,बीपैक्स गुगौली के सचिव श्री काशी प्रसाद तिवारी आदि ने किसानों को जागरूक किया कार्यक्रम में शिवशंकर पूरनपुर, मुक्ति नाथ गुगौली खुर्द, विश्वनाथ मंगलपुरवा, तैय्यब, बजरंगी द्विवेदी, जगदीश प्रसाद,कल्पनाथ वर्मा, रामसागर सदस्यों के साथ-साथ 42 प्रतिभागी उपस्थित रहे

# सम्राट मिहिर भोज समाज पार्टी ने जनसंवाद एवं सम्मान समारोह के लिए नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों को आमंत्रित किया

**समाज जागरण**



गौतमबुद्ध नगर, 07 नवम्बर 2025: सम्राट मिहिर भोज समाज पार्टी द्वारा आयोजित जनसंवाद एवं सम्मान समारोह में अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित करने के लिए आज पार्टी के नेता नोएडा प्राधिकरण सेक्टर 6 कार्यालय पर पहुंचे।

पार्टी के नेताओं ने अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी कृष्णा करुणेश से मुलाकात कर कार्यक्रम के विषय में विस्तार से जानकारी दी और क्षेत्र के किसानों व ग्रामीणों की वर्तमान स्थिति पर चर्चा की। बैठक के दौरान उन्हें समारोह में उपस्थित होने का आमंत्रण पत्र भी दिया। अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने कार्यक्रम में उपस्थित रहने का आश्वासन दिया।

कार्यक्रम के आयोजन एवं आमंत्रण पत्र प्रदान करने में पार्टी के प्रमुख नेताओं की उपस्थिति रही, जिनमें शामिल हैं:

संस्थापक राष्ट्रीय अध्यक्षः चौधरी हरेंद्र गुर्जर गुरुजी, राष्ट्रीय सचिवः मास्टर जगपाल सिंह भाटी, प्रदेश सचिवः चौधरी जुगेंद्र भाटी, अध्यक्ष पश्चिमी उत्तर प्रदेशः चौधरी धीरज गुर्जर, अध्यक्ष मेरठ संभागः चौधरी देवेंद्र भाटी, सूबेदार उपाध्यक्ष मेरठ संभागः चौधरी चंद्रपाल भाटी

कार्यक्रम संयोजक एवं जिला अध्यक्ष गौतम बुद्ध नगरः चौधरी देवी राम भाटी, पार्टी के जिला उपाध्यक्षों में जगदीश भाटी (बंजरपुर), मनोज गुर्जर (मोमनाथल), संजय भाटी (सिरसा), अमित शर्मा (लडपुरा) तथा महासचिवों में चौधरी धर्मेंद्र नागर गुर्जर, चौधरी बलराज भाटी शामिल रहे। पार्टी नेतृत्व ने इस अवसर पर अधिकारियों से सहयोग की अपील की और समारोह को सफल बनाने के लिए उनकी भागी-दारी सुनिश्चित करने का अनुरोध किया।

दैनिक समाज जागरण नेशनल अखबार मे विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें।

# चुनावी रंजिश में फंसाने की साजिश का आरोप, प्रधान के खिलाफ तहरीर

**समाज जागरण**

संभल (असमोली)। असमोली थाना क्षेत्र के गांव मछायली में एक ग्रामीण ने मौजूदा ग्राम प्रधान पर चुनावी रंजिश के चलते साजिशन फंसाने का आरोप लगाया है। पीड़ित शकील ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बीते गुरुवार की देर रात वह अपने घर के बाहर खड़े थे। घर के पास उनकी कार भी खड़ी थी।



इसी दौरान ग्राम प्रधान मौ. कामिल कपड़ा ओढ़कर और हाथ में एक थैला लिए कार के पास आकर खड़े हो गए। शकील के अनुसार, जैसे ही उन्हें आहट हुई, प्रधान मौके से भाग गए। पीड़ित का आरोप है कि पिछले पंचायत चुनाव से प्रधान उनसे रंजिश रखता है और उसी के चलते उनकी कार में कुछ रखकर उन्हें झूठे मामले में फंसाने की कोशिश की जा रही है।

शकील ने तहरीर में अपनी जान-माल का खतरा जताते हुए पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

# असमोली में अवैध खनन पर बड़ी कार्रवाई, ईंट भट्ठे से जेसीबी सीज

**समाज जागरण**

संभल (असमोली)। ग्राम मलकपुर नवादा में अवैध खनन की सूचना पर खनन विभाग की टीम ने शुक्रवार को भारी कार्रवाई की। खनन अधिकारी शिवम कुमार के नेतृत्व में ईंट भट्ठे पर छापेमारी की गई, जहां एक जेसीबी मशीन अवैध खनन करती मिली। टीम ने मौके से मशीन को कब्जे में लेकर असमोली थाने में सीज कर दिया है।



जेसीबी मशीन पर कार्रवाई करते शिवम कुमार खनन अधिकारी संभल

खनन अधिकारी शिवम कुमार ने बताया कि क्षेत्र में अवैध खनन के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जहां भी अवैध खनन की शिकायत मिलेगी, विभाग तुरंत कार्रवाई करेगा।

छापेमारी की कार्रवाई से क्षेत्र के खनन माफियाओं में हड़कंप मचा हुआ है।

# एस.एम. इंटर कॉलेज चंदौसी में स्काउट का 75वां स्मृति दिवस धूमधाम से मनाया गया

**समाज जागरण**

आज दिनांक 7/11/2025 को एस. एम. इंटर कॉलेज चंदौसी के प्रांगण में स्काउट का 75 वा स्मृति दिवस मनाया गया जिसमें मुख्य अतिथि श्रेणाधिकारी चंदौसी एवं प्रधानाचार्य राजेश गुप्ता गाइड कमिश्नर श्री मति संगीता भार्गव तथा तहसीलदार चंदौसी द्वारा स्काउट गाइड के जनक लॉर्ड बेडन पॉवेल के चित्र पर माल्यार्पण तथा पुष्प अर्पित किए गए इसके बाद स्काउट गाइड प्रार्थना एवं झण्डा गीत का गायन किया गया साथ ही बंदे मातरम् राष्ट्रीय गीत का गायन किया गया इस कार्यक्रम में चंदौसी तहसील के विभिन्न विद्यालय एस.एम. इंटर कन्या न्यू सत्यम एकेडमी एफ.आर. इंटर कॉलेज रामप्यारी आर्य कन्या इंटर कॉलेज अक्रुरजी बी एम जी कन्या इंटर कॉलेज संतान धर्म बालिका



विद्यालय ए बी सी मांटेसरी स्कूल नानक चंद आदर्श कन्या इंटर कॉलेज तथा इंदिरा गांधी गाइड कम्पनी की रेंजर , एस एम नरौली विद्युत कुमार एवं न्यू सत्यम एकेडमी के घोष सरस्वती शिशु मंदिर हनुमान गढ़ी के घोष ने भाग लिया उक्त सभी विद्यालयों की स्काउट स्मृति दिवस यातायात जागृति तथा रन फॉर यूनिट की थीम पर रैली के रूप में विशिष्ट अतिथि तहसीलदार चंदौसी एवं श्री मति संगीता भार्गव द्वारा झण्डा दिखाकर रैली को प्रारंभ किया गया जो मालवीय चौक से होते हुए घंटा घर ब्रह्म बाजार गणेश मंदिर से होते हुए नानक चंद आदर्श इंटर कॉलेज पर समापन हुआ वहां पर राष्ट्रीय गान के उपरांत कार्यक्रम का समापन किया गया इस अवसर पर विशेष सहयोगी श्री मति मीनू भारती डी. ओ.सी. गाइड प्रिंस शर्मा डी.ओ.सी. स्काउट संजीव कुमार प्रधानाचार्य सुषमा उपाध्याय वाहिद हुसैन पूजा सक्सेना नीतू, नेहा,अमित कुमार, चंचल, शशिबाला आदि रहे कार्यक्रम का संचालन ए. के सिंह ने किया तथा अध्यक्षता श्री मति संगीता भार्गव ने की

# संभल के चारों नाम होने चाहिए जीवंत – अजय शर्मा

**संभल के दो मोहल्लों के नाम बदलने को लेकर उप जिलाधिकारी संभल को हिंदू जागृति मंच ने सौंपा ज्ञापन**

**समाज जागरण**

संभल। हिंदू जागृति मंच ने शहजादी सराय मोहल्ले का नाम महदगिरि करने तथा आलम सराय का नाम पिंगल सराय करने को लेकर उप जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा।

जिलाधिकारी संभल को संबोधित ज्ञापन में कहा गया है कि संभल को विभिन्न युगों में विभिन्न नाम से जाना जाता रहा है। उन चारों नाम को जीवंत रखने का वर्तमान पीढ़ी, प्रशासन व शासन का कर्तव्य है। हिंदू जागृति मंच के प्रदेश अध्यक्ष अजय



कुमार शर्मा ने कहा कि संभल विभिन्न युगों में विभिन्न नाम सत्यव्रत, महदगिरि, पिंगल और संभल रहे हैं। सत्यव्रत नाम से पुलिस चौकी संचालित है। अन्य दो नाम से नगर के दो मोहल्लों का नामकरण किया जाना अपेक्षित है, जिससे संभल के युग युगीन चारों नाम जीवंत रहे। ऐसी मांग के साथ हिंदू जागृति मंच के सदस्यों ने उप जिलाधिकारी संभल को उनके तहसील कार्यालय में जाकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन सौंपने वालों में नवीन कुमार शर्मा, शशि गंभीर, बिशनलाल, नगर पालिका परिषद के सभासद महावीर सिंह, बबीता भारद्वाज, शिवांशु भारद्वाज, मीनू रस्तोगी, अवधेश गर्ग, दुर्वेश सैनी, भाजपा नेत्री शिल्पी गुप्ता, अभिषेक आदि रहे। ज्ञापन लेकर उप जिलाधिकारी संभल ने दो मोहल्लो के नाम बदलने की प्रक्रिया प्रारंभ करने का आश्वासन दिया।

# खेत के मचान से लटका मिला युवक का शव, आत्महत्या की आशंका।

**घटना स्थल पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा घर में छाया मातम**

**समाज जागरण**

गुन्नौर कोतवाली क्षेत्र में शुक्रवार दोपहर उस वक्त हड़कंप मच गया,जब एक युवक का शव खेत में बने मचान से फंदे पर लटका मिला।ग्रामीणों ने घटना की सूचना पुलिस को दी,जिस पर कोतवाली पुलिस व फोरेंसिक टीम ने पहुंच कर साक्ष्य जुटाए गए। और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

थाना प्रभारी अखिलेश प्रधान ने बताया कि शुक्रवार दोपहर करीब बारह बजे सूचना मिली कि कस्बा गुन्नौर की सीमा में स्थित लेखपाल विचित्रपाल के खेत में एक युवक का शव फंदे से लटका हुआ है। पुलिस टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी।

मृतक की पहचान टिंकू पुत्र बबलू उम्र 22 निवासी मोहल्ला जुलेपुरा, कस्बा



गुन्नौर के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार युवक शराब पीने का आदी था। जिसके चलते अक्सर उसके घर में विवाद हुआ करता था।प्राथमिक जांच में यह अनुमान लगाया जा रहा है। कि पारिवारिक कलह और तनाव के चलते युवक ने खेत में जाकर आत्महत्या कर ली होगी। फिलहाल पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की गहन जांच शुरू कर दी है।घटना की खबर जैसे ही कस्बे में फैली,क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई।मृतक के घर पर परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस सभी पहलुओं से मामले की जांच में जुटी है।

# राष्ट्रीय चेतना जागृत करने वाली वंदना है वंदे मातरम – उमेश श्रीमाली

**समाज जागरण**

संभल।वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने पर भारतीय इतिहास संकलन समिति के सदस्यों ने वंदे मातरम का सामूहिक गायन किया। वंदे मातरम को राष्ट्र की चेतना जागृत करने बाली भारत माता की वंदना बताया। आलम सराय के गुरु गोरखनाथ मंदिर में भारतीय इतिहास संकलन समिति के सदस्य एकत्र हुए। सामूहिक रूप से वंदे मातरम का सस्वर गायन किया गया। भारत माता की जयकार के साथ आयोजित हुए कार्यक्रम में अपने विचार रखते हुए भारतीय इतिहास संकलन समिति के लेखक प्रमुख उमेश श्रीमाली ने कहा कि राष्ट्र की चेतना को जागृत करने वाली एक भावपूर्ण वंदना का नाम है वंदे मातरम। उन्होंने वंदे मातरम को प्रेरणास्पद रचना बताते हुए भारत के स्वतंत्रता आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका की सराहना की। समिति के



जिला महामंत्री सुबोध कुमार गुप्ता ने कहा कि 7 नवंबर 1875 को बंगाल के महानतम कवि बंकिम चंद्र चटर्जी द्वारा रचित वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण हुए हैं। भारत माता के सपूतों बलिदानियों को स्फूर्ति चेतना जागृति प्रदान करने वाला राष्ट्रीय गीत बताया। वंदे मातरम के सामूहिक गायन में सम्मिलित हुए भारतीय इतिहास संकलन समिति के सदस्यों से विचार विमर्श उपरांत समिति के कोषाध्यक्ष पंकज सांख्यधर ने कहा कि 7 नवंबर से 14 नवंबर तक जनपद संभल के भिन्न-भिन्न स्कूलों में पहुंचकर सामूहिक रूप से वंदे मातरम का गायन कराया जाएगा। इसका अर्थ महत्व और स्वतंत्रता आंदोलन में भूमिका को रेखांकित करते हुए आज की युवा पीढ़ी को देशभक्ति का पाठ पढ़ाया जाएगा।

भारतीय इतिहास संकलन समिति द्वारा आयोजित वंदे मातरम सामूहिक गायन कार्यक्रम में राजेंद्र सिंह गुर्जर, सुभाष चंद्र शर्मा, कृष, प्रांजल, रजनीश, विनय, देव, पार्थ, अंकित, राजेंद्र, प्रताप, अंशिका सैनी, रितिका, अनिका सैनी, प्रताप सिंह आर्य आदि अनेक सदस्य गण उपस्थित रहे।

# महान बैज्ञानिक डॉ. सी वी रमन की मनाई जयंती

**समाज जागरण**

चंदौसी। महापुरुष स्मारक समिति एवं सर्व समाज जागरूकता अभियान भारत के संयुक्त तत्वावधान में लाल बाल पाल की तिकड़ी के महान स्वतंत्रता सेनानी क्रांतिकारी विपिन चंद्र पाल की जयंती एवं एशिया में रमन प्रभाव की खोज के लिए 1930में भौतिक शास्त्र में नोबेल पुरस्कार प्राप्त करने वाले भारत के महान बैज्ञानिक डॉक्टर सी वी रमन की जयंती सेमरटोला स्थित राजेश कुमार पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मनाई गई। सर्वप्रथम मुख्य वक्ता अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कवि माधव मिश्र ने चित्रों के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।

मुख्य वक्ता अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कवि माधव मिश्र ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि क्रांतिकारी विपिन चंद्र पाल का नाम भारत के स्वाधीनता संग्राम के इतिहास में क्रांतिकारी विचारों के जनक रूप में जाना जाता है। वह न सिर्फ एक राष्ट्रवादी नेता थे बल्कि इतिहास की मशहूर तिकड़ी "लाल -बाल -पाल" में से एक थे। इस तिकड़ी में लाला



लाजपतराय, बाल गंगाधर तिलक और विपिन चंद्र पाल शामिल थे। ब्रिटिश सरकार भी इनसे खौफ खाती थी। क्रांतिकारी विपिन चंद्र पाल प्रसिद्ध राजनीतिज्ञ, पत्रकार, शिक्षक, मशहूर वक्ता भी थे। क्रांतिकारी विचारधारा के विपिन चंद्र पाल ने स्वदेशी आंदोलन को भी बढ़ावा दिया। उन्होंने ब्रिटेन में तैयार उत्पादों का बहिष्कार किया और लोगों को स्वदेशी अपनाने पर जोर दिया। उन्होंने देश की जनता में नई चेतना का संचार करते हुए जागरूक करने का कार्य किया। वह स्वतंत्रता सेनानी के साथ महान समाज सुधारक थे। वह बचपन से ही जातिगत भेदभाव और सामाजिक रूढ़वादियों के खिलाफ थे, उन्होंने विधवा से विवाह कर भारतीय परंपराओं के मिथक को तोड़ा जो उस समय बहुत बड़ी बात थी। देशभक्त क्रांतिकारी विपिन चंद्र पाल का जन्म 7नवंबर 1858को अविभाजित भारत के हबीबगंज जिले के पोइल गांव में हुआ था जो आज बांग्लादेश में स्थित है। आपके पिता रामचंद्र पाल और माता नारायणी देवी थीं। विपिन चंद्र पाल ने कलकत्ता (कोलकाता) के प्रेसीडेंसी कॉलेज से शिक्षा प्राप्त की। वह अरविंद घोष, लाला लाजपतराय, बाल गंगाधर तिलक के संपर्क में आए और देश को आजाद कराने में जुट गए। साल 1905में बंगाल के विभाजन में ब्रिटिश नीतियों के खिलाफ सक्रिय भूमिका निभाई।

राष्ट्रीय अध्यक्ष कवि माधव मिश्र ने आगे कहा कि नोबेल पुरस्कार एवं भारत रत्न डॉक्टर सी वी रमन आधुनिक भारत के एक महान बैज्ञानिक थे, जिन्होंने विज्ञान के क्षेत्र में अति महत्वपूर्ण योगदान दिया। अपनी अनूठी खोजों से भारत को विज्ञान की दुनिया में अलग पहचान दिलाई। 28फरवरी 1928को रमन प्रभाव (रमन इफेक्ट) सी वी रमन की अदभुत खोज थी, जिसके लिए उन्हें एशिया का भौतिक शास्त्र में 1930में नोबेल पुरस्कार मिला, इसलिए अट्ठाइस फरवरी को भारत "राष्ट्रीय विज्ञान दिवस" मनाता है। वहीं अगर डॉक्टर सी वी रमन ने रमन इफेक्ट की खोज नहीं की होती, तो शायद हमें यह पता ही नहीं लग पाता कि समुद्र के पानी का रंग नीला क्यों दिखाई देता है? उनकी खोज के माध्यम से ही प्रकाश (लाइट) की प्रकृति (नेचर) और व्यवहार के बारे मे भी यह पता चलता है कि जब कोई प्रकाश किसी पारदर्शी माध्यम जैसे ठोस, द्रव, गैस से होकर गुजरता है तो उसकी प्रकृति और व्यवहार में बदलाव आता है। वास्तव में उनकी खोजों ने विज्ञान के क्षेत्र में दुनिया को एक नई दिशा प्रदान की। जिससे दुनिया एवं भारत के विकास को और भी बढ़ावा मिला। महान बैज्ञानिक सी वी रमन का जन्म 7नवम्बर 1888को तमिलनाडु के तिरुचिरापल्ली में ब्राह्मण परिवार में हुआ था। उनके पिता चन्द्रशेखर अय्यर और माता पार्वती अम्मल थीं। पिता कॉलेज में प्रवक्ता थे, पिता को किताबों से बेहद लगाव था कि उन्होंने घर में ही छोटा पुस्तकालय बना लिया। जिसका उपयोग बचपन से सी वी रमन जी ने किया बाद में रिसर्च के क्षेत्र में कीर्तिमान स्थापित किया। विज्ञान की खोजों के कार्य को संज्ञान लेते हुए भारत सरकार ने सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से 1954में सम्मानित किया। 1957में उन्हें लेनिन शान्ति पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस महान बैज्ञानिक सी वी रमन का 21नवंबर 1970को स्वर्गवास हो गया। इस दौरान ज्योति शर्मा, विशिष्ट अतिथि राजेश कुमार (स्कूल चेयरमैन), रामकिशोर अग्रवाल, गेंदनलाल, हरी सिंह यादव, बादल दीक्षित, रजनी वार्ष्णेय, स्वाति गुप्ता, आकाश दीप, अनुष्का शर्मा, खुशबू वार्ष्णेय, आरती वार्ष्णेय, मीरा, सलोनी, तनवी, पूनम, नंदिनी, योगिता, संध्या आदि मौजूद रही।

# सिल्वर स्टोन स्कूल बहजोई में भारतीय हॉकी शताब्दी समारोह धूमधाम से संपन्न

**समाज जागरण**

बहजोई। सिल्वर स्टोन सीनियर सेकेंडरी स्कूल, बहजोई में भारतीय हॉकी के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में एक भव्य शताब्दी समारोह (Centenary Celebration 2025) का आयोजन किया गया। यह आयोजन जिला खेल कार्यालय, सम्भल द्वारा किया गया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि एस.डी.एम. न्यायिक सम्भल वंदना मिश्र रहीं। उन्होंने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को खेलों के महत्व पर प्रेरित करते हुए कहा कि शिक्षा के साथ खेलों का संतुलन बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक है। खेल जीवन में अनुशासन, आत्मविश्वास और टीम भावना का विकास करते हैं।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप



में बहजोई नगर पालिका के चेयरमैन राजेश शंकर राजू, प्रसिद्ध हॉकी खिलाड़ी गुरु अर्जुन सिंह तथा विद्यालय के प्रधानाचार्य संदीप शर्मा उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने के लिए विद्यालय की कोऑर्डिनेटर साधना गुप्ता, जूडो कोच एकांश गुप्ता, गोविंद वशिष्ठ, फुटबॉल कोच नादिर राजा, शूटिंग कोच मयंक कुमार, एथलेटिक्स कोच नकुल, एवं अन्य खेल प्रशिक्षक भी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के अंत में खेल अधिकारी प्रमिला भारती ने सभी अतिथियों, खिलाड़ियों और विद्यालय परिवार का आभार व्यक्त किया। प्रतियोगिता में मेजर ध्यानचंद टीम, बहजोई ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। विजेता टीम को ट्रॉफी एवं प्रमाणपत्र प्रदान किए गए।

# ट्रैक्टर-ट्रॉली की चपेट में आया 8 साल का बच्चा घटना का CCTV फुटेज आया सामने

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर किरतपुर जनपद बिजनौर के किरतपुर गांव सराय इम्मा मे आज ट्रैक्टर-ट्रॉली की चपेट में आने से आठ साल के बच्चे आयान की मौत साथ इस हादसे में हुई दो महिलाएं घायल हो गईं। घटना के बाद ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया। इस पूरे हादसे का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है, जिसमें ट्रैक्टर



बच्चे और महिलाओं को कुचलता हुआ दिखाई दे रहा है।

# पुलिस ने किया आभूषण चोरी की घटना का पदार्फाश, चार पुरुष तीन महिला सहित सात गिरफ्तार

**गिरोह द्वारा की गई चोरियों का भंडाफोड़ चोरी किए गए आभूषण और नगदी तथा एक स्कॉर्पियो बरामद।**

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर किरतपुर।तीन दिन पूर्व मुख्य बाजार से सरेआम सोने के कंगन छीन कर भागने वाले युवक को पुलिस ने कंगन सहित गिरफ्तार कर लिया है।पुलिस ने कार्यक्रमो से आभूषणों चोरी करने वाले चोर गिरोह का पदार्फाश किया है। चोरी के माल सहित 3 महिलाओं 7 लोगों का चालान किया है।क्षेत्राधिकारी नीतेश प्रताप सिंह ने बताया कि आरोपियों ने भागवत कथा सुनने आई महिलाओं के गले से सोने की चैन छीनी थी,आरोपियों से 29110 रुपए नकद एंव चैन व कंगन बरामद किए हैं। गुरुवार को स्थानीय पुलिस द्वारा चोर गिरोह का भंडाफोड़ किया गया है। गिरफ्तार आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि उनके द्वारा पिछले महीने अक्टूबर में एक बैंकट हाल में भागवत कथा चल रही थी, वहां कथा सुनने आईं तीन महिलाओं की




सोने की चैन चोरी कर ली थी, जिसकी थाना हाजा पर मुकदमा अपराध संख्या 240/2025 दर्ज किया गया था। अरविंद कुमार पुत्र महेश चंद निवासी मौहल्ला उत्तरी चौहानान द्वारा चैन चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी।

तीन दिन पूर्व मुख्य बाजार में कंगन छीनने की घटना घटित हुई थी, पुलिस ने चोरियों का खुलासा करते हुए बताया कि क्षेत्र में बाहर के चोर गिरोह सक्रिय हैं। हापुड़ और गाजियाबाद के गिरोह के सात सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है। जिनमें 3 महिलाएं व 4 पुरुष शामिल हैं।चोरों से कुल चार अदद पीली धातु के कंगन व पीले धातु की एक जोड़े झाले व एक जोड़ी पीले धातु की बाली व चोरी की चैन बेच कर प्राप्त किये गये कुल 29110 रुपए बरामद किए गए हैं व उनके पास से एक स्कार्पियो भी बरामद की गई है।गिरफ्तार लोगों में फिरोज खान पुत्र बतौल अहमद, आरिफ पुत्र इब्राहिम, रेखा मुन्नी पत्नी सतपाल, पूजा पत्नी इदरीस मलिक, राहिमीम पत्नी अशरफ, फैसल पुत्र अकरम, मोहम्मद शाहबाज पुत्र अतीक अहमद शामिल हैं।

# कलक्ट्रेट सभागार में राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया कार्यक्रम

**– कलक्ट्रेट सभागार में सामूहिक रूप से राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम का किया गया गायन**

**– राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् राष्ट्रीय जागरण का था प्रथम मंत्र.. मुख्य विकास अधिकारी**

**– बच्चे भारत को 2047 में विकसित बनाने के लिए प्रत्येक मिनट का करें सदुपयोग.. मुख्य विकास अधिकारी**

**– वंदे मातरम आत्म सम्मान एवं आत्म प्रेरणा का भाव है... अपर जिलाधिकारी**

**समाज जागरण**

बहजोई/संभल।राष्ट्रवाद के अग्रदूत बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय ( बंकिमचन्द्र चटर्जी) जी द्वारा वर्ष 1875 में रचित राष्ट्रगीत “वंदे मातरम” के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में “वंदे मातरम” के सामूहिक गायन एवं स्वदेशी का संकल्प कार्यक्रम



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में लखनऊ में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का सजीव प्रसारण कलक्ट्रेट सभागार बहजोई में किया गया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष हरेन्द्र सिंह रिंकू के प्रतिनिधि जिला पंचायत सदस्य अवधेश प्रताप सिंह तथा जिला विकास अधिकारी राम आशीष , परियोजना निदेशक डीआरडीए ज्ञान सिंह, डिप्टी कलक्टर निधि पटेल, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ शैलेन्द्र सिंह तथा अधिशासी अभियंता सिंचाई विभाग राजीव कुमार एवं जिला विद्यालय निरीक्षक सर्वेश कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अलका शर्मा एवं संबंधित अधिकारी कर्मचारी तथा विद्यालयों के छात्र एवं छात्राएं सभी के द्वारा राष्ट्रगीत “वंदे मातरम” का सामूहिक गायन भी किया गया।

सभागार में कार्यक्रम के अन्तर्गत मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य तथा अपर जिलाधिकारी तथा मुख्य विकास अधिकारी द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। परियोजना निदेशक डीआरडीए ज्ञान सिंह द्वारा जिला पंचायत सदस्य तथा अपर जिलाधिकारी तथा मुख्य विकास अधिकारी का पुष्प देकर स्वागत एवं सम्मान किया गया। जिला विकास अधिकारी ने वंदे मातरम् गीत के इतिहास के विषय में विस्तार से बताया गया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय गीत सांस्कृतिक विरासत की धरोहर है।

मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि “वंदे मातरम” गीत राष्ट्रीय जागरण का प्रथम मंत्र था। वैदिक ऋचाओं से प्रेरणा लेकर इस गीत को बनाया गया। वंदे मातरम् गीत ने भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन को ऊर्जा प्रदान की तथा भारत की आजादी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मुख्य विकास अधिकारी ने सभागार में उपस्थित बच्चों से आह्वान किया कि 2047 में देश को विकसित भारत के रूप में बनाने के लिए प्रत्येक मिनट का सदुपयोग करें “वंदे मातरम” गीत से प्रेरणा लें देश को आगे बढाने में अपनी भूमिका निभाएं।

जिला पंचायत सदस्य अवधेश प्रताप सिंह ने सभी को हार्दिक बधाई दी तथा उन्होंने वंदे मातरम् गीत के इतिहास के विषय में जानकारी दी तथा उपस्थित बच्चों से कहा कि वंदे मातरम् के अन्तर्गत अपनी माता की सेवा करें तथा पृथ्वी माता, भारत माता तथा गंगा माता का विशेष ध्यान रखें ।

अपर जिलाधिकारी ने अपने संबोधन में कहा कि राष्ट्रीय गीत “वंदे मातरम” गीत आत्म सम्मान एवं आत्म प्रेरणा का भाव है। राष्ट्रीय गीत के माध्यम से आजादी से पहले क्रांतिकारियों में राष्ट्रीय एकता को बल मिला तथा स्वतंत्रता संग्राम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। स्वतंत्रता के वाद आज राष्ट्रीय एकता का ही बल है कि भारतीय महिला क्रिकेट टीम द्वारा वर्ल्ड कप में विजय प्राप्त की।

इस अवसर पर जिला अर्थ एवं सांख्यिकी अधिकारी रत्नेश कुमार, जिला पंचायती राज अधिकारी चेतेन्द्र पाल सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी तिनेज कुमार, एवं संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# स्कॉर्पियो बाईक की जोरदार टक्कर। पति पत्नी की हुई मौके पर मौत बच्चे की हालत गंभीर

**समाज जागरण अजमल अंसारी**

जनपद बिजनौर किरतपुर जनपद बिजनौर के किरतपुर रोड पर मृतकों की पहचान बिजनौर की भरत विहार कॉलोनी निवासी गौरव लगभग उम्र 32 वर्ष पुत्र वीर पाल और उनकी पत्नी अंजू की उम्र 30 वर्ष के रूप में हुई है।

दंपत्ति अपने बेटे आदित्य के साथ



गांव मोचीपुरा से अपने साले के लगन कार्यक्रम में शामिल होकर घर लौट रहे थे। जैसे हाईवे पर पहुंचे, किरतपुर की ओर से आ रही एक स्कॉर्पियो ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। गौरव और उनकी पत्नी की मौके पर ही मौत हो गई थी और पुलिस मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतकों के परिजनों को हादसे की सूचना दी दंपती की एक 11 वर्षीय बेटी गुनगुन घर पर थी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिजनौर भेज दिया यह सारी घटना किरतपुर रोड गांव मोचीपुरा के पास की है

## बाढ़ पीड़ितों किसानों ने केंद्रीय मंत्री जयन्त चौधरी के साथ की बैठक

**समाज जागरण बागपत।**



जनपद बागपत के गाँव शबगा, जागोस, काठा, मवीकलाँ एवं नंगला सहित दर्जनों गाँवों के बाढ़ पीड़ित किसानों ने नई दिल्ली में केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी के 25 तुगलक रोड आवास पर पहुँचकर बैठक की। किसानों ने यमुना के किनारे बाँध अथवा ठोकर बनवाने की माँग की। लोगों ने बताया कि बाढ़ के कारण किसानों का बड़ा नुकसान हुआ है, यमुना का रुख यूपी की तरफ हो रहा है, जिस कारण कई गाँवों के किसान बर्बाद हो चुके हैं। इस अवसर पर किसानों ने अपनी पीड़ा बताते हुए मलकपुर मिल पर बकाए भुगतान की भी माँग की। किसानों ने कहा कि बाढ़ पीड़ित किसानों के घरों में चारे की भी व्यवस्था नहीं है जिस कारण पैसे की बहुत जरूरत है, लोगों के ईंख नहीं बचे हैं, इसलिए पशुओं की चारे की भी व्यवस्था नहीं है। केंद्रीय मंत्री जयन्त चौधरी ने किसानों की पीड़ा सुनकर उत्तर प्रदेश सरकार से बात करके बाढ़ नियंत्रण की स्थायी व्यवस्था कराने का प्रयास करने की बात कही। साथ ही बाढ़ पीड़ित किसानों के बकाया भुगतान को प्राथमिकता पर अतिशीघ्र कराने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर रालोद नेताओं में उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार, बागपत के सांसद डॉ राजकुमार सांगवान, राष्ट्रीय महासचिव पूर्व विधायक राजेन्द्र शर्मा, राष्ट्रीय सचिव पूर्व राज्यमंत्री डॉ कुलदीप उज्ज्वल, डॉ राजीव बालियान उपस्थित थे। जनपद बागपत के किसानों में वेदपाल सिंह, धर्मेंद्र मैनेजर, ओमप्रकाश, धर्मपाल, लवकुश शर्मा,ओमदत्त शर्मा, जगदीश शर्मा, अशोक चौधरी,अक्षय, कंवरपाल, मोहित सरोहा, राजकुमार, इकबाल, अशोक त्यागी, सचिन शर्मा, सत्यदेव शर्मा एवं सुरेंद्र प्रधान आदि उपस्थित थे।

## दो दिवसीय प्रांत स्तरीय प्रधानाचार्य समीक्षा बैठक संपन्न

**समाज जागरण बागपत।**




मेरठ प्रांत की दो दिवसीय प्रधानाचार्य समीक्षा बैठक का सफल आयोजन माधव सरस्वती विद्या मंदिर सुभानपुर में 6 व 7 नवम्बर 2025 को किया गया। इस बैठक में मेरठ प्रांत के लगभग 80 प्रधानाचार्यों सहित विद्या भारती के शीर्ष अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्ज्वलन व सरस्वती वंदना के साथ हुई। कार्यक्रम में विशेष रूप से विद्या भारती के प्रांतीय संगठन मंत्री प्रदीप गुप्ता, प्रदेश निरीक्षक विशोक कुमार तथा प्रांत शैक्षिक प्रमुख महेश की गरिमामयी उपस्थिति उल्लेखनीय रही। बैठक में शैक्षिक, प्रबंधकीय एवं संगठनात्मक कार्यों की समीक्षा के साथ-साथ शिक्षा के गुणात्मक उत्थान पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। सभी प्रतिभागियों ने अपने अनुभव साझा किए और आगामी शैक्षिक सत्र के लिए योजनाओं पर विमर्श किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य रवीश कुमार ने समस्त व्यवस्थाओं का उत्तम संचालन करते हुए उत्कृष्ट आतिथ्य का परिचय दिया। प्रतिभागियों ने व्यवस्थाओं के लिए माधव सरस्वती विद्या मंदिर सुभानपुर के प्रधानाचार्य व स्टाफ की सराहना की। बैठक का समापन सत्र प्रांत संगठन मंत्री प्रदीप गुप्ता द्वारा हुआ, जिसमें विद्यालय के अध्यक्ष डॉ राधेश्याम गुप्ता, उपाध्यक्ष हरिओम गुप्ता व प्रबंधक मनीष जैन उपस्थित रहे।

## आशीष पुंडीर बने छपरौली के नये थाना प्रभारी

**समाज जागरण बागपत।**

छपरौली थाना क्षेत्र के लिए एक नई जिम्मेदारी के साथ प्रशासनिक बदलाव किया गया है। पुलिस विभाग द्वारा आशीष पुंडीर को छपरौली थाने का नया थाना प्रभारी नियुक्त किया गया है। आशीष पुंडीर एक अनुभवी एवं कर्तव्यनिष्ठ अधिकारी के रूप में जाने जाते हैं। अपने शांत स्वभाव, सख्त कार्यशैली



और निष्पक्ष कार्रवाई के लिए वे पुलिस विभाग में विशेष पहचान रखते हैं। उनके कार्यभार संभालने से क्षेत्रवासियों में कानून-व्यवस्था को लेकर एक नई उम्मीद जगी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि उन्हें विश्वास है कि आशीष पुंडीर के नेतृत्व में छपरौली क्षेत्र में अपराध पर और अधिक नियंत्रण होगा तथा जनता को त्वरित न्याय एवं सुरक्षा का बेहतर वातावरण मिलेगा। थाना प्रभारी आशीष पुंडीर ने पदभार ग्रहण करते ही कहा कि जनता की सेवा, शांति व्यवस्था बनाए रखना और अपराधों पर सख्त नियंत्रण उनकी पहली प्राथमिकता होगी।

## चौपाल लगाकर बालिकाओं और महिलाओं को जागरूक किया

**समाज जागरण बागपत।**

ब्लॉक पिलाना के गांव घीटौली में जिला प्रोबेशन अधिकारी बागपत के निर्देश अनुसार महिलाओं और बालिकाओं को जन चौपाल लगाकर बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, महिला पेंशन एवं साइबर क्राइम नंबर से सभी को जागरूक किया इसी के साथ 1930, 1090, 1098 एवं 112 अन्य नंबरों से भी



अवगत कराया गया । इस मौके पर चाइल्ड हेल्पलाइन प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर वन्दना गुप्ता द्वारा महिला कल्याण विभाग द्वारा चलाई गई योजनाओं की जानकारी दी जिसमे स्पॉन्सरशिप योजना, बाल सेवा योजना, कन्या सुमंगला योजना आदि योजनाओं की जानकारी दी गयी। आंकड़ा विश्लेषक विनीत कुमार द्वारा जरूरतमंद महिलाओं की पेंशन चेक की गई।

## मिलाना गांव में मतदाता पुनरीक्षण अभियान की बैठक, राखी राजपूत ने किया नेतृत्व

**समाज जागरण बागपत।**



छपरौली विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले मिलाना गांव में शुक्रवार को मतदाता पुनरीक्षण अभियान के तहत एक जागरूकता बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा बागपत की वरिष्ठ नेत्री राखी राजपूत ने की। इस दौरान राखी राजपूत ने ग्रामीणों को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने, संशोधन कराने तथा नए मतदाताओं के पंजीकरण की प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मतदान लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत है, इसलिए हर पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में होना अनिवार्य है। उन्होंने महिला कार्यकताओं से आह्वान किया कि वे घर-घर जाकर पात्र महिलाओं और युवाओं को मतदाता बनने के लिए प्रेरित करें ताकि अधिक से अधिक लोग लोकतांत्रिक प्रक्रिया से जुड़ सकें। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित जनसमूह ने भाजपा की नीतियों और सुशासन के संकल्प को दोहराया तथा आगामी चुनावों में मतदाता जागरूकता बढ़ाने का संकल्प लिया। बैठक में बड़ी संख्या में स्थानीय महिलाएं, युवा एवं पार्टी कार्यकर्ता – सावित्री, रविता, बाला, बबली, कुसुम, रजनी आदि उपस्थित रहीं।

## पिकअप चालक को कंटेनर ने कुचला मौके पर मौत दो घायल

**समाज जागरण चांदीनगर।**



ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेसवे पर सफार्बाद के समीप एक कंटेनर ट्रक ने सड़क किनारे झगड़ रहे ट्रक और पिकअप चालक को कुचल दिया। हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि दो गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। सफार्बाद गांव के समीप ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेसवे पर शुक्रवार को दर्दनाक हादसा हो गया। यहां सड़क किनारे आपस में झगड़ रहे। पिकअप चालक और ट्रक चालक को पीछे से आ रहे तेज रफ्तार कंटेनर ट्रक ने रौंद दिया। हादसे में पिकअप चालक की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि ट्रक चालक और उसका भाई गंभीर रूप से घायल हो गया। ट्रक और पिकअप की आपस में टक्कर हो गई। टक्कर के बाद दोनों चालक सड़क किनारे उतरकर आपस में झगड़ रहे थे। तभी पीछे से तेज रफ्तार में आ रहे एक कंटेनर सभी को कुचल दिया और मौके से निकल गया। हादसे में अंशु की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि राजेंद्र और राजू गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही हाईवे कर्मचारी मौके पर पहुंचे और घायलों को एंबुलेंस के जरिए जिला अस्पताल भेजा। वहीं पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए बागपत भिजवाए और परिजनों को सोचने दे दी है। कंटेनर चालक की तलाश की जा रही है।

## जनता वैदिक कॉलेज में वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण पर कार्यक्रम आयोजित

**समाज जागरण बड़ौत।**



जनता वैदिक कॉलेज, में सांस्कृतिक समिति द्वारा राष्ट्रभक्ति और एकता के भाव से राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में देशभक्ति की भावना को जागृत करना, भारतीय संस्कृति की महानता का बोध कराना तथा स्वतंत्रता संग्राम में योगदान देने वाले वीरों को श्रद्धांजलि अर्पित करना रहा। कार्य क्रम का शुभारंभ प्राचार्य डा वीरेंद्र प्रताप सिंह के निर्देशन में हुआ। सभी उपस्थितों ने एक स्वर में वंदे मातरम का गान किया, जिससे सभागार देशभक्ति के स्वर से गूंज उठा। कॉलेज प्राचार्य ने अपने उद्बोधन में कहा कि वंदे मातरम केवल एक गीत नहीं, बल्कि यह भारत माता के प्रति हमारे समर्पण, श्रद्धा और त्याग की भावना का प्रतीक है। वंदे मातरम के ऐतिहासिक महत्व एवं स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान पर चर्चा करते हुए डॉ. गीता रानी, सांस्कृतिक समिति की संयोजिका ने कहा कि वंदे मातरम् वह शक्ति है। जिसने भारतवासियों को एक सूत्र में पिरोया और आज भी यह गीत हमारे अंदर राष्ट्र प्रेम की ज्योति प्रज्ज्वलित करता है। साथ ही अन्य वक्ताओं ने कहा कि आज के युवाओं को देश की संस्कृति, इतिहास और आदर्शों के प्रति गर्व अनुभव करना चाहिए। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। कार्यक्रम में डा सत्येंद्र सिंह, डा नीलम राणा, डा देवेंद्र सरोहा, डा अजय कुमार, डा रविंद्र सिंह, डा शिवपाल, डा मनोज कुमार, डा अजय, डा योगेश, डा अम्बुज, डा नेहा, संदीप आदि ने वंदे मातरम् का ऐतिहासिक महत्व बताया ।साक्षी, अरूण, वर्षा, मंतशा, अनुष्का, मुस्कान, सोनम , प्रिया, शिवम, प्रियांशु, वंशराज, निखिल, रजत आदि विद्यार्थियों ने भारत माता की जय के नारों से परिसर को गुंजायमान कर दिया।

## वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण, अधिकारियों ने किया वंदे मातरम का सामूहिक वाचन और स्वदेशी अपनाने का लिया संकल्प

### -- राष्ट्रगीत की गूंज में बागपत: वंदे मातरम के अमर संदेश को किया नमन

**समाज जागरण बागपत।**



राष्ट्रगीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में लखनऊ से हुए राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा गया। वर्ष 1875 में राष्ट्रवाद के अग्रदूत बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय द्वारा रचित इस गीत के 150 वर्ष पूरे होने पर प्रदेशभर में वंदे मातरम् के सामूहिक वाचन एवं स्वदेशी अपनाने के संकल्प के साथ भावनात्मक वातावरण निर्मित हुआ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लोक भवन, लखनऊ में आयोजित मुख्य समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि वंदे मातरम केवल एक गीत नहीं, भारत की स्वतंत्रता संग्राम की आत्मा और संकल्प का घोष है। इस अवसर पर सामूहिक गान हुआ और स्वदेशी के प्रसार का दृढ़ संकल्प लिया गया। साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति में नई दिल्ली में केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय द्वारा आयोजित राष्ट्रीय समारोह का प्रसारण भी देखा गया। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने कहा कि प्रत्येक नागरिक को वंदे मातरम से प्रेरणा लेकर अपने कर्तव्यों को जीवन में उतारना चाहिए। उन्होंने कहा– विकसित भारत का निर्माण छोटे-छोटे प्रयासों से होता है। पौधारोपण, जल-संरक्षण, स्वच्छता, राष्ट्रीय प्रतीकों और शहीदों के सम्मान जैसी पहलें जीवन में अनिवार्य रूप से शामिल की जानी चाहिए। उन्होंने विकसित यूपी समर्थ यूपी अभियान के तहत 15 नवंबर तक नागरिकों से सुझाव भेजने का आह्वान किया। इस दौरान सभागार में उपस्थित अधिकारियों एवं प्रतिभागियों द्वारा वंदे मातरम् का सामूहिक वाचन किया गया तथा स्वदेशी अपनाने का संकल्प लिया गया। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन में गुणवत्ता सुनिश्चित की जाए, ताकि लाभ वास्तव में पात्र व्यक्तियों तक पहुंचे तथा सुशासन की मिसाल प्रस्तुत करे। इधर जनपद भर में बेसिक, माध्यमिक और उच्च शिक्षा संस्थानों के साथ-साथ यूथ क्लबों में भी वंदे मातरम् आधारित विविध कार्यक्रम आयोजित हुए। सुबह 10 बजे सामूहिक गान किया गया, विद्यार्थियों को वंदे मातरम का ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और राष्ट्रीय महत्व समझाया गया। महाविद्यालयों में सेमिनार, निबंध व रंगोली प्रतियोगिताएं आयोजित हुईं तथा छात्रों ने गीत के संदेश की व्याख्या को गंभीरता से आत्मसात किया। राष्ट्रगीत वंदे मातरम मातृभूमि की शक्ति, समृद्धि और पवित्रता का प्रतीक है। इसे पहली बार बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय ने साहित्यिक पत्रिका बंग दर्शन में अपने उपन्यास आनंदमठ के प्रकाशन क्रम में प्रकाशित किया था। बाद में वर्ष 1950 में संविधान सभा ने इसे राष्ट्रगीत का दर्जा प्रदान किया। स्वतंत्रता संग्राम के दौरान यह गीत प्रभात फेरियों से लेकर क्रांतिकारियों के कंठ तक देश की सामूहिक चेतना का आधार बना। बागपत सहित पूरे देश में आगामी एक वर्ष तक वंदे मातरम् 150 वर्ष समारोहों की श्रृंखला जारी रहेगी।

गांव से लेकर राज्य स्तर तक सामूहिक गान, सांस्कृतिक कार्यक्रम और ऐतिहासिक व्याख्यान आयोजित किए जाएंगे, ताकि राष्ट्रगीत का संदेश नई पीढ़ी तक जीवंत रहे– मातृभूमि सर्वोपरि – वंदे मातरम्: प्रेम, कर्तव्य और मातृभूमि की गरिमा का स्वर। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर मनीष यादव, ज्योति शर्मा, वरिष्ठ कोषाधिकारी मनीष कुमार सिंह, जिला आबकारी अधिकारी नवीन कुमार सिंह, जिला सूचना अधिकारी राहुल भाटी सहित आदि अधिकारी उपस्थित रहे।

## विद्यार्थियों को धनुष बाण चलाने का प्रशिक्षण दिया

**समाज जागरण बड़ौत ।**



नगर के मलकपुर रोड छपरौली चुंगी के निकट श्री शिव गुरुकुल स्वाधालय केंद्र संस्कृत विद्यालय में ब्राह्मण विद्यार्थियों द्वारा विधि विधान के साथ सुबह का वेद स्वाध्याय का पाठ किया गया। विद्यालय के विद्यार्थियों ने धनुष बाण चलाने का भी प्रशिक्षण लिया। विद्यालय के संस्थापक पंडित संदीप दत्त शास्त्री द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर अविगनय प्रिंस, भारद्वाज कृष्णा, आर्यन शास्त्री, हर्ष भारद्वाज, तुषार, वशिष्ठ अनंत शर्मा, रामबाबू शुक्ला के अलावा भारी संख्या में गुरुकुल के छात्राओं ने धनुष बाण का प्रशिक्षण देते हुए अपनी-अपनी कलाओं का शानदार प्रदर्शन किया। आंख बंद धनुष से तीर चला कर निशाना गेंद पर लगाया, जैसे अनेक प्रदर्शन विद्याथीयों द्वारा किए गए। इस मौके पर विद्यालय के संस्थापक आचार्य पंडित संदीप दत्त शास्त्री द्वारा यज्ञ हवन रोजाना की तरह मंत्रो द्वारा किया गया।

## विकास कार्यों की जांच:बसौद गांव पहुंची टीम, ग्राम प्रधान के कार्यों में नहीं मिली कोई गड़बड़ी, दी क्लीन चिट

**समाज जागरण बागपत।**

बसौद गांव में ग्राम प्रधान द्वारा कराए गए विकास कार्यों की जांच के लिए पहुंची टीम को कोई गड़बड़ी नहीं मिली है। टीम ने शिकायत में बताए गए सभी बिंदुओं पर गहनता से जांच की। जल निगम के सहायक अभियंता दीपक कुमार के नेतृत्व में यह जांच की गई। जांच के दौरान ग्राम सचिव कुबेर सिंह खोखर ने टीम को पूरा सहयोग दिया। हालांकि, शिकायतकर्ता और ग्राम प्रधान दोनों ही मौके पर मौजूद नहीं थे। टीम ने सभी विकास कार्यों को सही पाया। बसौद गांव निवासी रिंकू गुप्ता ने ग्राम प्रधान के विकास कार्यों को लेकर शिकायत दर्ज कराई थी। यह पहली बार नहीं है; इससे पहले भी ग्राम प्रधान के कार्यों की कई बार जांच हो चुकी है, लेकिन किसी भी जांच में कोई अनियमितता सामने नहीं आई है। सहायक अभियंता दीपक कुमार ने बताया कि मौके पर की गई जांच में फिलहाल कोई अनियमितता नहीं मिली है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि शिकायतकर्ता कई बार शिकायतें करता है, लेकिन जब उसे मौके पर बुलाया जाता है तो वह उपस्थित नहीं होता। ग्राम प्रधान द्वारा कराए गए विकास कार्य संतोषजनक पाए गए हैं, और अधिकारी जल्द ही अपनी जांच रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को सौंपेंगे।

## महिला की संदिग्ध मौत, हत्या का आरोप

### -- पुलिस ने दहेज उत्पीड़न की शिकायत पर जांच में जुटी

**समाज जागरण बागपत।**

रमाला थाना क्षेत्र के कासिमपुर खेड़ी गांव में एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। महिला के परिजनों ने ससुराल पक्ष पर हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतक महिला की पहचान गुड्डन के रूप में हुई है। उनके पिता रामपाल, निवासी ग्राम दादरी, ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि उन्हें एक अज्ञात नंबर से फोन पर बेटी की मौत की सूचना मिली थी।

रामपाल के अनुसार, जब वे मौके पर पहुंचे तो उनकी बेटी मृत मिली और उसकी गर्दन पर गहरे निशान थे। उन्होंने आरोप लगाया कि ससुराल पक्ष लगातार दहेज के लिए दबाव बना रहा था।

रामपाल ने बताया कि उन्होंने गुड्डन की शादी में करीब 10 लाख रुपये खर्च किए थे, लेकिन ससुराल वाले इससे संतुष्ट नहीं थे, जिसके चलते उनकी बेटी की हत्या कर दी गई। पुलिस ने पीड़ित परिवार की तहरीर के आधार पर छानबीन शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है।
पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल पाएगा। फिलहाल, अधिकारी पूरे मामले की जांच पड़ताल में जुटे हैं। उधर, पीड़ित परिजनों ने ससुराल पक्ष के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

## भारतीय किसान यूनियन का युवाओं से आह्वान:कहा-देश की रीढ़ हैं युवा, किसानों की समस्याओं पर भी की चर्चा

**समाज जागरण बागपत।**

भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी नरेश टिकैत ने बागपत के टटीरी स्थित भाकियू कार्यालय में युवाओं और किसानों से संवाद किया। उन्होंने युवाओं को नशे से दूर रहकर देश के विकास में योगदान देने का आह्वान किया और किसानों की समस्याओं पर भी सरकार को घेरा। टिकैत ने युवाओं में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति पर गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि युवा देश की रीढ़ हैं, लेकिन नशे की गिरफ्त में आना समाज और देश दोनों के लिए खतरनाक है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे नशे से दूर रहें और राष्ट्र व समाज के विकास की दिशा में आगे बढ़ें। किसानों की समस्याओं पर बोलते हुए टिकैत ने सरकार के रवैये को सख्त बताया। उन्होंने कहा कि इस बार गन्ने का समर्थन मूल्य केवल 30 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ाया गया है, जबकि बीज, खाद और दवाइयों की कीमतें लगातार बढ़ रही हैं। इससे गन्ना किसानों को अभी भी घाटा हो रहा है। टिकैत ने किसानों को सलाह दी कि वे केवल खेती पर निर्भर न रहें, बल्कि पशुपालन और अन्य कृषि से जुड़े कार्यों को भी अपनाएं ताकि वे आर्थिक रूप से मजबूत बन सकें। उन्होंने यह भी कहा कि भले ही किसानों के अलग-अलग संगठन हों, लेकिन सबकी मांग किसान की खुशहाली और उसके हक की ही है। भाकियू किसी अन्य संगठन पर टिप्पणी नहीं करना चाहती, क्योंकि वे भी किसानों के हित में काम कर रहे हैं। इस अवसर पर इंद्रपाल प्रधान, चौधरी हिम्मत सिंह, युवा एनसीआर महासचिव प्रवीण मलिक, देवकांत शर्मा, नसीम, आशु, अंकित ठाकुर, ताहिर खान, मनोज सैन, संदीप पांचाल, अंकित और अश्वनी ठाकुर सहित कई पदाधिकारी व किसान मौजूद रहे। इसके बाद, चौधरी टिकैत ग्राम निबाली भी पहुंचे, जहां उन्होंने भाकियू एनसीआर महासचिव प्रदीप धामा की पत्नी के निधन पर शोक व्यक्त किया। उन्होंने डॉक्टरों से मरीजों की जिम्मेदारी समझते हुए निष्ठा से उपचार करने का आग्रह भी किया।

## छतौनी ग्राम पंचायत के मृतक रामफेर के घर पर समाजवादी पार्टी के माध्यम से परिजनों को 20 हजार रुपए का सहयोग भिजवाकर मदद की है।

**विवेक कुमार संवाददाता**
**दैनिक समाज जागरण**

लखनऊ। मोहनलालगंज क्षेत्र के जिला पंचायत सदस्य अरुण यादव द्वारा छतौनी ग्राम पंचायत के मृतक रामफेर के घर पर समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता वा सेक्टर प्रभारी सुभाष गुप्ता के माध्यम से परिजनों को 20 हजार रुपए का सहयोग भिजवाकर मदद की है। जिला पंचायत सदस्य अरुण यादव द्वारा द्वारा पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया गया कि छतौनी ग्राम पंचायत में 19 सितम्बर 2025 को रामफेर पुत्र स्व रामेश्वर की पत्नी ने अपने प्रेमी के साथ साजिश करके अपने पति रामफेर की हत्या करवा दी थी, अरुण यादव द्वारा यह भी जानकारी दी गई की मृतक रामफेर के दो बच्चे हैं दोनों बच्चों में एक बेटी है जिसका नाम प्रियंका है और उम्र करीब तेरह साल की है, तो वही बताया की एक बेटा है जिसका नाम प्रिंस है और उम्र करीब नौ साल का है, अरुण यादव ने यह भी बताया कि इनके द्वारा अपने पिता मृतक रामफेर की तेरहवीं करने की जानकारी जब मुझे मिली तो जिला पंचायत सदस्य अरुण यादव द्वारा मौके पर पहुंच समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता वा सेक्टर प्रभारी सुभाष गुप्ता के माध्यम से बीस हजार रुपए की सहायता राशि भिजवा कर मदद की गई है। इसके अलावा अरुण यादव ने कहा की अगर इन बच्चों को आगे और भी कोई मदद की आवश्यकता होगी तो वह उनके दुःख में साथ खडे है और इसके आलावा हर सम्भव मदद करने की पूरी कोशिश करते रहेंगे।

## नमामि गंगे कर्मियों का वेतन घटाया, कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन, कंपनी पर शोषण के आरोप

**समाज जागरण बागपत।**

नमामि गंगे जल जीवन मिशन के कर्मचारियों ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। उन्होंने एल.सी. इंफ्रा कंपनी प्रबंधन पर आर्थिक और मानसिक शोषण का आरोप लगाते हुए जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। कर्मचारियों ने बताया कि कंपनी उनसे 24 घंटे लगातार काम ले रही है, जबकि नियमों के अनुसार एक टंकी पर दो कर्मचारियों की ड्यूटी होनी चाहिए। कंपनी खर्च बचाने के लिए एक ही कर्मचारी पर पूरी जिम्मेदारी का दबाव बना रही है। उन्हें छुट्टी भी नहीं दी जाती, जिससे स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं। कर्मचारियों के अनुसार, वर्ष 2022 से 2024 तक उन्हें 13,000 रुपए प्रति माह वेतन मिलता था। वित्तीय वर्ष 2024-25 में इसे घटाकर 10,000 रुपए कर दिया गया। अब कंपनी प्रबंधन ने नवंबर माह से केवल 5,000 रुपए प्रति माह वेतन देने की घोषणा की है, जिससे कर्मचारियों में भारी आक्रोश है। उनका कहना है कि इतनी कम राशि में परिवार का गुजारा करना असंभव है। कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि जब उन्होंने एल.सी. इंफ्रा कंपनी के अकाउंटेंट से अपनी समस्याएं बताईं, तो उन्हें धमकाकर भगा दिया गया। अकाउंटेंट ने चेतावनी दी कि यदि उन्होंने किसी सरकारी अधिकारी या मीडिया से शिकायत की, तो उन्हें नौकरी से निकाल दिया जाएगा। इस रवैये से उनका मानसिक उत्पीड़न बढ़ गया है और कई कर्मियों की आर्थिक स्थिति बिगड़ गई है।कर्मचारियों ने जिला प्रशासन से मामले की जांच कर कंपनी के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। उन्होंने अपना पुराना वेतन बहाल करने और बकाया वेतन का भुगतान कराने की भी अपील की। कर्मचारियों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी समस्याओं का समाधान जल्द नहीं हुआ, तो वे जिला मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन करने के लिए मजबूर होंगे। जिला प्रशासन ने इस मामले को गंभीरता से लिया है और संबंधित विभाग से रिपोर्ट तलब करने के निर्देश दिए हैं।

# राष्ट्र यश गान वंदे मातरम् महोत्सव का आगाज एवं एकता व सदभावना का संकल्प

## वंदे मातरम केवल एक गीत नहीं, बल्कि यह देश की आत्मा की अभिव्यक्ति है: अशोक भारद्वाज

**समाज जागरण,( महेन्द्र जावला बहल )**

भिवानी, 07 नवंबर। सामाजिक संस्था नेताजी सुभाष चंद्र बोस युवा जागृत सेवा समिति एवं सदाचारी शिक्षा समिति के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में वंदे मातरम दिवस महोत्सव का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम में शिक्षकों, सामाजिक कार्यकताओं, कलाकारों एवं विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और देशभक्ति से ओतप्रोत वातावरण में राष्ट्रप्रेम का संदेश दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रगीत वंदे मातरम् एवं नेताजी सुभाष चंद्र बोस के प्रिय नारे जय हिंद के उद्घोष के साथ किया गया। इस अवसर पर निदेशक सावित्री यादव एवं भारत सरकार से राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता अशोक कुमार भारद्वाज मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। संस्था द्वारा 7 नवंबर से 26 नवम्बर तक राष्ट्र गीत वन्देमातरम का यश गान रहेगा।

राष्ट्र यश गान वंदे मातरम् महोत्सव के संयोजक संबोधन में अशोक कुमार भारद्वाज एवं निदेशक सावित्री यादव ने कहा कि वे पिछले 28 वर्षों से राष्ट्रनायक नेताजी सुभाष चंद्र बोस के विचारों,




उनके जय हिंद नारे और राष्ट्रगीत वंदे मातरम के प्रचार-प्रसार के लिए कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज यह देखकर अत्यंत गर्व होता है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत सरकार ने वंदे मातरम् गीत को राष्ट्रीय स्तर पर विशेष सम्मान दिया है। यह प्रत्येक भारतीय के लिए गौरव की बात है और इससे राष्ट्रभक्ति की भावना को नई ऊर्जा मिली है।

उन्होंने आगे कहा कि वंदे मातरम् केवल एक गीत नहीं, बल्कि यह देश की आत्मा की अभिव्यक्ति है जिसने स्वतंत्रता संग्राम के दौरान देशवासियों में नई चेतना, जोश और आत्मबल भरा। यह गीत हमें हमारे कर्तव्यों, देश के प्रति समर्पण और एकता के महत्व का बोध कराता है।

इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति गीतों , नारों व देश की एकता, अखंडता और समरसता बनाए रखने का संकल्प लिया गया तथा सभी प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर समिति के पदाधिकारी, विद्यालय परिवार एवं नगर के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे और वंदे मातरम् दिवस को ऐतिहासिक रूप में मनाने के इस प्रयास की सराहना की।

# मेडीकल नशे पर डबवाली पुलिस की धरपकड़ तेज

**समाज जागरण**

थाना कालांवाली पुलिस का मेडिकल नशे के कारोबार करने वालों पर ताबड़तोड़ एक्शन लेते हुए 4,650 नशे में दुरुपयोग होने वाले कैप्सूल बरामद करते हुए किए दो मेडिकल सील

मेडिकल नशे और उसका काला कारोबार करने वालों के लिए डबवाली में कोई जगह नहीं:-एसपी डबवाली

कालांवाली 07 नवम्बर (सुरेश जोरासिया) अपराध पर अंकुश लगाने वाली डबवाली पुलिस जहां मादक पदार्थों की तस्करी पर नियंत्रण स्थापित करते हुए नशा तस्करों को जेल की सलाखों के पीछे भेज रही है, वहीं नशे में प्रयुक्त होने वाले गोलियों व कैप्सूलों की कालाबाजारी करने वालों पर भी कड़ी कार्रवाई कर रही है । क्षेत्र को नशा मुक्त बनाने के प्रयासों की इस कड़ी में प्रबंधक थाना कालांवाली पीएसआई सुनील कुमार और प्रभारी चौकी कालांवाली




पीएसआई प्रवीण कुमार ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए मेडिकल नशे की कालाबाजारी करने वालों पर कड़ा एक्शन लेते हुए 4,650 नशे में दुरुपयोग होने वाले कैप्सूल व गोलियां बरामद करते हुए मंडी कालांवाली के दो मेडिकल सील करने में कामयाबी हासिल की है ।

इस ताबड़तोड़ कार्रवाई के बारे में जानकारी देते हुए प्रबंधक थाना कालांवाली पीएसआई सुनील कुमार ने बताया कि उन्होने गुप्त सूचना के आधार पर मुरार मेडीकल स्टोर मंडी कालांवाली पर रेड की तो वहां पर नशे में दुरुपयोग होने वाले कैप्सूल मिले जो मौका पर डीसीओ केशव वशिष्ठ को बुलाकर चेक किए तो मेडिकल स्टोर पर 150 कैप्सूल सिग्नेचर के बरामद हुए ।जो डीसीओ केशव वशिष्ठ के द्वारा मेडिकल को सील करते हुए प्रोपराइटर गौरव मित्तल को नोटिस देकर कैप्सूलों को कब्जा में लिया गया ।

इसी तरह प्रभारी चौकी कालांवाली पीएसआई प्रवीण कुमार ने गुप्त सूचना के आधार पर मंडी कालांवाली के ही कुणाल मेडिकल स्टोर पर डीसीओ केशव वशिष्ठ के साथ मिलकर रेड की तो वहां पर 1,200 गोलियां टेम्पेन्डोल व 3,300 कैप्सूल सिग्नेचर बरामद हुए ।जो डीसीओ केशव वशिष्ठ के द्वारा मेडिकल को सील करते हुए प्रोपराइटर मुकेश कुमार निवासी वार्ड न. 3 मंडी कालांवाली को नोटिस देकर नशे में दुरुपयोग होने वाले कैप्सूलों व गोलियों को कब्जा में लिया गया।

उन्होने बताया कि मेडिकल स्टोर की आड में दवाओं की कालाबाजारी करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा । डबवाली पुलिस द्वारा निरंतर मेडिकल एसोसिएशन एवं दवा विक्रेताओं से संपर्क स्थापित कर उन्हें पुलिस का सहयोग करने को कहा जा रहा है ताकि दवा विक्रेता नशीली गोलियों को बिना किसी डाक्टरी सलाह एवं पर्ची के किसी को भी न दें ।इसके अलावा कई नशीली गोलियां एन.डी.पी.एस. एक्ट में नहीं आतीं इसलिए इन गोलियां का अक्सर नशे में प्रयोग हो रहा है ।पुलिस अधीक्षक ने थाना प्रभारियों को निर्देश दिए गए हैं कि आमजन के सहयोग से मेडिकल नशा बेचने वालों पर पैनी नजर रखें । अगर किसी मेडिकल स्टोर संचालक की नशा बेचने में संलिप्तता पाई जाए तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई करें।

# पदमा सीएचसी में अव्यवस्था हावी: बीडीएस डॉक्टर के भरोसे पूरी चिकित्सा व्यवस्था, उपकरणों का घोर अभाव

**पंकज कुमार पाठक,संवाददाता**
**पदमा, समाज जागरण**

पदमा - पदमा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) की स्थिति इन दिनों बेहद चिंताजनक बनी हुई है। स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सकीय व्यवस्था इस कदर चरमराई हुई है कि दंत चिकित्सक (बीडीएस) को सामान्य चिकित्सक (जेनरल फीजीसियन) की भूमिका निभानी पड़ रही है। वहीं दांत के इलाज के लिए आवश्यक उपकरण तक अस्पताल में मौजूद नहीं हैं, जिसके कारण मरीजों को केवल अस्थायी राहत देकर वापस भेजना पड़ता है। सूत्रों के अनुसार, केंद्र में केवल एक एमबीबीएस डॉक्टर डॉ. धीरज कुमार पदस्थापित हैं, जो ज्यादातर विभागीय व फील्ड कार्यों में व्यस्त रहते हैं। परिणामस्वरूप अस्पताल में आने वाले तमाम मरीजों – चाहे वे सामान्य बुखार, संक्रमण या बच्चों की बीमारियों से पीड़ित हों – का इलाज भी दंत चिकित्सक ही कर रहे हैं।

इस स्थिति ने स्वास्थ्य व्यवस्था पर कई सवाल खड़े कर दिए हैं। आखिर



कब तक ग्रामीण इलाकों के मरीज अधूरी सुविधाओं के सहारे अपना इलाज करवाने को मजबूर रहेंगे? क्या दंत चिकित्सक से हर प्रकार के रोगों का उपचार कराना सुरक्षित है? केंद्र के प्रभारी चिकित्सक डॉ. धीरज कुमार ने बताया कि ड्यूटी पर जो डॉक्टर उपलब्ध रहते हैं, उन्हें ही मरीजों का इलाज करना पड़ता है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि शुक्रवार से डॉ. विनीत कुमार केवल दंत रोगियों का ही उपचार करेंगे, क्योंकि उन्होंने अन्य मरीजों का इलाज करने में अपनी असमर्थता जताई है। उन्होंने बताया कि महिला रोग विशेषज्ञ नही रहने से महिलाओं का इलाज सीएचओ से कराया जाता है।

वहीं डॉ. विनीत कुमार का कहना है कि केंद्र में दांत के इलाज के लिए आवश्यक उपकरणों की भारी कमी है। उपकरण न होने के कारण मरीजों का स्थायी इलाज संभव नहीं हो पाता। इस संबंध में विभाग को कई बार सूचित किया गया है, लेकिन अब तक किसी भी तरह की कार्रवाई नहीं की गई है।

स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि स्वास्थ्य केंद्र की इस लचर व्यवस्था के कारण उन्हें छोटे-छोटे उपचार के लिए भी दूसरे शहरों की ओर रुख करना पड़ता है। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग से तत्काल हस्तक्षेप कर आवश्यक उपकरणों और चिकित्सकों की नियुक्ति की मांग की है, ताकि पदमा क्षेत्र के लोगों को समुचित स्वास्थ्य सुविधा मिल सके।

# कोल्हान में बाहरी वोटरों पर विवाद तेज, झामुमो नेता प्रवीण कुमार ने 7.9 लाख नाम हटाने की माँग की

**संवाददाता परमबीर पात्रों**
**समाज जागरण**

झारखंड की राजनीति में एक बार फिर मतदाता सूची की पारदर्शिता को लेकर बहस छिड़ गई है। झामुमो के युवा नेता प्रवीण कुमार ने आज राज्य के मुख्य चुनाव अधिकारी को अँग्रेजी में एक विस्तृत पत्र लिखकर कोल्हान क्षेत्र से लगभग 7 लाख 90 हजार बाहरी वोटरों के नाम हटाने की माँग की है। उन्होंने कहा कि यह मामला केवल प्रशासनिक गड़बड़ी नहीं, बल्कि लोकतंत्र के मूल सिद्धांत न्यायपूर्ण और निष्पक्ष चुनाव से जुड़ा हुआ है।

पत्र में प्रवीण कुमार ने लिखा है कि आदित्यपुर और जमशेदपुर में बड़ी संख्या में ऐसे मतदाताओं के नाम दर्ज हैं जो स्थायी निवासी नहीं हैं, और जिनका झारखंड से कोई प्रत्यक्ष संबंध नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ राजनीतिक दलों के प्रभाव में आकर बाहरी राज्यों से आए मजदूरों, अस्थायी निवासियों और फैक्ट्री कर्मियों के नाम योजनाबद्ध तरीके से मतदाता सूची में जोड़े गए हैं ताकि चुनावी नतीजों को प्रभावित



किया जा सके।

> प्रवीण ने अपने पत्र में निर्वाचन आयोग से अनुरोध किया है कि:

> मतदाता सूची का पुनः सत्यापन कराया जाए, विशेषकर आदित्यपुर, बिष्टुपुर, बमामाईंस, साकची और मानगो इलाकों में।

> जिन मतदाताओं का स्थायी निवास प्रमाणपत्र, बिजली बिल, या स्थानीय पहचान नहीं है, उनके नाम तुरंत हटाए जाएं।

प्रवीण ने यह भी जोड़ा कि यह कदम किसी विशेष समुदाय या वर्ग के खिलाफ नहीं है, बल्कि राज्य के सम्मान, स्थानीय पहचान और लोकतांत्रिक मयार्दा की रक्षा के लिए उठाया गया है। उन्होंने चुनाव आयोग से तत्काल कार्रवाई की अपेक्षा जताई है ताकि कोल्हान की जनता को एक निष्पक्ष चुनाव का भरोसा मिल सके। इस मुद्दे पर कोल्हान के स्थानीय लोगों में चर्चा तेज हो गई है। कई सामाजिक संगठनों ने प्रवीण कुमार की पहल का समर्थन करते हुए कहा कि बाहरी वोटरों का प्रभाव हटाना स्थानीय जनादेश की स्वच्छता के लिए जरूरी है।

अब देखना यह है कि चुनाव आयोग इस पत्र पर कितनी जल्दी और कितनी गंभीरता से कदम उठाता है।

# लगातार विद्यालय बन्द रखने के विरोध मे ग्रामीणों ने दिया ज्ञापन, की करवाई की मांग।

**समाज जागरण दीपक सरकार**

छतरपुर /पलामू -छतरपुर थाना क्षेत्र के न्यू प्राथमिक विद्यालय कुंडौली के सचिव कामेश्वर विश्वकर्मा ने लगातार विद्यालय बन्द और मध्यान भोजन भी बन्द करने के कारण ।वंहा के स्थानीय ग्रामीणों ने जिला शिक्षा अधीक्षक को ज्ञापन देकर करवाई की मांग की।ग्रामीणों ने लिखित आवेदन मे दिया है की विद्यालय के सचिव द्वारा कामेश्वर विश्वकर्मा द्वारा लगातार विद्यालय को बन्द कर रखा जाता है उसके साथ साथ कई महीने से मध्यान भोजन भी बन्द है जिसपर



उचित करवाई कर हटाने का मांग किए।साथ मे छतरपुर पूर्वी जिला परिसद अमित कुमार जायसवाल भी मौजूद थे उन्होंने भी जिला शिक्षा अधीक्षक से आग्रह किए की जो पढ़ने वाले बच्चो का हक खा रहा है और मध्यान भोजन की राशि का दुरूपयोग कर रहे है ।वैसे सचिव पर अविलम्ब करवाई करे ।और दूसरा चुनाव करवाकर सही ब्यक्ति को रखने का कार्य करे ताकि बच्चो के पठन पाठन सुचारु रूप से चालू हो ।लिखित आवेदन देने वालों के नाम शंकर यादव,मंजू देवी,रुचि देवी,मुखिया यादव,भोला कुमार,विनोद सिंह,संजय भुइयां, प्रभु यादव समेत दर्जनों नाम शामिल है।

# छत्तरपुर प्रखंड सह अंचल कार्यालय में धूम धाम से मना 150वा वंदे मातरम दिवस

**समाज जागरण दीपक सरकार**

पलामूः छत्तरपुर प्रखंड सह अंचल कार्यालय में भारत माता को समर्पित अमर राष्ट्रगान वंदना "वंदे मातरम" के 150 वर्ष पूर्ण होने पर वंदे मातरम् गीत का गान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम में मुख्य रूप से छत्तरपुर ब्लॉक के बड़ा बाबू मो नबाब खा गरिमामय उपस्थिति में संपन्न हुई । वहीं प्रखंड के बड़ा बाबू ने वंदे मातरम गीत के 150 वर्ष पूरे होने पर सभी प्रखंड वासियों के साथ साथ देश वाशियो को हार्दिक बधाई



एवं शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि कहा कि यह गीत आज भी हमें राष्ट्रीय गौरव का अनुभव कराती है। पंचायती राज समन्वयक विवेक श्रीवास्तव ने कहा कि महान कवि बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय जी द्वारा रचित यह अमर गीत केवल शब्द नहीं, बल्कि भारत की आत्मा, मातृभूमि के प्रति समर्पण, त्याग और गौरव की भावना का प्रतीक है। मौके पे उपस्थित प्रखंड सह अंचल कर्मी उपस्थित रहे

वहीं श्याम कुमार ने वंदे मातरम" गीत के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह गीत केवल शब्दों का समूह नहीं, बल्कि भारत माता के प्रति समर्पण, बलिदान और एकता का प्रतीक है।

कार्यक्रम के अंत में भारत माता की जय और वंदे मातरम् के गगनभेदी नारों से पूरा परिसर गूंज उठा. देशभक्ति से भरे इस आयोजन ने सभी के मन में एक नई ऊर्जा और गौरव की भावना भर दी।

मौके पर पंचायत समन्वयक - विवेक श्रीवास्तव BPM - JSLPS पंचायत सचिव श्याम कुमार सिंह, । सम्मिलित हुए ।

आइए, इस ऐतिहासिक अवसर पर, हम वंदे मातरम की कालजयी गरिमा को याद करें और देश की एकता व अखंडता को बनाए रखने का संकल्प लें।

# राष्ट्रीय गीत "वंदे मातरम" के 150 वर्ष पूरे: जमशेदपुर डाकघर में विशेष कार्यक्रम आयोजित

**समाज जागरण 07.11.2025**
**चांद कुमार लायेक (ब्यूरो चीफ)**
**पूर्वी सिंहभूम जमशेदपुर**

जमशेदपुरः भारत के राष्ट्रीय गीत "वंदे मातरम्" के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आज जमशेदपुर प्रधान डाकघर में एक विशेष और उत्साहपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में इस ऐतिहासिक गीत के योगदान को स्मरण करना और देशभक्ति व राष्ट्रीय एकता की भावना को प्रोत्साहित करना था।

कार्यक्रम का आयोजन जमशेदपुर प्रधान डाकघर के अध्यक्ष श्री शंकर कुजूर की अगुवाई में किया गया, जिसमें डाकघर के सभी कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों ने सामूहिक रूप से राष्ट्रीय गीत "वंदे मातरम्" का गायन किया। यह पल राष्ट्रप्रेम की भावना से ओत-प्रोत था, जहाँ सभी ने



स्वतंत्रता संग्राम के अमर नायकों को नमन किया।

कार्यक्रम का एक मुख्य आकर्षण वंदे मातरम् के पूरे छंद का अभ्यास कर उसे गाने का प्रयास था। इस गायन में प्रमुख रूप से सुश्री ज्योति कुमारी, सुश्री नताशा सिंह, सुश्री स्वाति रानी, सुश्री वेफी मणिस, सुश्री रक्षा प्रसाद, सुश्री लक्ष्मी बारी, श्रीमती प्रियंका मांनकी, सुश्री मौसमी हेम्ब्रम ने अपनी मधुर आवाज दी। उनका साथ श्री दीपू कुमार और श्री निशांत कुमार ने दिया। यह प्रयास भारत सरकार की पहल को जमीनी स्तर तक पहुँचाने का एक हिस्सा था, ताकि हर व्यक्ति "वंदे मातरम" के ऐतिहासिक और प्रेरणादायक योगदान से अवगत हो सके।

यह कार्यक्रम मात्र एक उत्सव नहीं, बल्कि एक देशभक्ति का संकल्प था। राष्ट्रीय गीत "वंदे मातरम्" भारत की पहचान और स्वतंत्रता के लिए किए गए बलिदानों का प्रतीक है। इसका 150वाँ वर्ष पूरे देश के लिए गर्व का क्षण है।

यह विशेष कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ, जिसमें सभी कर्मचारियों ने अपना अमूल्य योगदान दिया और राष्ट्र के प्रति अपनी अटूट निष्ठा को दर्शाया।

# मुरगागुट्टू में झामुमो की लहर तेज - सैकड़ों महिलाओं ने थामा झामुमो का दामन

**समाज जागरण 07.11.2025**
**चांद कुमार लायेक (ब्यूरो चीफ)**
**पूर्वी सिंहभूम जमशेदपुर**

जमशेदपुर अंतर्गत घाटशिला में होने वाले उपचुनाव के दरमियान आज देर शाम मुसाबनी प्रखंड के मुरगागुट्टू पंचायत अंतर्गत रक्खा कॉलोनी में झारखंड मुक्ति मोर्चा के पक्ष में एक बड़ा सदस्यता अभियान कार्यक्रम आयोजित किया गया। मालती मुर्मू और सावित्री टुडू के नेतृत्व में सैकड़ों उत्साही महिलाओं ने झामुमो की सदस्यता ग्रहण कर संगठन को और सशक्त बनाया।

इस कार्यक्रम में झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता व पूर्व विधायक कुणाल षाड़ंगी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने सभी नई सदस्यों का हार्दिक स्वागत करते हुए कहा कि -



महिलाओं की भागीदारी झामुमो की असली ताकत है। यह बढ़ती हुई जनसमर्थन की लहर आने वाले चुनाव की दिशा तय कर देगी।

इस मौके पर मुगार्गुट्टू ग्राम प्रधान सुब्रतो सेन, झारखंड आंदोलनकारी अशोक कुमार अधिकारी, मंजू अधिकारी झामुमो चाकुलिया प्रखंड अध्यक्ष शिवचरण हांसदा, मुखिया साहेब राम मांडी, विधान चंद्र मांडी, हरेन सिंह, कुणाल समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

जैसे-जैसे चुनाव नजदीक आ रहा है, घाटशिला विधानसभा क्षेत्र में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और कल्पना मुर्मू सोरेन जी की लोकप्रियता लगातार बढ़ती जा रही है। जनता में झामुमो के प्रति जोश और विश्वास का माहौल है - और अब यह लहर थमने का नाम नहीं ले रही है।

# पोटका विधायक संजीव सरदार बोले – "भूमिज समाज को मान-सम्मान और अधिकार सिर्फ झामुमो ही दे सकती है"

**समाज जागरण 07.11.2025**
**चांद कुमार लायेक (ब्यूरो चीफ)**
**पूर्वी सिंहभूम जमशेदपुर**

गालूडीह (घाटशिला) : घाटशिला विधानसभा क्षेत्र के गालूडीह के समीप भूमिज-मुंडा समाज का एक दिवसीय विशाल सम्मेलन आयोजित किया गया। इस सम्मेलन में घाटशिला, मुसाबनी, धालभूमगढ़ एवं गुड़ाबांधा प्रखंड से तीन हजार से अधिक भूमिज-मुंडा समाज के लोग शामिल हुए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पोटका के विधायक संजिव सरदार उपस्थित रहे।

सम्मेलन में घाटशिला क्षेत्र के समाजिक कार्यकताओं और बुद्धिजीवियों ने समाज की एकता, अधिकार और विकास पर अपने विचार रखे। मौके पर मुख्य अतिथि विधायक संजीव सरदार ने कहा कि हमें भूमिज समाज को एकजुट करना होगा। झारखंड, पश्चिम बंगाल, ओडिशा और असम सहित कई राज्यों में हमारे समाज के लोग फैले हैं, लेकिन एकजुटता की कमी के कारण हम एक-दूसरे से जुड़ नहीं पा रहे हैं। अब समय है कि हम संगठित होकर समाज की दिशा तय करें।

विधायक श्री सरदार ने कहा कि शिक्षा मंत्री स्व. रामदास सोरेन के असामयिक निधन के बाद घाटशिला में उपचुनाव हो रहा है, जो समाज




की एकता की परीक्षा है। उन्होंने कहा कि विगत चुनाव में झामुमो ने पोटका से मुझे टिकट देकर भूमिज समाज को मान-सम्मान दिया, जिसके परिणामस्वरूप आज मैं पूरे देश में भूमिज समाज से आने वाला एकमात्र वर्तमान विधायक हूँ। यह गर्व की बात है।

विधायक ने बताया कि उन्होंने पिछले कुछ सप्ताहों में विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न भूमिज गांवों और टोलों का दौरा किया है, जहां समाज के लोगों ने खुलकर अपनी समस्याएं रखीं। उन्होंने कहा कि चुनाव के बाद समाजिक विकास को लेकर विशेष बैठक कर ठोस निर्णय लिए जाएंगे।

**झामुमो ने भूमिज समाज को हमेशा मान-सम्मान दिया : संजीव सरदार**

उन्होंने झामुमो सरकार के कार्यों का जिक्र करते हुए कहा कि सरकार पेसा कानून को सख्ती से लागू करने के लिए काम कर रही है, जिससे हमारी पारंपरिक व्यवस्था जीवित रह सके और समाज को सामाजिक मजबूती मिल सके। उन्होंने कहा कि भूमिज समाज को मान-सम्मान और अधिकार दिलाने का कार्य झामुमो ही कर सकती है। इसलिए सभी से अपील है कि घाटशिला से झामुमो प्रत्याशी सोमेश चंद्र सोरेन को एकजुट होकर जिताएं।

**घाटशिला उपचुनाव में पूरा भूमिज समाज झामुमो और सोमेश सोरेन के साथ**

इस अवसर पर आदिवासी भूमिज समाज के अध्यक्ष सुनील सिंह सरदार ने कहा कि विधायक संजीव सरदार हमारे समाज का गौरव हैं। उन्होंने हर स्तर पर समाज की आवाज बुलंद की है। इसलिए घाटशिला विधानसभा उपचुनाव में हमारा समाज झामुमो प्रत्याशी सोमेश सोरेन के साथ खड़ा रहेगा।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रीतम सिंह, झंटू सिंह, कालीराम सिंह भूमिज, शुभंकर सिंह भूमिज, तुषार कांत सरदार, प्रदीप सिंह, कार्तिक सिंह, सुकुमार सिंह, अमर सिंह सरदार, सुनील सरदार, बलराम सिंह, सुनाराम सिंह समेत हजारों की संख्या में समाज के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# भारत की एकता और आत्म गौरव का प्रतीक है वंदे मातरम:--निवेदिता सिन्हा

**समाज जागरण**

पटनाः-- राजधानी पटना के एजी कालोनी स्थित आर.सी.सेंट्रल स्कूल, के तत्वावधान में भारत की एकता और आत्म गौरव का प्रतीक राष्ट्र गीत वंदे मातरम के एक सौ पचास वर्ष पूर्ण होने के पावन अवसर पर वंदे मातरम गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसका विधिवत उद्घाटन समाजसेविका, ख्यातिप्राप्त शिक्षाविद् व राष्ट्र सेविका समिति, दक्षिण बिहार प्रांत की सह कार्यवाहिका बड़ी बहन श्रीमती निवेदिता सिन्हा दीदी के श्री कर कमलों द्वारा दीप प्रज्वलन व पुष्पार्चन कर किया गया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका डा.प्रज्ञान दीदी द्वारा किया गया जबकि अतिथि परिचय प्रधानाचार्य राकेश कुमार मिश्र ने कराया। उद्घाटन कार्यक्रम के पश्चात यह प्रतियोगिता तीन समूहों यथा शिशु वर्ग (द्वितीय से पंचम) बाल वर्ग (षष्ठ से अष्टम) एवं किशोर वर्ग (नवम- दशम) के विद्यार्थियों ने भाग लिया। सभी समूह के विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति देकर




सबों को सोचने पर बाध्य कर दिया। वहीं अपने उद्बोधन में श्रीमती निवेदिता सिन्हा दीदी ने कहा कि वंदे मातरम राष्ट्रीय एकता और आत्म गौरव का प्रतीक है।यह कोई सामान्य गीत नहीं है बल्कि इस गीत में मातृभूमि के प्रति शक्ति, भक्ति एवं दिव्यता का बोध कराता है।यह गीत राष्ट्र के प्रति समर्पण का चिर स्थाई प्रतीक बन गया।यह गीत सबसे पहले 7 नवम्बर,1885 को बंकिमचंद्र चटर्जी जी द्वारा अक्षय नवमी के दिन लिखा गया था जिसके एक सौ पचास वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर सम्पूर्ण भारत में विविध प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।उसी कड़ी में आज आर.सी.सेंट्रल स्कूल, एजी कालोनी पटना परिवार द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम सराहनीय है। धन्यवाद ज्ञापन वरिष्ठ शिक्षक श्री शिव कुमार साहू ने किया। आभार ज्ञापन करते समय इन्होंने कहा कि आप सब अपने व्यस्ततम समय में भी समय निकाल कर यहां उपस्थित हुए हैं यह विद्यालय के लिए गौरव का क्षण है।इस कार्यक्रम में प्रतिभागी बच्चों को मेडल एवं प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया गया।

# सेवानिवृत्त कर्मियों को यूनियन ने किया सम्मानित

**समाज जागरण 07.11.2025 चांद कुमार लायेक (ब्यूरो चीफ) पूर्वी सिंहभूम जमशेदपुर**

जमशेदपुर : टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन के सभागार में सेवानिवृत्त कर्मियों का मासिक विदाई सह सम्मान समारोह शुक्रवार को आयोजित की गई।



कार्यक्रम में अध्यक्ष शशि भूषण प्रसाद , महामंत्री आरके सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष अनिल शर्मा, बीके शर्मा, संयुक्त सचिव अजय भगत मुख्य रूप से उपस्थित थे। यहां यूनियन की ओर से सभी सेवानिवृत्त कर्मियों को अंगवस्त्र तथा स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। इस दौरान सेवानिवृत कर्मियों ने बारी-बारी से अपना अनुभव साझा किये तथा यूनियन के प्रति आभार जताया। कार्यक्रम का संचालन प्रकाश विश्वकर्मा ने किया।

कार्यक्रम में यूनियन के पदाधिकारी, कमेटी मेंबर तथा आरके सिंह फैंस क्लब के सदस्य मौजूद थे।

**निम्न सेवानिवृत्त कर्मियों का हुआ सम्मान।**

मोहम्मद कलाम अंसारी, गजावेली श्रीनिवास, निवेदिता चक्रवर्ती एवं यादव लाल ( सभी व्हीकल फैक्ट्री ) , परशुराम हो , अंकुरा लयांगी, विप्लब चटर्जी एवं अनुप कुमार मुखर्जी (सभी टीएमएल ड्राइव लाइन ) , गुरूपद तिवारी एवं ओमप्रकाश सिंह ( फ्रेम फैक्ट्री ) , दीपक सोय ( फाउंड्री ) , विक्टर सामोएल बारला एवं मोहम्मद कमरूजाम्मा ( इंजन )।

# हॉकी के गौरवशाली 100 वर्ष के उपलक्ष्य में हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**



रामेश्वर वाराणसी।। भारत के हॉकी खेल में गौरवशाली 100 बरस पूरे होने पर गंगापुर इंटर कॉलेज में हॉकी प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस दौरान गंगापुर इंटर कॉलेज की विद्यार्थियों ने ध्यानचंद स्पोर्टिंग क्लब व गंगा पर स्पोर्टिंग क्लब के बीच मैच खेला।मैच में दोनों टीमों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। ध्यानचंद हॉकी स्पोर्टिंग क्लब ने अंत में दो के मुकाबले चार गोल करके मैच जीत लिया। खेल शिक्षक घनश्याम चोटीवाला ने बताया कि यह मैच भारतीय हॉकी के 100 गौरवशाली बरस पूरे होने के उपलक्ष में खेला गया था। खेल में अनीश ने पहला गोल किया जबकि किसन और शिवम ने भी बेहतर खेल प्रदर्शन किया। ध्यानचंद हॉकी स्पोर्टिंग क्लब की ओर से अनीश ,शिवम, कृष्ण गुप्ता हार्दिक ने एक एक गोल किया जबकि गंगापुर स्पोर्टिंग क्लब की ओर से इरफान और ऋषभ ने एक-एक गोल किया। प्रधानाचार्य डॉक्टर श्री प्रकाश सिंह ने विजेता टीम को पुरस्कार प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। खेल का शुभारंभ स्काउट शिक्षक प्रणय सिंह ने दोनों टीम से परिचय प्राप्त करके किया। इस मौके शिक्षक हिमांशु,विकास, गीता,वंदना यादव, सहित अभिनव, आकाश, सम्राट ,अनीश यादव ज्योति, मरियम ,नंदिनी, काजल आदि उपस्थित रहे।

# विधायक अजगरा त्रिभुवन राम के नेतृत्व में भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं ने पीएम का किया स्वागत।

**समाज जागरण अनिल कुमार**



*भाजपा हरहुआ मण्डल के पदाधिकारियों ,कार्यकताओं ने डमरू वादन,पुष्पवर्षा कर हर हर महादेव के उद्घोष से किया स्वागत।

हरहुआ वाराणसी ।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दो दिवसीय 53वीं बार काशी आगमन पर लालबहादुर शास्त्री इंटरनेशनल एयर पोर्ट के बाहर व सड़क किनारे भाजपा हरहुआ मण्डल व भाजपा नेताओं ,पदाधिकारियों संग अजगरा विधायक त्रिभुवन राम के नेतृत्व में शँखवादन,दमरूवादन व पुष्पवर्षा के साथ हर हर महादेव के उद्घोष के साथ स्वागत किया गया।

पीएम ने हाथ जोड़कर व हाथ हिलाकर भाजपा नेताओं, पदाधिकारियों व कार्यकताओं का अभिवादन किया।

काशी की अतिथि देवो भवः की परंपरा को लेकर जहां अपने विकास पुरुष अजगरा विधान सभा के विधायक त्रिभुवन राम के नेतृत्व में गुलाब की पंखुड़ियां बिखेर कर स्वागत किया वहीं पर भाजपा हरहुआ मण्डल के अध्यक्ष आशुतोष मिश्रा 'अजय'व मण्डल उपाध्यक्ष अरुणेंद्र सिंह अपने मण्डल पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओ व व्यापार मंडल हरहुआ के महामंत्री वीरेंद्र गुप्ता ने विधायक टी0राम के निर्देशन में डमरू वादन, शंखध्वनि,पुष्पवर्षा कर हर हर महादेव के उद्घोष के साथ अतिथि पीएम नरेंद्र मोदी, सीएम उत्तर प्रदेश योगी नोडल प्रभारी सुरेश खन्ना सहित अन्य अतिथियों का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया।

ज्ञातव्य हो कि पीएम मोदी वाराणसी अपने संसदीय क्षेत्र को खजुराहो तक की बन्देभारत ट्रेन की सौगात देंगे और पार्टी कार्यकताओं, पदाधिकारियों से बैठक कर मुलाकात कर रात्रि प्रवास गेस्ट हाउस बरेका में करेंगे। अगले दिन सुबह 8 बजे ट्रेन को रवाना कर दरभंगा बिहार के लिए प्रस्थान करेंगे।

विधायक अजगरा त्रिभुवन राम के साथ प्रमुख रूप से रामप्रकाश सिंह'बीरू', मण्डल अध्यक्ष हरहुआ आशुतोष मिश्रा 'अजय', उपाध्यक्ष अरुणेंद्र सिंह,व्यापार मंडल हरहुआ महामंत्री वीरेंद्र गुप्ता, मण्डल अध्यक्ष चोलापुर विपिन चन्द्र राय, मण्डल अध्यक्ष आयर शैलेन्द्र पटेल, मण्डल अध्यक्ष चौबेपुर लक्ष्मण सिंह, सोनी सिंह, प्रिया सिंह, सोनाली पांडेय, राणा चौहान, शिवाजी सिंह,मोहन बाबू,विनोद सिंह सहित सैकड़ों महिला व पुरुष कार्यकर्ता हाथों में झंडा लेकर जिंदाबाद के साथ हर हर महादेव उद्घोष से स्वागत किया।

विधायक त्रिभुवन राम ने पीएम के काफिला जाने के बाद भाजपा हरहुआ मण्डल व अन्य मण्डल के पदाधिकारियों ,कार्यकताओं को आशीर्वचन ,धन्यवाद प्रदान किया।

# वंदे मातरम गीत हमें देश भक्ति की चेतना जगाने का काम करता है --जिलाधिकारी

**समाज जागरण- ब्रजमोहन सिंह**



फिरोजाबाद! राष्ट्रगीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में पूरे देश, प्रदेश में कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, बंकिम चंद्र चटर्जी द्वारा रचित इस गीत की महत्ता और मार्मिकता से युवा पीढ़ी को प्रेरित और प्रोत्साहित किया जा रहा है, जनपद में भी राष्ट्रगीत वंदे मातरम के डेढ़ सौ वर्ष पूर्ण होने पर एक भव्य कार्यक्रम जिलाधिकारी रमेश रंजन की अध्यक्षता और मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य के साथ जनपद स्तरीय अधिकारियों, स्कूली बच्चों की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में भव्यतम रूप से मनाया गया, इस दौरान लखनऊ से प्रसारित मुख्य कार्यक्रम का लाइव प्रसारण भी देखा गया, साथ ही साथ राष्ट्रगीत वंदे मातरम का सामूहिक गान किया गया, इस अवसर पर उपस्थित बच्चों को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि इस गीत की रचना 1875 में महान बांग्ला उपन्यासकार बंकिम चंद्र चटर्जी द्वारा अपने उपन्यास आनंद मठ में किया गया, यह गीत हमें विभिन्न समुदायों, संस्कृतियों और देशवासियों को एकजुट करने एवं देशभक्ति की चेतना जगाने का कार्य करता है, साथ ही साथ यह गीत हमें यह सीख देता है कि अपने कर्तव्यों का निर्वहन ईमानदारी के साथ करें, जिससे राष्ट्र की प्रगति और प्रतिष्ठा उत्तरोत्तर बढ़ोतरी होती रहे, इस गीत द्वारा मातृभूमि को शक्ति, समृद्धि और दिव्यता का प्रतीक मानते हुए भारत की एकता और स्वाभिमान को जागृत करने का कार्य किया है, यह गीत भारत की मातृभूमि के प्रति प्रेम और श्रद्धा का अनूठा उदाहरण है,

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे मोहनलाल गुप्ता, परियोजना निदेशक सुभाष चंद्र त्रिपाठी, जिला विद्यालय निरीक्षक, ए बी एस ए सहित आदि अधिकारी उपस्थित रहे।

# लो कॉस्ट नो कॉस्ट पर कार्य करके पंचायतें पा सकती है करोड़ों के पुरस्कार

**समाज जागरण**
**ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**



जनपद बिजनौर स्योहारा। राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान योजना के अंतर्गत पंचायत डेवलपमेंट प्लान एवं नेशनल पंचायत पुरुस्कार विषय पर सचिवों एवं पंचायत सहायकों का एक दिवसीय प्रशिक्षण उपनिदेशक पंचायत मुरादाबाद मण्डल मुरादाबाद के निर्देशन में डीपीआरसी गजरौला जिला अमरोहा पर आयोजित किया गया। प्रशिक्षण का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ ग्राम पंचायत विकास योजना पर प्रशिक्षण प्रदान करते हुए ईशांत कुमार शर्मा ने सभी सचिवों और पंचायत सहायकों से भारत सरकार के द्वारा निर्धारित समय सीमा में अपनी ग्राम पंचायत विकास योजना तैयार कर ई ग्राम स्वराज पर अपलोड करने का निवेदन किया।उन्होंने प्रशिक्षार्थियों को ग्राम पंचायत विकास योजना के पांचों चरणों से अवगत कराते हुए सभी को बताया की अच्छी ग्राम पंचायत विकास योजना बिना ग्राम सभा की बैठक के आयोजन के नहीं बना सकते तथा उन्होंने सभी को ग्राम पंचायत विकास योजना के पांचों चरणों से अवगत कराया` नेशनल पंचायत पुरुस्कार पर प्रशिक्षार्थियों से चर्चा करते हुए आवरण अग्रवाल ने कहा की सन 2020 से भारत सरकार के द्वारा सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए उक्त योजना लागू की जिसका उद्देश्य पंचायती राज संस्थाओ में ग्राम पंचायत स्तर पर सुशासन, समावेशी विकास को प्राप्त करना है` ये पुरुस्कार मुख्यतः दीन दयाल उपाध्याय पंचायत सतत विकास पुरुस्कार एलसडीजी की नौ थीमो में शीर्ष 3 ग्राम पंचायतों को , नाना जी देशमुख सर्वोत्तम पंचायत सतत विकास पुरुस्कार , ग्राम ऊर्जा स्वराज विशेष पंचायत पुरुस्कार,कार्बन न्यूट्रल विशेष पंचायत पुरुस्कार,पंचायत क्षमता निर्माण सर्वोत्तम संस्थान पुरुस्कार उपरोक्त श्रेणियों को नेशनल स्तर पर दिया जाता है` राज्य प्रशिक्षक रेखा सैनी के द्वारा इस अवसर पर प्रशिक्षार्थियों का आधार कार्ड वेरीफिकेशन करवाया गया। इस अवसर पर शिवम,आँचल , आलोक कुमार , पवित्र कुमार आकाश कुमार ,धर्मेन्द्र आदि मौजूद रहे।

# उमरिया के किसानों को दिया गया जैविक खेती का प्रशिक्षण

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

मीरजापुर।। नमामि गंगे परियोजना से जुड़े बायोशर्ट इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड द्वारा गुरुवार को विकासखंड पहाड़ी के उमरिया गांव में जैविक खेती किसान प्रशिक्षण का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के सैकड़ो किसानों ने जैविक खेती की जानकारी ली। अंकित पाण्डेय ने किसानों को जीवामृत और नीमास्त्र के बारे में जानकारी देते हुए किसानों को बताया कि वह जैविक खाद को अपना कर अपने उपज को बढ़ा सकते हैं। साथ ही खेत में कम हो रहे कार्बन की मात्रा को बढ़ाने के बारे में भी जोर दिया। किसान भाइयों को अपने साथ-साथ आसपास के किसानों को भी जैविक खेती के लिए प्रेरित करना चाहिए। गगन यादव ने किसानों को फसल की बुवाई के पहले बीज को अच्छी तरह से शोधित करके ही बोने के अपील की साथ ही केंद्र और राज्य सरकार द्वारा किसानों के लिए चलाए जा रहे तमाम योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी। डॉ सुरेश ने डीकम्पोजर के उपयोग और उसके लाभ के बारे मे बताये। गुरुवार को आयोजित हुए जैविक किसान प्रशिक्षण कार्यक्रम में क्षेत्र के किसान ने जैविक खाद बनाने और जैविक खेती करने का भी संकल्प लिया।

# आयुष्मान आरोग्य मन्दिर उदयपुर राष्ट्रीय स्तर पर हुआ चयन, ग्राम पंचायत में मनी खुशी

**समाज जागरण अनिल कुमार**



हरहुआ वाराणसी। हरहुआ विकास खण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत उदयपुर में स्थित आयुष्मान आरोग्य मन्दिर राष्ट्रीय गुणवत्ता मूल्यांकन में राष्ट्रीय स्तर पर चयनित होने पर ग्रामीणों में खुशी देखने को मिली।

एडवोकेट व ग्राम पंचायत वरिष्ठ सदस्य निर्माण एवं जल समिति के अध्यक्ष प्रिंस चौबे के अनुसार राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत हुए राष्ट्रीय गुणवत्ता मूल्यांकन (NQAS) में उदयपुर ग्राम पंचायत स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर उप-स्वास्थ्य केंद्र (AAM SHC Udaypur) को "क्वालिटीसर्टिफाइड" (QuAlity Certified) घोषित किया गया है।यह उपलब्धि छोटी नहीं है यह हमारे पूरे क्षेत्र की मेहनत, जागरूकता और सेवा भावना का परिणाम है।केंद्रीय टीम (National Health Systems Resource Centre – NHSRC) द्वारा चयन किया गया। यह मूल्यांकन सेवा की गुणवत्ता, स्वच्छता, मरीजों की संतुष्टि और जनसहयोग के आधार पर किया गया पुनीत कार्य है। इस केंद्र को सशक्त बनाने, सफाई व्यवस्था सुधारने, जनजागरूकता बढ़ाने और स्वास्थ्य सेवाओं को ग्राम तक पहुँचाने में पूरा सहयोग दिया गया। लगातार मेहनत किया टीम के साथ आज जब यह मेहनत राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित हुई है, यह सिर्फ अकेले नहीं पूरे उदयपुर ग्राम पंचायत की जीत है। धन्यवाद देता हूं स्वास्थ्य विभाग, पंचायत प्रतिनिधियों, आशा बहनों, आंगनबाड़ी कार्यकताओं और समर्पित ग्रामीणों का जिनके सहयोग से यह संभव हुआ।हमारा लक्ष्य अब और ऊँचा है "स्वस्थ ग्राम, स्वच्छ ग्राम, सशक्त ग्राम।"

पीएचसी प्रभारी हरहुआ सन्तोष कुमार ,स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी सतीश गुप्ता व बीपीएम बसंतलाल श्रीवास्तव के अनुसार ग्राम पंचायत और केंद्र के बेहतर समन्वयन का परिणाम रहा है जो नेशनल स्तर पर सर्टिफाइड हुआ है। वहीं आयुष्मान आरोग्य मन्दिर उदयपुर के कर्मठ स्वास्थ्य कर्मियों ,आशा बहनों,आंगनबाड़ी कार्यकताओं का जनसेवक के रूप में सराहनीय योगदान रहा है। भविष्य में यह आरोग्य मन्दिर अपने कार्यो व ग्राम पंचायत के कर्मठ कर्मवीर सहयोगियों के द्वारा अपनी पहचान बनाने में सफल रहेगी।

# जिला विज्ञान क्लब ने मनाई सर सी वी रमन की जयन्ती!

**समाज जागरण**



सिरसागंज! विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद उत्तर प्रदेश के अंतर्गत जिला विज्ञान क्लब, फिरोजाबाद द्वारा भारतीय वैज्ञानिक सी.वी.रमन की जन्मजयंती के अवसर पर जिला विज्ञान क्लब के कार्यालय पर जिला समन्वयक अश्वनी कुमार जैन ने शत शत नमन करते हुए माल्यार्पण किया। अश्वनी कुमार जैन ने छात्राओं को देश के महान वैज्ञानिक सी.वी.रमन के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि उनका जन्म 07 नवम्बर 1888 को तमिलनाडु के तिरुचिरापल्ली में हुआ था। आपके पिताजी चंद्रशेखर अय्यर भौतिकी के प्राध्यापक एवं माताजी पार्वती अम्मल एक सुसंस्कृत परिवार की महिला थीं। उन्होंने शिक्षार्थी के रूप में कई महत्वपूर्ण कार्य किए। सन 1906 में उनका प्रकाश विवर्तन पर पहला शोध पत्र लंदन की फिलॉसॉफिकेल पत्रिका में आयताकृत छिद्र के कारण उत्पन्न असीमित विवर्तन पट्टियाँ शीर्षक पर प्रकाशित हुआ था। सन 1927 में उन्होंने एक्स किरणों के प्रकीर्णन पर अध्ययन किया। जिसके अध्ययन में उन्होंने श्रेष्ठ स्पेक्ट्रम चित्र तैयार करके उन्हें मापकर तथा गणित करके उनकी सैद्धांतिक व्याख्या की गई। उन्होंने प्रमाणित किया कि प्रत्येक स्पेक्ट्रम का अंतर पारद प्रकाश की तरंग लंबाइयों में परिवर्तित होने के कारण पड़ता है। रमन प्रभाव विश्व में भौतिकी के लिए एक अद्वितीय खोज है। इसी रमन प्रभाव की खोज के कारण चन्द्रशेखर वेंकट रमन की याद में भारत में प्रत्येक वर्ष 28 फरवरी को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया जाता है। रमन प्रभाव के लिए उन्हें सन 1930 में नोबेल पुरस्कार दिया गया। इसके अतिरिक्त सन 1929 में उन्हें नाईट बैचलर, सन 1954 में भारत सरकार द्वारा भारत रत्न एवं सन 1957 में लेनिन शांति पुरस्कार से सम्मानित भी किया गया। 21 नवम्बर 1970 को बैंगलोर में उनका निधन हो गया।

इस अवसर पर कु ऐंजल यादव, खुशी यादव, स्वीटी तिवारी, माधुरी, रोहिनी, कल्पना, खुशी, आयुषी, भावना, ज्योति, करिश्मा, संगम प्रियंका, सिमरन आदि उपस्थित रहे।

# जीआरपी ने ट्रेनों के चोरी करने वाले गिरोह के चार अभियुक्त पकड़े, चोरी का माल बरामद

**समाज जागरण -ब्रजमोहन सिंह**



फिरोजाबाद। राजकीय रेलवे पुलिस ने चलती ट्रेन में चोरी करने वाले गैंग के चार लोगों को गिरफ्तार किया है। उसने महिला भी शामिल है। पुलिस ने उनको जेल भेजा है।

थानाध्यक्ष राहुल देव थाना जीआरपी फिरोजाबाद ने चैकिंग के दौरान रेलवे स्टेशन माल गोदाम के पास से एक महिला सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने पकड़े गए अभियुक्त के नाम संदीप कुमार पुत्र राजपाल सिंह निवासी ग्राम सराय अगस्त थाना नया गांव जनपद एटा, मोनू सैनी पुत्र ओमप्रकाश निवासी मौहल्ला किदवई नगर मिठ्ईया गली थाना कमालगंज जनपद फरूर्खाबाद, सुरेश पाल पुत्र बाबूराम,उमा उर्फ कल्लो उर्फ अनीता पत्नी ओमप्रकाश निवासी मौहल्ला किदवई नगर मिठ्ईया गली थाना कमालगंज जनपद फरूर्खाबाद हाल पता सुनील चाऊमीन वाले का किराये का मकान, गली नंबर 10 न्यू पुरुषोत्म नगर करबला थाना दक्षिण बताया है।

पुलिस ने उनके पास से 06 एन्ड्रायड मोबाइल फोन, 02 कीपैड मोबाइल फोन, एक मंगलसूत्र लाल व पीले मोती युक्त धागे में पिरोया हुआ पैंण्डल पीली धातु का लगा हुआ, एक बिछुआ सफेद धातु व एक नायजाज चाकू बरामद किए है। बरामद माल की अनुमानित कीमत, 1,50,000 बताई है।

सीओ जीआरपी ने बताया पकड़े गए अभियुक्त संगठित गिरोह बनाकर रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म व आने जाने वाली ट्रेनों में यात्रा कर रहे यात्रियों के मोबाईल बैग, इत्यादि सामानों की चोरी जैसी घटनाओं को अंजाम देते हैं। यह लोग ट्रेनों व प्लेटफार्म पर जगह बदल बदल कर भीड-भाड में रेल यात्रियों के साथ चोरी की घटनायें करते हैं । त्योहारों व विवाह के सीजन पर यात्रियों की अत्यधिक भीड में यात्री बनकर सफर करते हैं। मौका पाकर उनका सामान चोरी कर लेते हैं । अभियुक्त ने बताया चोरी करने के बाद वह लोग चोरी किये गये सामान को एक दूसरे को पकडा देते हैं।

# उलेड़ा बैंक में बंदरों का हमला, होमगार्ड गंभीर रूप से घायल

**समाज जागरण**
**ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**



जनपद बिजनौर। हीमपुर थाना क्षेत्र के उलेड़ा स्थित बैंक में उस समय अफरातफरी मच गई जब अचानक बंदरों के झुंड ने बैंक परिसर में हमला कर दिया। इस दौरान बैंक में ड्यूटी पर तैनात होमगार्ड सबदर हुसैन गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया जा रहा है कि सबदर हुसैन बैंक के मुख्य द्वार पर सुरक्षा ड्यूटी पर तैनात थे, तभी बंदरों का झुंड अंदर घुस आया और उन पर हमला कर दिया। बंदरों के हमले से सबदर हुसैन घायल हो गए। मौके पर मौजूद लोगों ने किसी तरह बंदरों को भगाया और घायल होमगार्ड को तुरंत चांदपुर सीएचसी (सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र) पहुंचाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उन्हें जिला अस्पताल बिजनौर रेफर कर दिया।

घटना के बाद स्थानीय लोगों में दहशत फैल गई है। ग्रामीणों ने बताया कि क्षेत्र में पिछले कई दिनों से बंदरों का आतंक बढ़ गया है, लेकिन वन विभाग द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है। लोगों ने प्रशासन से बैंक और बाजार क्षेत्र में सुरक्षा के इंतजाम बढ़ाने की मांग की है।

# हाकी संघ की स्थापना के सौ वर्ष पूरे होने पर महिला पुरुष हाकी प्रतियोगिता जज्बे -जुनून के साथ हुआ सम्पन्न।

**समाज जागरण**



वाराणसी।आज शुक्रवार को महाराज बलवंत सिंह पीजी कॉलेज गंगापुर वाराणसी में हॉकी संघ की स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर महिला एवं पुरुष हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमे खिलाड़ियों ने जोश,जुनून ,संघर्षों के साथ अपने कला का प्रदर्शन किया।

पहला मैच छात्राओं की टीम झांसी की रानी लक्ष्मी बाई एवं मदर टेरेसा के बीच प्रारंभ हुआ। मैच का उद्घाटन महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो पुरुषोत्तम सिंह ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। इस मैच में रानी लक्ष्मीबाई टीम तीन एक से विजेता रही। दूसरा मैच छात्रों की ओर से शिवाजी टीम एवं भगत सिंह टीम के बीच हुआ इस मैच में पेनाल्टी स्ट्रोक से भगत सिंह टीम चार एक से विजेता रही।

इस मैच मे रेफरी का दायित्व घनश्याम शारीरिक शिक्षा प्रभारी गंगापुर इंटर कॉलेज तथा दूसरे निर्णायक अंगद प्रसाद यादव शारीरिक शिक्षा प्रभारी महाराज बलवंत सिंह पीजी कॉलेज गंगापुर वाराणसी रहे। उद्घोषक के रूप में डॉ0 अखिला नन्द सिंह तथा स्कोरर अतुल कुमार यादव रहे।

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ0 उमेश प्रसाद डॉ0 अभिषेक अग्निहोत्री, डॉ0 अर्चना सिंह, डॉ0आशा सिंह, डॉ0 सत्य प्रकाश सिंह,डा0 ममता ,डॉ0 रेनू, कुमारी कंचन वर्मा सहित अध्यापक एवं अध्यापिकाएं सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# मिथिला के कलाकारों द्वारा भव्य रामलीला का आयोजन सफल।

**समाज जागरण धनंजय मोदनवाल**

वाराणसी मीरापुर बसही। आप सभी को विदित हो कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी रामलीला का कार्यक्रम डीह बाबा मंदिर परिसर में मिथिला (जनकपुर) से आए हुए अदभुत कलाकारों द्वारा बहुत ही भव्यता से लीला की प्रस्तुति की गई। मंदिर परिसर के इस पञ्च दिवसीय लीला के अंतिम दिवस 8 तारीख को भव्य भंडारे के आयोजन के द्वारा पूर्ण किया गया।कार्यक्रम के संयोजक अजीत गुप्ता उर्फ गुरम्मा साव जी द्वारा पूरे मंदिर परिसर की ओर से स्थानीय लोगों के साथ इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए धन्यवाद दिया गया।

# हॉकी प्रतियोगिता में डीपीएस की टीम रही विजेता

**- भारत में हॉकी के 100 वर्ष पूर्ण होने पर कराई गई प्रतियोगिता**

**समाज जागरण**

फिरोजाबाद। खेल निदेशालय एवं जिला खेल कार्यालय के तत्वावधान में शुक्रवार को भारत में हॉकी के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में बालक-



बालिका हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्यअतिथि जायंट्स ग्रुप महिला शक्ति की अधिकारी कल्पना राजौरिया एवं जिला क्रीड़ा अधिकारी मुकेश कुमार ने किया। उन्होंने खिलाड़ियों को खेल भावना के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया। मुख्यअतिथि कल्पना राजौरिया ने विजेता व उपविजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। बच्चों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि वे अथक परिश्रम और लगन से अभ्यास करें ताकि फिरोजाबाद का नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन हो सके। हॉकी प्रतियोगिता में दिल्ली पब्लिक स्कूल फिरोजाबाद की टीम विजेता रही, जबकि महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम जूनियर हाई स्कूल की टीम उपविजेता रही।

विजेता टीम में विक्की, अनुराग चौधरी, असीम यादव, अनंत गुप्ता, आयुष गुप्ता, तन्मय तेनगुनिया, अंकित राठौर, जुनैद अहमद, नित्यम राठौर, यादव, विपिन भाटिया, प्रदीप कुमार, मयंक यादव और तरुण यादव शामिल रहे। उपविजेता टीम के खिलाड़ियों में स्पर्श निषाद, आतिफ अली, अरमान, अदिल, सुवान खान, सिद्धांत, सागर, उत्कर्ष, श्यान, रिहान, रुद्रांश, वंश, मोहित, हम्मन, आयुष और मननान प्रमुख रहे।

प्रतियोगिता में ओलंपिक संघ अध्यक्ष प्रदीप भारद्वाज, अभिषेक यादव, निशांत खरे, प्रियंका रानी, शुभा गुप्ता, पूनम यादव, मनु, हरिओम यादव, रंजीत कुमार और जिला हॉकी सचिव ठा. रजीत सिंह आदि उपस्थित रहे और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। अंत में क्रीड़ा अधिकारी मुकेश कुमार ने सभी अतिथियों, निर्णायकों एवं खिलाड़ियों का आभार व्यक्त किया।

# तहसीलदार ने बीएलओ के साथ किया पत्रक का वितरण!

**समाज जागरण**

फिरोजाबाद। जसराना तहसीलदार ने बीएलओ (बूथ लेवल अधिकारी) के साथ गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत बूथों पर जाकर पत्रक का वितरण किया। वहीं तहसील में पत्रक लेने आए बीएलओ को पूरी जानकारी दी गई। कहा कि अगर एसआईआर के दौरान लापरवाही बरती गई तो संबंधित के खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।



तहसीलदार जसराना रवीश कुमार ने विस्तृत जानकारी देते हुए बताया निर्वाचक नामावली लेखन का कार्य 4 नवंबर से 4 दिसंबर 2025 तक चलेगा। इसके बाद निर्वाचक नामावली का प्रारंभिक प्रकाशन 9 दिसंबर 2025 को किया जाएगा। दावा और आपत्तियां दाखिल करने की अवधि 9 दिसंबर 2025 से 8 जनवरी 2026 तक निर्धारित है। इन आपत्तियों की जांच, सत्यापन और निस्तारण 9 दिसंबर 2025 से 31 जनवरी 2026 तक किया जाएगा। अंततः, निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन 7 फरवरी 2026 को होगा। शुक्रवार को तहसीलदार रवीश कुमार ने बूथ संख्या 345, 346,3 47, 348, 349, 345, 351, 352, 200 का निरीक्षण किया। इस दौरान बूथ लेबिल अधिकारी के साथ घर-घर जाकर गणना प्रपत्र भी दिए। पूर्व में वितरित किए जा चुके प्रपत्रों की भी जानकारी ली। इस दौरान लोगों ने सही समय में अपनी पूरी जानकारी प्रपत्र में भरने की अपील की। तहसीलदार ननेकहा यदि फॉर्म भरने में कोई समस्या आए तो अपने बीएलओ से सहयोग लें।

# टैक्स विभाग में घपलेबाजी को लेकर पीड़ितो, पार्षदों ने कांटा हंगामा

**समाज जागरण**

फिरोजाबाद। नगर निगम में शुक्रवार को पार्षदों एवं क्षेत्रिय जनता ने टैक्स विभाग में की जा रही घपलेबाजी को लेकर हंगामा काटा। नगर आयुक्त से भेंट कर दोषियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की। भाजपा पार्षद मुनेंद्र यादव के नेतृत्व में पार्षद देशदीपक यादव, रामगोपाल, राजेश यादव, नरेश शर्मा, इमरान मंसूरी क्षेत्रिय जनता को लेकर नगर निगम पहुंचे।



पीड़ितों का आरोप है कि टैक्स विभाग में जनता के साथ धोखाधड़ी की जा रही है। हिमायुपूर क्षेत्र के दो भाईयों से निगम के एक कर्मचारी ने पंद्रह-पंद्रह हजार रू. मकान का टैक्स जमा करने के लिए थे, दोनो भाईयो ने रसीद मांगी, तो एक सप्ताह बाद रसीद लेने की बात कही।

# चार दिन पूर्व घर से लापता व्यक्ति का आम के बाग में पड़ा मिला शव

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर मंडावर। शुक्रवार की सुबह मंडावर से दयालवाला रोड पर प्रकाश पब्लिक स्कूल के सामने आम के बाग मे एक व्यक्ति का शव पड़ा मिला जिसकी उम्र लगभग 40 वर्षीय है। जब आस पास के लोगो ने व्यक्ति का शव पडा देखा तो उसकी सूचना थाना मंडावर पुलिस को दी सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल बिजनौर भेज दिया।वही शव की पहचान कुलवंत सिंह पुत्र गंभीर सिंह गांव राजारमपुर निवासी के रूप में हुई परिजनों ने बताया कि वह चार दिन पूर्व बिना बताए घर से कहीं चले गए थे।थाना अध्यक्ष सुमित राठी ने बताया कि शव का पंचायतनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अभी कोई तहरीर नहीं मिली है अगर तहरीर मिलती है तो जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।



# वंदे मातरम का 150वां स्मरणोत्सव देश के नायकों, एवं बलिदानियों को नमन करने का दिन है- राज्यमंत्री श्री दिलीप जायसवाल

**आजादी की लड़ाई में राष्ट्रगीत वंदे मातरम् ने राष्ट्र को प्रकाशित कर दिया- विधायक श्रीमती मनीषा सिंह**

**शहीद स्मारक शहडोल में अतिथियों ने आजादी के दीवानों एवं शहडोल नगर के शहीद सैनिक देवेन्द्र सोनी की प्रतिमा पर श्रृद्धा सुमन अर्पित किए**



**समाज जागरण**

शहडोल - राष्ट्रगीत वंदे मातरम के 150वें स्मरणोंत्सव के अवसर पर जिला मुख्यालय शहडोल के पंडित शंभूनाथ शुक्ला विश्वविद्यालय के पुराने कैम्पस के समीप स्थित शहीद स्मारक में देश की आजादी के नायकों एवं बलिदानियों तथा शहडोल नगर के शहीद सैनिक देवेन्द्र सोनी की प्रतिमा पर प्रदेश शासन के कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री दिलीप जायसवाल, विधायक जयसिंहनगर श्रीमती मनीषा सिंह, पूर्व विधायक श्रीमती प्रमिला सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष एवं जिला योजना समिति की सदस्य श्रीमती अमिता चपरा सहित सैकड़ों भाजपा कार्यकताओं ने श्रृद्धा सुमन अर्पित किए। इस अवसर पर उपस्थित जन समूह द्वारा डॉ. दशमीत कौर अरोरा के स्वर से स्वर मिलाते हुए राष्ट्रगीत वंदे मातरम का सामूहिक गायन किया गया। कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री दिलीप जायसवाल ने कहा कि 1857 की क्रांति में अंग्रेजों के दमन के कारण देश में जो शून्यता आई थी उसे श्री बंकिमचन्द्र चटर्जी ने आनन्दमठ उपन्यास में वंदे मातरम् गीत की रचना कर एक बार पुनः स्वतंत्रता सेनानियों में देश की स्वतंत्रता के लिए जोश भर दिया। यह महागीत राष्ट्रप्रेम की जागरूकता का गीत बन गया है। आजादी के दीवानों ने देश को स्वतंत्र कराने के लिए लाठियां खाई, गोली खाई, फांसी पर चढ़े और देश को स्वतंत्र कराकर ही दम लिया। राष्ट्रगीत वंदे मातरम देश की आजादी के पूर्व एवं स्वतंत्रता के बाद के सपनों का भारत बनाने का माध्यम बन गया है। हम सबको स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के त्याग एवं बलिदान को याद करते हुए उनके सपनों का भारत बनाने के लिए लगातार प्रयास की जरूरत है।

राज्य मंत्री श्री दिलीप जायसवाल ने कहा कि आर्थिक रूप से समृद्ध एवं आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मंत्र हर घर स्वदेशी- घर घर स्वदेशी अभियान को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश में अमलीजामा पहनाने का कार्य आप सबके सहयोग से ही संभव है। आपने कहा है कि केन्द्र सरकार द्वारा जीएसटी में छूट देने तथा देश वासियों द्वारा स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने के उत्साहजनक परिणाम सामने आए हैं। त्यौहारों के दौरान 88 प्रतिशत लोगों द्वारा स्वदेशी वस्तुओं को अपनाया गया है। देश की स्वतंत्रता में भी स्वदेशी आन्दोलन का महत्वपूर्ण स्थान रहा है। विधायक श्रीमती मनीषा सिंह ने कहा कि राष्ट्रगीत वंदे मातरम के हर शब्द में मां भारती के प्रति श्रृद्धा त्याग और वीरता की भावना निहित है। हम सबको इस गीत की भावना को आत्मसात कर देश की एकता, अखंडता और प्रगति के लिए सदैव समर्पित भाव से कार्य करना चाहिए। भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती अमिता चपरा जी ने कहा कि वंदे मातरम् केवल एक गीत नहीं बल्कि यह भारत की आत्मा और संस्कृति का स्वर है। जिसने स्वतंत्रता आन्दोलन को नई दिशा और ऊर्जा प्रदान की। उन्होंने कहा कि बंकिमचन्द्र चट्टोपाध्याय द्वारा रचित गीत स्वतंत्रता संग्राम का प्रेरणा स्त्रोत बना और आज भी हमे राष्ट्रहित में कार्य करने की प्रेरणा देता है।

इस अवसर पर मुख्य भाजपा पूर्व विधायक श्रीमती प्रमिला सिंह, मनोज गुप्ता, जिला महामंत्री अमित मिश्रा, श्रीमती निधि गुप्ता, नीलम चतुवेर्दी, रचना श्रीवास्तव, जिला कोषाध्यक्ष अमित गुप्ता बंटी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी विनय केवटसहित नसीसी के कैडेट एवं जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहें। आभार भाजपा जिला उपाध्यक्ष भूपेन्द्र मिश्रा ने व्यक्त किया।

# मतदाता विशेष गहन पुनरीक्षणः भाजपा कार्यकर्ता बूथ स्तर तक जाकर अभियान को शत-प्रतिशत सफल बनाएंः आशुतोष अग्रवाल

**समाज जागरण**




उमरिया। मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) अभियान को लेकर भारतीय जनता पार्टी के द्वारा उमरिया नगर मंडल और ग्रामीण मंडल के द्वारा स्थानीय सिंधी धर्मशाला में कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें भाजपा जिला अध्यक्ष आशुतोष अग्रवाल और अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष भगवान परमार की विशेष उपस्थिति रही। कार्यशाला को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष आशुतोष अग्र वाल ने कहा कि मतदाता सूची में सही लोगों के नाम जुड़ने चाहिए और गलत या फर्जी नाम हटाए जाने चाहिए. इससे चुनाव प्रक्रिया पारदर्शी और निष्पक्ष बनेगी। कार्यकर्ता घर-घर जाकर मतदाता की पहचान करे जिनका नाम नहीं जुड़ा है उनका भी जोड़ने की प्रक्रिया कराए। रक्फ़पार्टी का बड़ा अभियान है इसलिए प्रत्येक कार्यकर्ता इस अभियान में शामिल होकर प्रत्येक बूथ तक जाकर अभियान को शत प्रतिशत सफल बनायें। उन्होंने कहा कि रक्फ़ को लेकर कांग्रेस के नेता अफवाह फैला रहे हैं लेकिन उनकी अफवाह में आने की जरूरत नहीं है। सभी के पास गाइडलाइन से संबंधित दस्तावेज उपलब्ध है। उसी के तहत सभी मतदाताओं के नाम जोड़े जाएंगे। कार्यकर्ता यह प्रयास करें कि किसी का नाम छूटने न पाए। श्री अग्रवाल ने कार्यशाला में कार्यकताओं को रक्फ़ से संबंधित बातों को पूरे विस्तार से बताया है। एससी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष भगवान परमार ने कहा कि एससी मोर्चा के समस्त कार्यकर्ता पूरे समर्पण के इस अभियान जुटे किसी का नाम छूटने नही पाए इस बात का विशेष ध्यान रखना है। उन्होंने आग्रह करते हुए बताया कि मोदी सरकार ने सबसे ज्यादा लाभ एससी समाज को दिया है। समाज के लोंगो को चिन्हित कर पार्टी से जोड़ने का काम करे। क्योंकि भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है जो सबका साथ,सबका विकास और सबके विश्वास के साथ आगे बढ़ती है। कार्यशाला में राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम का भी गायन किया गया। कार्यशाला को पूर्व जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा नेवी संबोधित किया, कार्यक्रम का संचालन महामंत्री दीपक छतवानी ने किया। इस दौरान विनय मिश्रा, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र द्विवेदी, नगर मंडल अध्यक्ष नीतू सिंह, चंदिया मंडल अध्यक्ष पुष्पेंद्र सिंह रघुवंशी, विष्णु भारती, राजेंद्र कोल, दिवाकर सिंह देवेंद्र तिवारी, नीरज चंदानी, घनश्याम वाधवानी, सुशील प्रजापति, सुजीत सिंह भदौरिया, सुनील खटीक, आशीष राय, जनपद सदस्य पूजा बैगा,पार्षद सविता सोंधिया सहित बड़ी संख्या में भाजपा के पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# कटनी जिले की राजनीति में नया चेहराः मोहम्मद इसराइल बने युवा कांग्रेस के नए जिलाध्यक्ष, 2952 वोटों से ऐतिहासिक जीत दर्ज

**समाज जागरण**



कटनी। लंबे इंतजार और गहमागहमी के बाद, युवा कांग्रेस के आंतरिक चुनाव के परिणाम घोषित हो गए हैं, जिसने कटनी जिले की राजनीतिक फिजां बदल दी है। युवा कांग्रेस के प्रदेशव्यापी चुनावों में जिले के मोहम्मद इसराइल ने जिलाध्यक्ष पद पर ऐतिहासिक जीत दर्ज करते हुए जिले की कमान संभाली है। उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी को 2952 मतों के भारी अंतर से पराजित कर यह पद हासिल किया। गौरतलब है कि हाल ही में युवा कांग्रेस द्वारा प्रदेशभर में संगठन की मजबूती और लोकतांत्रिक प्रक्रिया को बढ़ावा देने के उद्देश्य से चुनाव कराए गए थे। इन चुनावों में प्रदेश अध्यक्ष, सचिव, जिला अध्यक्ष, विधानसभा अध्यक्ष और ब्लॉक अध्यक्ष जैसे महत्वपूर्ण पदों के लिए कार्यकताओं ने वोटिंग की थी। कटनी जिले में जिलाध्यक्ष पद के लिए कुल चार उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किया था, जिसमें से मोहम्मद इसराइल सबसे आगे रहे। उनकी यह जीत जिले के युवाओं और कांग्रेस संगठन के भीतर उनके मजबूत जनाधार को दशार्ती है। शुक्रवार की देर शाम जैसे ही चुनाव परिणाम घोषित हुए और मोहम्मद इसराइल की जीत की खबर कटनी पहुंची, युवा कांग्रेस कार्यकताओं में जश्न का माहौल छा गया। सैकड़ों की संख्या में उत्साहित कार्यकताओं ने नवनियुक्त जिलाध्यक्ष मोहम्मद इसराइल का बड़वारा के मिशन चौक पर भव्य स्वागत किया। ढोल-नगाड़ों और आतिशबाजी के बीच कार्यकताओं ने उन्हें फूल-मालाओं से लाद दिया। इसके बाद मिशन चौक से लेकर परमानंद तिराहे तक विजय जुलूस निकाला गया। इस दौरान कार्यकताओं ने जोरदार नारेबाजी करते हुए अपने नए जिलाध्यक्ष के प्रति अपना समर्थन और उत्साह व्यक्त किया। जुलूस के समापन पर, मोहम्मद इसराइल ने नवनियुक्त युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष शैलू जायसवाल और युवा कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष अंशुल राजपूत के साथ शहीद परमानंद जी के स्मारक पर पहुंचे। उन्होंने शहीद को पुष्पमाला अर्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर, जिलाध्यक्ष मोहम्मद इसराइल ने अपनी जीत का श्रेय युवा कार्यकताओं की एकजुटता और अथक परिश्रम को देते हुए, उनका हृदय से धन्यवाद व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह जीत सिर्फ उनकी नहीं, बल्कि उन सभी युवाओं की है जो कटनी जिले में बदलाव चाहते है। उन्होंने आश्वासन दिया कि संगठन जिले के युवाओं की आवाज बनेगा और जनहित के मुद्दों को प्रमुखता से उठाएगा।

# बीना विधायक निर्मला सप्रे की बढ़ी मुश्किलें, हाई कोर्ट ने जारी किया नोटिस, विधायकी पर लटकी तलवार!

**समाज जागरण**

जबलपुर। मध्य प्रदेश की विधानसभा सीट बीना से विधायक निर्मला सप्रे ने कांग्रेस की सदस्यता त्याग कर भाजपा का दामन थाम लिया था मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की उपस्थिति में उन्होंने भाजपा की सदस्यता ग्रहण भी कर ली थी। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने मध्यप्रदेश विधानसभा के सभापति के समक्ष निर्मला सप्रे की विधायकी को निरस्त करने के लिए जो याचिका प्रस्तुत की थी, उसका निराकरण सभापति नरेंद्र सिंह तोमर द्वारा अब तक नहीं किया गया है। सभापति द्वारा निर्णय नहीं लिए जाने के कारण उमंग सिंघार ने हाईकोर्ट की शरण लेते हुए याचिका दायर की गई है और यह मांग की है कि निर्मला सप्रे की विधानसभा सदस्यता रद्द की जाए।

**विधायक निर्मला सप्रे को नोटिस जारी-ः**

उक्त याचिका की सुनवाई आज माननीय मुख्य न्यायाधिपति संजीव सचदेवा एवं न्यायमूर्ति विनय सराफ की युगलपीठ जबलपुर के समक्ष थी। सुनवाई के पश्चात माननीय न्यायालय द्वारा सभापति मध्यप्रदेश विधानसभा तथा विधायक निर्मला सप्रे को नोटिस जारी किया है। उमंग सिंघार की तरफ से पैरवी अधिवक्ता श्री विभोर खंडेलवाल तथा जयेश गुरनानी द्वारा की गयी। राज्य की ओर से पैरवी महाधिवक्ता श्री प्रशांत सिंह द्वारा की गई। याचिका की अगली सुनवाई 18 नवंबर को होगी।

**विधायकी समाप्त किए जाने वाली याचिका पर हुई सुनवाई-ः**

उक्त याचिका की सुनवाई के दौरान मुख्य न्यायाधीश संजीव सचदेवा ने महाधिवक्ता प्रशांत सिंह से यह प्रश्न किया कि आखिर सभापति ने 16 महीने बीत जाने के पश्चात भी नेता प्रतिपक्ष द्वारा निर्मला सप्रे की विधायकी समाप्त किए जाने वाली याचिका पर निर्णय क्यों नहीं लिया है? जबकि माननीय उच्चतम न्यायालय ने 'पाडी कौशिक रेड्डी बनाम तेलंगाना राज्य' एवं 'केशम बनाम मणिपुर राज्य' के न्याय दृष्टांत में यह निश्चित कर दिया है कि दल-बदल याचिका का निराकरण 3 माह के भीतर सभापति द्वारा किया जाना चाहिए।

**कोर्ट ने निर्मला सप्रे से जवाब तलब-ः**

नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार की ओर से पैरवी कर रहे अधिवक्ता विभोर खंडेलवाल एवं जयेश गुरनानी द्वारा यह तर्क रखा गया कि सभापति उच्चतम न्यायालय द्वारा निर्धारित किए गए विधि के सिद्धांतों के विपरीत कार्य कर रहे हैं एवं निर्मला सप्रे के विरुद्ध प्रस्तुत की गई दल-बदल याचिका का निराकरण नहीं कर रहे हैं तथा भारतीय संविधान की अनुसूची 10 के पैरा 2(1)(क) व अनुच्छेद 191 (2) के अनुसार यदि कोई विधायक दल बदल करता है तो उसकी विधानसभा से सदस्यता निरस्त की जानी चाहिए। यदि दल-बदल के बाद ऐसे व्यक्ति को विधायक रहना हो तो उसे फिर से चुनाव लड़ना पड़ता है। उक्त तर्कों से संतुष्ट होकर माननीय उच्च न्यायालय मुख्य पीठ जबलपुर द्वारा नोटिस जारी किए गए हैं तथा सभापति व निर्मला सप्रे से जवाब तलब किया है।

# [सतना में 8.18 करोड़ की लागत से तैयार हुआ था तालाब परिसर, अब इसमें लहलहा रहे गांजे के पौधे

**समाज जागरण**

सतना। शहर के सबसे आकर्षक और मॉडल प्रोजेक्ट कहे जाने वाले संतोषी माता तालाब की तस्वीर अब प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर रही है। करीब 8.18 करोड़ रुपये की लागत से स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत तैयार किए गए इस तालाब परिसर में खुलेआम गांजे के हरे-भरे पौधे लहलहा रहे हैं, लेकिन नगर निगम और स्मार्ट सिटी प्रबंधन की नजर इस पर नहीं पड़ी। आश्चर्य की बात यह है कि कुछ ही दिन पहले छठ पूजा के मौके पर इस तालाब परिसर में नगर निगम के अधिकारी और जनप्रतिनिधि मौजूद थे, जिन्होंने तालाब की सुंदरता की जमकर तारीफ की और वहां तस्वीरें भी खिंचवाईं। मगर इतने बड़े आयोजन के बाद भी गांजा के पौधे किसी की नजर में नहीं आए। स्थानीय लोगों का कहना है कि तालाब के आसपास गांजे के तीन बड़े पौधे पिछले कई दिनों से दिखाई दे रहे हैं, लेकिन जिम्मेदार विभाग मौन है। लोग चुटकी लेते हुए कह रहे हैं कि 'अगर गांजा की फूंक मारनी है, तो तालाब चले जाइए' क्योंकि अब यह तालाब घूमने या पूजा के लिए नहीं, बल्कि नशे के अड्डे की तरह नजर आ रहा है।

एक ओर पुलिस प्रशासन पूरे जिले में 'ऑपरेशन प्रहार 2.0' के तहत नशे के खिलाफ अभियान चला रही है, वहीं दूसरी ओर शहर के बीचों-बीच बने इस सार्वजनिक स्थल पर गांजा का उगना प्रशासनिक लापरवाही की जीती-जागती मिसाल बन गया है।

# स्व. सुजीत पाण्डेय की पंचम पुण्यतिथि पर डॉ.सत्यम पांडेय करेंगे भव्य सेवा कार्यक्रमो का आयोजन

**विवेक कुमार संवाददाता दैनिक समाज जागरण**

समाज के प्रति समर्पण, सेवा और संवेदनशीलता की मिसाल रहे स्वर्गीय सुजीत पाण्डेय जी की पंचम पुण्यतिथि पर आयोजित सेवा कार्यक्रम वास्तव में मानवता के सर्वोच्च आदर्शों को जीवंत करता है।डॉ. अजय पाण्डेय द्वारा अपने पिता के पदचिह्नों पर चलते हुए जरूरतमंदों, असहायों और दिव्यांगजनों के लिए कंबल व सहायता सामग्री वितरण का यह अभियान न केवल श्रद्धांजलि है, बल्कि समाज के प्रति जिम्मेदारी का प्रेरक उदाहरण भी है।यह पहल हमें याद दिलाती है कि सच्ची श्रद्धांजलि कर्म में निहित होती है, और दूसरों के दुख दूर करने से बड़ी कोई पूजा नहीं आइए, हम सब भी इस सेवा यात्रा का हिस्सा बनें और ठंड के इस मौसम में किसी जरूरतमंद के जीवन में गर्माहट बनें। आपको बता दें कि डॉ सत्यम पांडेय बोले कि पिता के सेवा भाव को समाज में जीवित रखना ही हमारा संकल्प है

# श्री श्याम भक्त मंडल मऊ द्वारा तृतीय श्याम संकीर्तन का भव्य आयोजन कराया गया

**विवेक कुमार संवाददाता दैनिक समाज जागरण**

लखनऊ नगर पंचायत मोहनलालगंज मऊ में प्राचीन दुर्गा माता मंदिर एक बार फिर भक्ति और श्रद्धा का अद्भुत संगम देखने को मिला। श्री श्याम भक्त मंडल द्वारा तृतीय श्याम संकीर्तन का आयोजन किया गया, जिसमें गायक/गायिका कंचन त्रिवेदी जी पवन मिश्रा जी आशीष चित्रवंशी जी अनुष्का मिश्रा भजन गायकों ने भक्ति रस की ऐसी धारा बहाई कि श्याम प्रेमी पूरी रात झूमते और थिरकते रहे।गुरुवार की देर शाम मऊ बाजार में हुए इस आयोजन की शुरूआत



जोत प्रज्वलन के साथ हुई। शुभारंभ श्री श्याम भक्त मंडल समिति ने संयुक्त रूप से किया।इसके बाद प्रसिद्ध भजन गायक पवन मिश्रा ने सब कुछ ह सरकार मेरा तो कुछ भी नहीं , जो होगा देखा जाएगा, और हरा हो बाबा मुझ तुझ पर भरोसा हे जैसे भजनों से माहौल भक्तिमय कर दिया। वहीं कंचन त्रिवेदी ने राधे राधे, ठाकुर जी गले लगा लो, और गोलोक के ठाकुर प्यारे जैसे भजनों से श्रोताओं को भावविभोर कर दिया जैसे मधुर भजनों से कार्यक्रम को ऊंचाई दी। संकीर्तन के दौरान बाबा श्याम का भव्य दरबार आकर्षण का केंद्र रहा, जहाँ हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने मत्था टेका।श्रद्धा और भक्ति के इस आयोजन ने यह एक बार फिर साबित कर दिया कि श्याम संकीर्तन सिर्फ एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि एक आध्यात्मिक अनुभव है, जो हर साल लोगों को जोड़ता चला जा रहा है।

# शहडोल नगर में भागवत ज्ञान महायज्ञ का हुआ भव्य आयोजन

**प्रथम दिवस ध्रुव एवं कपिल जी के चरित्र का सुंदर वर्णन धूमधाम गाजे बाजे के साथ नगर में निकाली गई भव्य कलश यात्रा**



**समाज जागरण**

शहडोल -- शहडोल नगर के बुढार रोड स्थित डी सदन मैरिज गार्डन में श्रीमद् भागवत कथा का हुआ भव्य आयोजन चित्रकूट की पावन भूमि से पधारे प्रातः स्मरणीय परम् पूज्य श्री श्री 1008 श्री स्वामी बदरी प्रपन्ना चार्य जी महाराज शहडोल की दिव्य भूमि में श्री मदभागवत की कथा का रसास्वादन कराने के लिए पधारे है जिस कथा का सुंदर संकल्प श्री चंद्रशेखर वर्मा जी ने लिया है कथा का प्रारंभ विसाल शोभायात्रा के साथ हुआ और कथा का प्रारंभ हुआ जिसमें पुराण पूजन व्यास पूजन और श्री मदभागवत जी का महात्म दर्शन कराया ।आज की कथा में पूज्य गुरुदेव भगवान ने ध्रुव जी का सुंदर चरित्र सुनाया जिसको सुनके हम संसारी मानवों को सीखना चाहिए कि भजन की कोई उम्र नहीं होती ध्रुव जी ने ५ वर्ष की आयु में भजन कर के भगवान को प्राप्त कर लिया कपिल देव जी का सुंदर चरित्र सुनाया जो हमे सिखाता है कि भगवान की भक्ति कैसे करना चाहिए । कलश शोभायात्रा में सैकड़ो की संख्या में भक्तगण बने कलश यात्रा शामिल होकर धूमधाम पूर्ण भक्ति भाव से साथ कलश यात्रा में शामिल होकर पुण्य लाभ उठाया सात दिवसीय संगीतमय भागवत कथा में आप सभी भक्तगण भी अधिक से अधिक संख्या में पधारकर पुण्य लाभ लें ।

# अमर बने जिला विकास सलाहकार समिति के सदस्य

**समाज जागरण**

अनूपपुर / मध्यप्रदेश के प्रत्येक जिले में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में जिला विकास सलाहकार समिति का गठन किया गया है। अनूपपुर जिले में गठित समिति के उपाध्यक्ष जिले के प्रभारी मंत्री होंगे। शहडोल संसदीय क्षेत्र की सांसद, जिले के समस्त विधायक, जिला पंचायत अध्यक्ष, जिले के सभी जनपद पंचायत अध्यक्ष तथा सभी नगरपालिका /नगर परिषद अध्यक्ष सहित जिले के उद्योग, व्यापार, प्रगतिशील किसान, समा जसेवा, चिकित्सा, विधि आदि क्षेत्रों के 20 प्रतिनिधियों को समिति के



सदस्य के रूप में शामिल किया गया है। कलेक्टर समिति के सदस्य सचिव होंगे। जिला विकास सलाहकार समिति के सदस्यों में व्यापारिक सेवा अमर केसरवानी वेंकट नगर के नाम शामिल है अमर भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष आनंद केसरवानी के अनुज हैं। केसरवानी के सदस्य बनने पर सांसद हिमाद्री सिंह ,भाजपा जिला अध्यक्ष हीरा सिंह श्याम, विधायक बिसाहू लाल सिंह, पूर्व विधायक रामलाल रौतेल , पूर्व विधायक सुदामा सिंह, जिला पंचायत सदस्य नर्मदा सिंह ,मंडल अध्यक्ष विजय राठौड़ ,पूर्व मंडल अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण गुप्ता, विजय शुक्ला, जिला पंचायत सदस्य रंजीत सरते, सरपंच चंद्रभान सिंह, जिला महामंत्री सिद्धार्थ शिव सिंह, श्याम नारायण शुक्ला बधाई प्रेषित की है।

# भारतीय जनता पार्टी जिला अनूपपुर ग्रामीण की कार्यशाला आयोजित

**समाज जागरण चचाई।**

निर्वाचन आयोग द्वारा संचालित मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) अभियान के अंतर्गत अनूपपुर जिले के चचाई में कार्य शाला भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष सत्यनारायण सोनी के निर्देशन में ग्रामीण मंडल में कार्यशाला आयोजित की गईं।

इन कार्यशालाओं का उद्देश्य बूथ स्तर तक मतदाता सूची के सत्यापन, नए मतदाताओं के पंजीकरण की प्रक्रिया को समझाना तथा संगठन के प्रत्येक कार्यकर्ता को इस अभियान में सक्रिय रूप से जोड़ना रहा। कार्यशालाओं में रामनारायण उर्मालिया उपस्थित रहे। उन्होंने मंडलों के कार्यकताओं को अभियान के महत्व एवं उसकी प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी।




**उर्मालिया ने अपने उद्बोधन में कहा –**

मतदाता सूची का शुद्धिकरण लोकतंत्र की मजबूत नींव है। जब सूची शुद्ध और पूर्ण होगी, तभी मतदान की प्रक्रिया निष्पक्ष और पारदर्शी बनेगी। प्रत्येक कार्यकर्ता का दायित्व है कि वह अपने-अपने बूथ क्षेत्र में जाकर हर योग्य नागरिक का नाम मतदाता सूची में जोड़वाए। कोई भी पात्र मतदाता छूटे नहीं – यही हमारा संकल्प होना चाहिए।

उन्होंने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान केवल एक प्रशासनिक प्रक्रिया नहीं बल्कि जनजागरण का कार्य है। हर बूथ स्तर पर युवा मतदाताओं को जोड़ने, मृतक या स्थानांतरित प्रविष्टियों को हटाने तथा महिला मतदाताओं के पंजीकरण को विशेष प्राथमिकता देने की आवश्यकता है। साथ ही उन्होंने सभी पदाधिकारियों से आग्रह किया कि वे BLO (Booth Level Officer) के साथ समन्वय बनाकर घर-घर संपर्क अभियान चलाएँ। मंडल कार्यशाला में जिला महा मंत्री जितेंद्र सोनी चचाई मंडल में आयोजित कार्यशाला को संबोधित करते हुए जिला महामंत्री जितेंद्र सोनी ने कहा – यह अभियान केवल निर्वाचन आयोग का नहीं, बल्कि प्रत्येक जिम्मेदार नागरिक का है। BLO द्वारा किए जा रहे घर-घर सत्यापन में हमें सहयोग करना है। प्रत्येक बूथ पर यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी नया मतदाता नाम दर्ज कराने से वंचित न रहे। उन्होंने कार्यकताओं को BLO द्वारा वितरित Enumeration Formध्यानपूर्वक भरवाने एवं समय पर जानकारी जमा करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने मंडल स्तर पर BLO ((Booth Level Agent)) की भूमिका और जिम्मेदारियों पर विस्तार से चर्चा की। कार्यशाला में मंडलअध्यक्ष सत्यनारायण सोनी ,जितेंद्र सोनी, रामनारायण उर्मालिया, ज्योति शर्मा, रश्मि खरे,चंद्रिका द्विवेदी ,बद्रीश सिंह,बृजेंद्र तिवारी, सुभाष मिश्रा,राज तिवारी,दशरथ नायक, सुमित सिंह,विश्वनाथ कहार, सौरभ सिंह ,सौरभ कोरी,दीपू कोल,अजय यादव मीडिया प्रभारी अखिलेश सिंह सहित बड़ी संख्या में मंडल पदाधिकारी, महामंत्री, बूथ अध्यक्ष एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# रीवा जिले में सक्रिय हुआ जुआ सिंडिकेट, अभी भी थानों के साए में चल रहा हार जीत का दांव-पेंच का खेल

**समाज जागरण**

रीवा। रीवा आईजी जोन गौरव राजपूत के निर्देश में हाल में ही जुए की फड़ में कार्यवाही के दौरान लापरवाही करने पर पुलिसकर्मियों पर हुई एक बड़ी कार्रवाई के बाद, जुआंडियो ने बनाया सिंडिकेट,सूत्रों के मुताबिक, जुआ की फड़ संचालकों ने अब नया गठजोड़ (सिंडिकेट) बना लिया है। आपसी सहमति से शहर में अलग-अलग स्थानों पर जुए की फड़ें संचालित की जा रही हैं। और सबसे हैरान करने वाली बात यह है कि जिस थाने में पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई हुई थी, उसी थाना क्षेत्र में दांव-पेंच का खेल अभी भी जोरों पर है।

आपको बता दे के थाना प्रभारी की सक्रियता में शुरू हुआ 52 पत्तों का खेल अब छुट्टी में गए पुलिस अधिकारी का बाकायदा उठा रहा है फायदा,शीघ्र खुलासा!

# रेडक्रॉस का निर्वाचन निर्विरोध सम्पन्न।

**पूर्व आईएएस डॉ श्याम सिंह कुमरे भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी, के चेयरमैन बने**

**समाज जागरण**

उमरिया --- मध्यप्रदेश राज्य शाखा का निर्वाचन गुरुवार 6 नवंबर 2025 को निर्विरोध सम्पन्न हुआ। यह निर्वाचन कलेक्टर जिला भोपाल एवं निर्वाचन अधिकारी के तत्वाधान में भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी शाखा समिति नियम 2017 के प्रावधानों तथा माननीय राज्यपाल महोदय के निदेर्शों एवं अनुमोदन के अनुसार कराया गया। रेडक्रॉस के जनरल सेक्रेटरी श्री रामेन्द्र सिंह ने बताया कि प्रदेश की 47 जिला शाखाओं से निर्वाचित जिला प्रतिनिधियों के नाम प्राप्त होने के बाद राज्य स्तरीय पदों के लिए निर्धारित समय-सारणी के अनुसार नामांकन प्रक्रिया सम्पन्न



हुई। नामांकन प्रक्रिया के दौरान चेयरमैन पद के लिए सिवनी के डॉ श्याम सिंह कुमरे पूर्व आईएएस, वाइस चेयरमैन पद के लिए रतलाम के श्री मनीष रावल तथा मानसेवी कोषाध्यक्ष पद के लिए बेतुल के श्री दीपेश मेहता ने नामांकन दाखिल किया। निर्धारित अवधि में अन्य कोई प्रत्याशी नामांकन नहीं दाखिल करने से तीनों पदों पर निर्वाचन निर्विरोध घोषित किया गया। निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर भोपाल द्वारा निर्विरोध निर्वाचन की घोषणा की गई तथा उसका प्रतिवेदन माननीय राज्यपाल महोदय को भेजा गया है। राज्यपाल महोदय द्वारा शीघ्र ही नवनिर्वाचित पदाधिकारियों एवं 47 जिला शाखाओं के निर्वाचित प्रतिनिधियों को शपथ दिलाई जाएगी और नई प्रबंध समिति का गठन किया जाएगा। ज्ञात हो कि डॉ श्याम सिंह कुमरे पूर्व आईएएस मध्यप्रदेश से ही हैं और इस पद पर पहली बार आदिवासी समाज से कोई व्यक्ति रेड क्रॉस सोसाइटी के पद पर निर्वाचित हुआ है। सुप्रीम कोर्ट में एडवोकेट विक्रांत सिंह कुमरे के पिता हैं । विदित होवे की डॉ श्याम सिंह कुमरे ,उमरिया जिले में अपने सेवा काल में कलेक्टर के पद पर सुशोभित रह चुके हैं।

# अनियंत्रित बाइक गिरी एक की मौत दूसरा घायल

**समाज जागरण फतेहपुर ब्यूरो आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर। सुल्तानपुरघोष थाना क्षेत्र के सरांय के समीप गुरूवार की शाम अनियंत्रित होकर बाइक गिर जाने से दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। जिन्हे उपचार के लिए हथगाम सीएचसी ले जाया गया। जहां एक को चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। वहीं दूसरे का इलाज किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार कौशाम्भी जनपद के थाना कड़ाधाम गांव लेहदरी गांव निवासी मक्खन लाल का 30 वर्षीय पुत्र ब्रजेश कुमार अपने साथी राजू पुत्र बड़कू लाल 30 के साथ बाइक से ननिहाल से वापस लौट रहे थे। जैसे ही यह लोग सरांय के समीप पहुंचे अनियंत्रित होकर गिर गयी। जिससे ब्रजेश व राजू गंभीर रूप से घायल हो गये। सूचना पर मौके में पहुंची सरकारी एम्बुलेंस ने घायल को उपचार के लिए सीएचसी लाया गया। जहां चिकित्सक ने ब्रजेश कुमार को मृत घोषित कर दिया। वहीं राजू का इलाज चल रहा है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन ग्रह भेज दिया। घटना के बाद मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया।

# संदिग्ध अवस्था में युवक की हालत बिगड़ी, इलाज दौरान मौत

**समाज जागरण फतेहपुर ब्यूरो आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर। औंग थाना क्षेत्र के परसदेपुर में संदिग्ध परिस्थितियों 30 वर्षीय युवक की हालत बिगड गयी। जिसे उपचार के लिए कानपुर प्राइवेट नर्सिंग होम ले जाया गया। जहां इलाज दौरान उसकी मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार परसदेपुर गांव निवासी कृष्णकान्त तिवारी का पुत्र अखिलेश उर्फ सोनू की अचानक तबियत बिगड़ गयी। जिस पर परिजन उसे लेकर कानपुर प्राइवेट हास्पिटल में भर्ती कराया। जहां इलाज दौरान उसकी मौत हो गयी। जिस पर परिजन शव को लेकर वापस गांव आ गये और पुलिस को सूचना दे दी। मौके में पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन ग्रह भेज दिया। पोस्ट मार्टम हाउस में मृतका के पिता कृष्ण कान्त तिवारी ने बताया कि उसका बेटा उसके साथ नहीं रहता था। दो सालों से अलग था और किसी लड़की से उसने शादी कर लिया था कभी कदार घर आता था। मृतक के पिता ने बताया कि कल बहू ही बेटे को साथ लेकर आयी। उस वक्त अखिलेश के मुह से झाक निकल रहा था। जिस पर उसे उपचार के लिए कानपुर प्राइवेट नर्सिंग होम ले जाया गया। जहां इलाज दौरान पुत्र की मौत हो गयी। पिता के अनुसार मामला संदिग्ध लग रहा है। पुलिस का कहना है कि पोस्ट मार्टम रिर्पोट के बाद ही मृत्यु का कारण सामने आयेगा। युवक की मौत जहर खाने से यह आकस्मिक मौत है।

# मार्ग दुर्घटनाओं में महिला दो घायल

**समाज जागरण फतेहपुर ब्यूरो आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर। जनपद के अलग-अलग थाना क्षेत्रों के अर्न्तगत हुये सड़क हादसों के दौरान महिला समेत दो लोग घायल हो गये। जिन्हे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जहां एक की हालत गंभीर देखते हुये कानपुर के लिए रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार खागा कोतवाली क्षेत्र के रामपुर गांव निवासी मोहन लाला अपनी 49 वर्षीय पत्नी उषा को बाइक में बैठा कर रिश्तेदारी में जा रहा था। तभी थरियांव थाने के मीरपुर के समीप बाइक अचानक गड्ढे में उछलने के कारण महिला चलती बाइक से गिर कर घायल हो गयी। इसी प्रकार खागा कोतवाली क्षेत्र के संग्रामपुर गांव निवासी राम लखन का 30 वर्षीय पुत्र धीरज बाइक से किसी काम से थरियांव आया था। इसी बीच उसकी बाइक बिगड़ गयी। जिस पर वह ई-रिक्शा में टोचिंग कर घर वापस जा रहा था। तभी अचानक ई-रिक्शा चालक द्वारा तेज चला देने पर बाइक सहित युवक गिर पड़ा। जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया। सूचना पाकर मौके में पहुंची सरकारी एम्बुलेंस ने दोनो घायलों को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। जहां इमरजेन्सी में तैनात चिकित्सक ने धीरज की हालत चिन्ता जनक देखते हुये कानपुर मेडिकल कालेज के लिए रेफर कर दिया।

# पुलिस कप्तान ने राज्यपाल कार्यक्रम स्थल का किया निरीक्षण

**समाज जागरण**

सिद्धार्थनगर। पुलिस अधीक्षक डाक्टर अभिषेक महाजन ने जनपद के कपिलवस्तु विश्वविद्यालय में आगामी 10 नवंबर को प्रस्तावित राज्यपाल के कार्यक्रम स्थल की सुरक्षा व्यवस्था का गहनता से निरीक्षण किया,निरीक्षण के दौरान हेलीपैड और कार्यक्रम स्थल सहित विभिन्न बिंदुओं पर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए, जानकारी के मुताबिक उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल का जनपद सिद्धार्थनगर में आगमन 10 नवंबर 2025को कपिलवस्तु विश्व विद्या लय, थाना कपिलवस्तु में प्रस्तावित है,इसी के मद्देनजर,पुलिस अधीक्षक डाक्टर अभिषेक महाजन और अपर



पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद ने संयुक्त रूप से सुरक्षा तैयारियों का जायजा लिया,निरीक्षण के दौरान, अधिकारियों ने कार्यक्रम स्थल की सुरक्षा व्यवस्था, हेलीपैड की स्थिति और अन्य महत्वपूर्ण पहलुओं की बारीकी से जांच की। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी सदर विश्वजीत सौरयान और प्रभारी निरीक्षक कपिलवस्तु संतोष कुमार तिवारी सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# खुलाशा : प्रेम प्रसंग के चलते खेसरहा थाना क्षेत्र में हुई थी युवक की हत्या

## शादीशुदा था मृतक कृष्ण देव उर्फ रोहित पाण्डेय

**समाज जागरण**

सिद्धार्थनगर। प्रेम प्रसंग के चलते जिले के खेसरहा थाना क्षेत्र स्थित बरनवार गांव में एक युवती ने युवक को अपने घर भोजन पर बुलाकर अपनी बहन और भाई की मदद से उसके ऊपर पेट्रोल उड़ेलकर आग लगा दिया,जिसमें युवक गंभीर रूप से झुलस गया था उसे बीआरडी मेडिकल कॉलेज गोरखपुर में भर्ती कराया गया जहां उसकी मौत हो गई,पुलिस ने इस मामले में मुकदमा दर्ज कर दोनों युवतियों को गिरफ्तार कर लिया है और उनके आरोपी भाई की तलाश कर रही है,खेसरहा थाना क्षेत्र स्थित बरनवार गांव निवासी नृत्यगोपाल का पुत्र कृष्णदेव उर्फ रोहित पांडेय (32) बुधवार की रात में संदिग्ध परिस्थितियों में बुरी तरह झुलस गया। परिजनों ने उसे जिला अस्पताल पहुंचाया। जिला अस्पताल में चिकित्सकों ने कृष्णदेव उर्फ रोहित पांडेय की हालत गंभीर देखकर उसे रेफर कर दिया,परिजनों ने उसे बीआरडी मेडिकल कॉलेज गोरखपुर में भर्ती करा दिया जहां गुरुवार की दोपहर में कृष्णदेव की मौत हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस मामले में कृष्णदेव की पत्नी पूनम ने खेसरहा थाने में तहरीर देते हुए आरोप लगाया कि विगत दिनों तकरीबन 8 बजे गांव की ही दो युवतियों ने उसके पति को अपने घर पर भोजन करने के बहाने बुलाया,धोखे से दोनों युवतियों ने उसके पति के ऊपर पेट्रोल डाल दिया,उनके भाई राकेश ने माचिस जलाकर आग लगा दी,उसके पति धू-धू कर जलने लगे। उन्होंने किसी तरह कपड़ों में लगी आग बुझाई। हालांकि वह तब तक 70 फीसदी जल गए थे। थानाध्यक्ष अनूप कुमार मिश्र ने बताया कि तहरीर के आधार दोनों युवतियों और उनके भाई राकेश के खिलाफ पर 109 (1) ,118(2) बीएनएस के तहत केस दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने दोनों आरोपित युवतियों को गिरफ्तार भी कर लिया है,बताते चलें कि पहले तो यह मामला रहस्यमयी बना हुआ था,लेकिन जांच में अब प्रेम प्रसंग सामने आया है।

# कपिलवस्तु पुलिस ने अभियुक्त को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**समाज जागरण**

सिद्धार्थनगर। पुलिस अधीक्षक डॉक्टर अभिषेक महाजन के आदेश के क्रम में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत, प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में तथा विश्वजीत



सौरयान क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल पर्यवेक्षण में व संतोष कुमार तिवारी प्रभारी निरीक्षक कपिलवस्तु मयफोर्स के नेतृत्व में मु0अ0सं0 77/2025 धारा 70(1), 70(2), 351(3), 115(2) बीएनएस व 5/6 पाक्सो एक्ट व 67 आईटी एक्ट थाना से सम्बन्धित एक नफर वांछित अभियुक्त को कपिलवस्तु बाजार से जुरेद अहमद पुत्र फिरोज अहमद निवासी पचगवा को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही पूर्ण कर माननीय न्यायालय भेजा गया।

# कन्नौज: विशेष गहन मतदाता सूची पुनरीक्षण को लेकर राजनैतिक दलों के साथ बैठक

**समाज जागरण बृजेश चतुर्वेदी**

कन्नौज। जिला निर्वाचन अधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट कार्यालय कक्ष में विधान सभा निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (SIR), मतदेय स्थलों के पुनर्संयोजन तथा विधान परिषद के लिए तैयार की जा रही नई मतदाता सूची के संबंध में जनपद के समस्त मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के जिलाध्यक्षों/प्रतिनिधियों की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी ने आग्रह किया कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत सभी राजनीतिक दल अपने-अपने बूथ लेवल असिस्टेंट की नियुक्ति समय से सुनिश्चित करें तथा कार्यकाल के दौरान आवश्यक सूचनाएं उपलब्ध कराएं। अब तक भारतीय जनता पार्टी के 1236 एवं समाजवादी पार्टी के 18 बी.एल.ए. नियुक्त किए जा चुके हैं। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि एक बी.एल.ए. प्रतिदिन अधिकतम 50 भरे हुए गणना प्रपत्र संबंधित बी.एल.ओ. को जमा करा सकता है।



जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार किसी भी एक मतदेय स्थल पर 1200 से अधिक मतदाता नहीं होंगे। इस संबंध में सभी एस.डी.एम./ई.आर.ओ. को निर्देशित किया गया है कि ऐसे स्थलों की पहचान कर उसी केंद्र पर आवश यकतानुसार नया मतदान स्थल बनाया जाए। इस विषय पर सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने सर्वसम्मति से सहमति व्यक्त की। उन्होंने कहा कि विधान परिषद मतदाता सूची के निर्माण हेतु दिनांक 06 नवम्बर 2025 तक प्रपत्र फार्म-18 (स्नातक निर्वाचन) : ऑनलाइन 1560 तथा ऑफलाइन 4690, कुल 6250 आवेदन एवं फार्म-19 (शिक्षक निर्वाचन) : ऑनलाइन 404 तथा ऑफलाइन 1734, कुल 2138 आवेदन प्राप्त हुए हैं। कहा कि बी.एल.ओ. मानदेय के रूप में कुल ₹15, 22,000 की धनराशि प्राप्त हो चुकी है, जिसे तीन दिवस के भीतर उनके बैंक खातों में स्थानांतरित कर दिया जाएगा। बैठक में अपर जिलाधिकारी (वि०/रा०) देवेंद्रसिंह, उप जिला धिकारी सदर सुश्री वैशाली, प्रशिक्षु आईएएस अर्पित कुमार, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी विनीत कटियार सहित सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के जिलाध्यक्ष एवं प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

# कन्नौज: वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने पर सामूहिक वाचन एवं स्वदेशी संकल्प कार्यक्रम

**समाज जागरण बृजेश चतुर्वेदी**

कन्नौज। विधायक तिर्वा कैलाश राजपूत एवं जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में राष्ट्रवाद के अग्रदूत बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय जी द्वारा रचित राष्ट्रगीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सामूहिक वाचन एवं स्वदेशी का संकल्प कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस अवसर पर मा० प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के उद्बोधन का सजीव प्रसारण उपस्थित जनों द्वारा देखा एवं सुना गया। विधायक तिर्वा कैलाश राजपूत ने अपने संबोधन में कहा कि ह्यवंदे मातरम्ह्ल केवल एक गीत नहीं, बल्कि यह हमारी राष्ट्रीय अस्मिता, मातृभूमि के प्रति श्रद्धा और स्वतंत्रता की भावना का प्रतीक है। हमें अपने राष्ट्र के गौरव और स्वदेशी मूल्यों को आत्मसात करते हुए देश की उन्नति में योगदान देना चाहिए।



जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने कहा कि इस गीत ने स्वतंत्रता संग्राम के दौरान देशवासियों के हृदय में नव चेतना और राष्ट्रभक्ति का संचार किया था। आज इसके 150 वर्ष पूर्ण होने पर हम सभी को यह संकल्प लेना चाहिए कि हम स्वदेशी उत्पादों को अपनाकर आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में भागीदारी निभाएं। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया, मुख्य विकास अधिकारी रामकृपाल चौधरी, जिला विकास अधिकारी नरेंद्र देव द्विवेदी, उपायुक्त स्वतः रोजगार राजकुमार लोधी, परियोजना निदेशक डी०आर०डी०ए० राम औतार सिंह, उपायुक्त मनरेगा दिनेश यादव, जिला पर्यटन अधिकारी डॉ एम0मकबूल, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संदीप कुमार, उप निदेशक कृषि संतोष कुमार, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी अनुपम राय सहित विभिन्न विभागों के अधिकारीगण एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# कन्नौज: एडीएम ने की जले रिकार्ड वाले राजस्व ग्रामो के अभिलेखों की समीक्षा

**समाज जागरण बृजेश चतुर्वेदी**

कन्नौज। अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) देवेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में जले हुए गांवों के भू-अभिलेख तैयार करने, सर्वेक्षण एवं अभिलेखीय प्रक्रिया से संबंधित बैठक संपन्न हुई। बैठक में अपर जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि गाँवों के सर्वेक्षण एवं अभिलेख तैयार करने की प्रक्रिया को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण किया जाए। उन्होंने बताया कि गदनपुर बड्डु में प्रपत्र-7 की दूसरी प्रति तैयार की जा रही है, जिसे एक माह के भीतर पूर्ण कर लिया जाए। इसी




प्रकार कटरी रायपुर लड़ैता में प्रपत्र-8 तैयार किए जाने का कार्य प्रारम्भ हो चुका है, जिसे फरवरी 2026 तक हर हाल में पूर्ण कर लिया जाए। अपर जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि चांदपुर कछोहा में रकबे के मिलान की प्रक्रिया शीघ्र आरंभ की जाए तथा सभी अधिकारी अपने कार्य के प्रति उत्तरदायित्व एवं संवेदनशीलता के साथ कार्य करें ताकि सर्वेक्षण प्रक्रिया समयबद्ध ढंग से पूर्ण हो सके। उन्होंने कहा कि छिबरामऊ क्षेत्र के 25 में से 24 ग्रामों के नक्शे प्राप्त हो चुके हैं, अतः शीघ्र ही अभिलेख मिलान का कार्य प्रारम्भ किया जाए। उन्होंने कहा कि लोगों की समस्याओं का समाधान करना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है, इसलिए अभिलेख तैयार किए जाने के कार्य में और अधिक गति एवं पारदर्शिता लाई जाए। बैठक में अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) विजय कुमार मिश्र, उप जिलाधिकारी अविनाश कुमार, नवनीता राय सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# कन्नौज: भाजपा ने कार्यकताओं को सघन मतदाता पुनरीक्षण को लेकर किया जागरूक

**समाज जागरण बृजेश चतुर्वेदी**

कन्नौज। मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण के संदर्भ में मानीमऊ एवं जलालाबाद मंडलों की कार्यशालाएँ आज निजी गेस्ट हाउस में आयोजित की गई। कार्यशाला की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया ने की वही मुख्य अतिथि के रूप में मंत्री असीम अरुण व विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व जिला अध्यक्ष कानपुर उत्तर दीपू पांडेय उपस्थित रहे। मंच पर जिला प्रभारी इंद्र पाल सिंह पटेल, संजू कटियार, अनिल दुबे, विजय मिश्रा सहित पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य मतदाता सूची में नाम जोड़ना, त्रुटियों को सुधारना और नए मतदाताओं को शामिल करना था। कार्यकर्ताओं को इस अभियान में जुड़ने के निर्देश दिए गए कि वे अपने क्षेत्रों के अन्तर्गत आने वाले बूथों पर सक्रिय रहकर हर घर तक संपर्क अभियान चलाएं। मुख्य अतिथि मंत्री असीम अरुण अपने संबोधन में कहा कि एसआईआर कार्यक्रम घोषित हो गया है हम सब गहनता से मतदाता सूची के पुनरीक्षण का काम करना है और पार्टी ने भी जमीनी स्तर पर सक्रियता बढ़ाने का निर्णय लिया है। उन्होंने बताया कि पार्टी अब



बीएलओ की तर्ज पर अपने ब्लॉक लेवल एजेंट (बीएलए) नियुक्त करेगी, जो घर-घर जाकर मतदाता सूची की पड़ताल करेंगे। उन्होंने आगे कहा कि निर्वाचन अधिकारी के साथ समन्वय स्थापित कर फर्जी और दोहरे वोटरों को हटाया जाएगा, तथा विशेष रूप से जिनके वोट नहीं बने ऐसे नए मतदाता बनवाना है युवा मतदाताओं के नाम जोड़े जाएंगे। उन्होंने इस अभियान को जन आंदोलन का रूप देने का आह्वान किया। विशिष्ट अतिथि दीपू पांडे व जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं को पूरी निष्ठा के साथ एसआईआर अभियान में जुड़ना है और फर्जी मतदाताओं को चिन्हित कर उनके वोट कटवाने हैं और सही मतदाताओं के वोट बनवाने हैं हम सब को समाज, राष्ट्र और लोकतंत्र की मजबूती के लिए हमेशा तत्पर रहना हैं। उन्होंने कहा इस अभियान के माध्यम से हम लोकतंत्र को भी मजबूत करेंगे और लोकतंत्र की मजबूती हम सब को अपना योगदान देने का अवसर मिलेगा यह हमारे लिए बड़े सौभाग्य का विषय है । इस मौके पर मंडल अध्यक्ष राजेश राजपूत मंडल उपाध्यक्ष रचित त्रिवेदी महामंत्री रजनीश कटियार महामंत्री सोनू ठाकुर जिला मंत्री विशाल दुबे आर एस कठेरिया कुलदीप दोहरे बालकृष्ण दुनिया, शिवकुमार यादव ,शोभाराम पाल सहित सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# लापरवाही से टेंपो चलाने पर मुकदमा दर्ज

**समाज जागरण**

कैराना।( उस्मान चौहान) मोहल्ला बिसातियान निवासी अनुज ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई कि बुधवार सुबह वह गढ़मुक्तेश्वर से अपने घर वापस आ रहा था। शामली से वह एक सवारी टेंपो में बैठ गया। इस दौरान शामली रोड पर जगनपुर से मन्ना माजरा के बीच में टेंपो चालक शहजाद निवासी मोहल्ला आलदरमियान ने लापरवाही से टेंपो चलाते हुए सामने से आ रही स्विफ्ट गाड़ी में टक्कर मार दी। वह स्विफ्ट गाड़ी और टेंपो के बीच फसकर बुरी तरह घायल हो गया। बाद में टेंपो चालक ने स्विफ्ट गाड़ी चालक से सांठगांठ करके स्विफ्ट गाड़ी को वहां से भगा दिया। डायल 112 पुलिस ने उसे सरकारी अस्पताल पहुंचाया। एक्सीडेंट में उसका जबड़ा और पसलियां टूट गई थी। जिसे चलते डॉक्टर ने उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया था। उसका उपचार शामली प्राइवेट नर्सिंग होम में चल रहा है। मामले में पुलिस ने टेंपो चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया।

# चोरी के दो मोबाइल और चाकू के साथ एक गिरफ्तार

**समाज जागरण**

कैराना।( उस्मान चौहान) बृहस्पतिवार रात पुलिस शामली रोड पर गस्त कर रही थी। इस दौरान पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक युवक को रोककर तलाशी ली। तलाशी के दौरान आरोपी के पास से चोरी के दो मोबाइल और एक चाकू बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपी शाहरुख निवासी मोहल्ला नई बस्ती खेल कला के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करके चालान कर दिया

# कन्नौज: बन्दरो का आतंक अब राजनैतिक अखाड़ा बना, सांसद और मंत्री आमने- सामने

**समाज जागरण बृजेश चतुर्वेदी**

कन्नौज। बंदरों के आतंक से जुड़ी खबर को समाजवादी पार्टी (सपा) के सांसद और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया पर शेयर कर पूछा-सांकेतिक बंदरों की बात करने वाले असली बंदरों की समस्या से यूपी को कब मुक्त कर रहे हैं? इसके जवाब में भाजपा के विधायक और उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री ने भी सोशल मीडिया पर पलटवार किया। उन्होंने अपनी पोस्ट में लिखा, "जिनका पार्टी ऑफिस ही बंदरिया बाग में हो, उन्हें बंदरों से दुश्मनी नहीं पालनी चाहिए।"

6 नवंबर को कन्नौज के कलक्ट्रेट, रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड के आसपास बंदरों की बढ़ती समस्या पर एक रिपोर्ट प्रकाशित हुई थी। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और कन्नौज सांसद अखिलेश यादव ने इस वीडियो को सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए सरकार से सवाल किया। उन्होंने पूछा कि "सांकेतिक बंदरों की बात करने वाले असली बंदरों की समस्या से

**उत्तर प्रदेश को कब मुक्त कर रहे हैं?"**

पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का यह सवाल मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की एक पुरानी टिप्पणी से संबंधित था। योगी आदित्यनाथ ने बिहार चुनाव प्रचार के दौरान 'इंडी गठबंधन' के नेताओं को 'अप्पू, पप्पू और टप्पू' करार देते हुए उनकी तुलना बंदरों से की थी। हालांकि, कुछ ही देर बाद सदर विधायक और उत्तर प्रदेश सरकार में समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण ने भी सोशल मीडिया पर सपा मुखिया अखिलेश यादव से सवाल किया। उन्होंने अपनी पोस्ट में लिखा, "जिनका पार्टी ऑफिस ही बंदरिया बाग में हो, उन्हें बंदरों से दुश्मनी नहीं पालनी चाहिए।

मंत्री अरुण ने आगे कहा कि समस्या बंदर नहीं, बल्कि इंसान हैं, जिन्होंने उनका प्राकृतिक ठिकाना काट और उजाड़ दिया है। उन्होंने यह भी बताया कि सरकार इस समस्या के समाधान के लिए निरंतर काम कर रही है और अखिलेश यादव से कन्नौज के लिए सुझाव भी मांगे। मंत्री असीम अरुण की इस पोस्ट के बाद स्थानीय सपा नेताओं ने भी सोशल मीडिया पर भाजपा सरकार से सवाल करने शुरू कर दिए, जिससे बंदरों से जुड़ा यह प्रकरण एक राजनीतिक मुद्दा बन गया।

# झाड़खेड़ी में 15 माह पूर्व हुई चोरी का खुलासा नही, एसपी से गुहार

**कैराना।(सलीम चौधरी)**

झाड़खेड़ी गांव में 15 माह पूर्व हुई चोरी की घटना का खुलासा न होने पर पीड़ित अधिवक्ता ने एसपी शामली को प्रार्थना दिया है। पीड़ित अधिवक्ता ने घटना का शीघ्र खुलासा न होने पर मुख्यमंत्री, प्रमुख सचिव व गृहमंत्री को पत्र भेजने की बात कही है। क्षेत्र के गांव झाड़खेड़ी निवासी अवधेश सैनी एडवोकेट ने एसपी शामली नरेंद्र प्रताप सिंह को प्रार्थना-पत्र दिया है। बताया कि विगत 09/10 अगस्त 2024 की रात्रि अज्ञात चोरों ने उसके घर पर धावा बोलकर करीब तीस लाख रुपये के सोने-चांदी के जेवरात व लाइसेंसी बंदूक चोरी कर ली थी। घटना का मुकदमा कैराना कोतवाली पर दर्ज है। पत्र में बताया गया है कि घटना को 15 माह का समय बीत चुका है, लेकिन कोतवाली पुलिस व एसओजी टीम चोरी की घटना का खुलासा नही कर पाई है। पुलिस चोरी की घटना में शामिल किसी भी आरोपी को गिरफ्तार नही कर पाई है और न ही चोरी किया गया सामान बरामद कर सकी है। घटना के बाद से ही वह और उसका परिवार दहशत के साये में जी रहा है। पत्र में घटना का खुलासा कराकर आरोपियों को गिरफ्तार कराने तथा चोरी हुआ सामान बरामद कराने की गुहार लगाई गई है। साथ ही, अधिवक्ता ने घटना का शीघ्र खुलासा न होने पर पुलिस के उच्चाधिकारियों, मुख्यमंत्री, प्रमुख सचिव व गृहमंत्री को पत्र लिखने की बात कही है।

# बसेड़ा में जानलेवा हमले के तीन वांछित आरोपी गिरफ्तार, जेल रवाना

**समाज जागरण कैराना। (सलीम चौधरी)**

तीन माह पूर्व गांव बसेड़ा में घर में घुसकर जानलेवा हमला करने के मामले में वांछित चल रहे तीन आरोपियों को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पकड़े गए तीनों आरोपियों का पुलिस ने चालान कर दिया है। विगत 07 अगस्त को राजुल निवासी ग्राम बसेडा ने कुछ लोगो पर घर में घुसकर मारपीट व जान से मारने की नीयत से फायर करने का आरोप लगाते हुए कोतवाली कैराना पर मुकदमा दर्ज कराया था। एसपी ने कोतवाली प्रभारी निरीक्षक को मामले की जांच करके आरोपियों की गिरफ्तारी के निर्देश दिए थे। शुक्रवार को एसपी शामली नरेन्द्र प्रताप सिंह के निर्देश पर वांछित आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत दभेड़ी खुर्द चौकी प्रभारी एसआई जितेंद्र त्यागी ने जानलेवा हमले के मामले में वांछित चल रहे आरोपी असजद, शाहरुख व कुर्बान निवासीगण ग्राम बसेड़ा को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने पकड़े गए तीनों आरोपियों का चालान कर दिया है।

# जनपद में भव्यता के साथ मनाई गयी बंदे मातरम गीत की 150वीं वर्षगांठ, किया गया राष्ट्रीय गीत वन्दे मातरम्‌ का सामूहिक गायन

**जिलाधिकारी ने वन्देमातरम गीत की 150वीं वर्ष गाँठ पर जनपदवासियों को दी हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं**

**वन्देमातरम गीत ने देश को एकता के सूत्र में बांधने का किया कार्य**

**ब्यूरो समाज जागरण**

सोनभद्र। राष्ट्रवाद के अग्रदूत बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय जी द्वारा वर्ष 1875 में रचित राष्ट्रगीत वन्दे मातरम्‌ के 150वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में वंदे मातरम्‌ के सामूहिक गायन एवं स्वदेशी का संकल्प कार्यक्रम मा0 मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में लखनऊ में आयोजित किया गया। उक्त के क्रम में जनपद स्तर पर कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह की उपस्थिति में मा0 मुख्यमंत्री जी एवं मा0 प्रधानमंत्री जी द्वारा उद्बोधन कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा और सुना गया। इस अवसर पर सभी के द्वारा राष्ट्रगीत वंदे मातरम का सामूहिक गायन भी किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने उपस्थित सभी अधिकारियों/ कर्मचारियों व जनपद वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं व बधाई देते हुए कहा कि आज गर्व का दिन है कि हम सब लोग एकत्र होकर राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम्‌ की 150वीं वर्षगांठ बना रहे हैं। राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम्‌ ने देश को एकता, अखंडता के सूत्र में बांधने का कार्य किया है। आजादी की लड़ाई में हमारे वीर सपूतों को याद करने का आज शुभ अवसर है। वंदे मातरम्‌ गीत ने हमारे देश की आजादी में स्वतंत्रता दिलाने में मुख्य भूमिका निभाई है हमारे देश के वीरों ने राष्ट्रीय गीत को पढ़कर, सुनकर अपने जीवन को त्यागा है। देश को गुलामी की जंजीरों से भारत को बाहर किया है। देश को आजाद कराने में, आमजन तक संदेश पहुंचाने में राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम्‌ का बहुत बड़ा महत्व रहा है। उन्होंने कहा कि राष्ट्र की उन्नति, देश की एकता और अखंडता के लिए हम सब मिलकर योगदान दें, यही हम सब की राष्ट्रगीत के रचयिता बंकिम चंद्र चटर्जी व स्वतंत्रता संग्राम के सेनानियों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। जिलाधिकारी ने वंदे मातरम्‌ के 150वीं वर्षगांठ पर सभी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज हम सब सम्मान एवं प्रतिष्ठा के साथ स्वतंत्र होकर जी रहे हैं, यह सब भारत के स्वतंत्र होने के कारण ही है। उन्होंने कहा कि इस अवसर पर हम सब भारत माता की वंदना करें और आप जहां पर भी हैं पूरी ईमानदारी से निष्ठा के साथ जो जिम्मेदारी सौंपी गई है उसमें योगदान दें यही हमारी सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी(न्यायिक) रमेश चन्द्र, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी सुधांशु शेखर शर्मा, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह, ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर दिव्यतोष मिश्रा, प्रशासनिक अधिकारी

रामलाल यादव व अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

# पुलिस अधीक्षक ने आरक्षी सुनील कुमार रावत को प्रशस्ति पत्र व नगद पुरस्कार से किया सम्मानित

**एसपी ने आरक्षी सुनील कुमार रावत को माह अक्टूबर का कांप ऑफ द मंथ किया घोषित।**

**ब्यूरो चीफ/ समाज जागरण**



सोनभद्र। साइबर अपराध की रोकथाम एवं पीड़ितों की सहायता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए जनपद सोनभद्र के थाना चोपन में नियुक्त आरक्षी सुनील कुमार रावत (पीएनओ 212690411) को पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा व क्षेत्राधिकारी नगर रणधीर कुमार मिश्रा द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं ₹1000/- नगद पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। आरक्षी सुनील रावत द्वारा साइबर अपराध से संबंधित प्रकरणों में अपने कर्तव्यों के प्रति पूर्ण निष्ठा, मनोयोग एवं तकनीकी दक्षता का परिचय दिया गया। आरक्षी द्वारा साइबर फ्रॉड से प्रभावित आम नागरिकों की शिकायतों पर त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही करते हुए कुल ₹10,02,027/- (दस लाख दो हजार सत्ताईस रुपये) की धनराशि को समय रहते होल्ड कराकर कुल 42 पीड़ितों को वापस कराई गई। इसके अतिरिक्त, आरक्षी द्वारा 50 से अधिक बैंक खातों को फ्रीज/सीज कराये जाने एवं आईटी एक्ट से संबंधित मामलों की विवेचना में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई गई, जिससे जनपद स्तर पर साइबर अपराध नियंत्रण में ठोस परिणाम प्राप्त हुए। साइबर अपराध नियंत्रण के क्षेत्र में उनके इन उत्कृष्ट एवं सराहनीय कार्यों को देखते हुए आरक्षी सुनील रावत को माह अक्टूबर का कॉप ऑफ द मंथ घोषित किया गया है।

पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा द्वारा निर्देशित किया गया कि आरक्षी सुनील रावत के उल्लेखनीय कार्यों एवं उपलब्धियों को प्रदर्शित करते हुए उनका फोटो जनपद के समस्त थानों में चस्पा किया जाए, ताकि अन्य कार्मिकों को भी प्रेरणा मिल सके। यह उपलब्धि न केवल पुलिस की तत्परता, संवेदनशीलता और तकनीकी दक्षता का प्रतीक है, बल्कि आमजन एवं पुलिस के बीच विश्वास को और सुदृढ़ करती है।

# ट्रेलर की टक्कर से युवक की मौत, ड्यूटी के बाद घर लौट रहा था युवक

**ब्यूरो चीफ/ समाज जागरण**



सोनभद्र। अनपरा थाना क्षेत्र के सिंगरौली राष्ट्रीय राजमार्ग पर गुरुवार रात एक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। यह घटना बंजारा होटल औडी के समीप रात करीब 10 बजे हुई, जब एक ट्रेलर ने बाइक को टक्कर मार दी। मृतक की पहचान मोरवा, सिंगरौली (मध्य प्रदेश) निवासी 27 वर्षीय श्याम कुमार झा पुत्र वीरेंद्र कुमार झा के रूप में हुई है। श्याम कुमार अनपरा क्षेत्र के एक ट्रांसपोर्ट में काम कर अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान छत्तीसगढ़ से कोयला लेकर सिंगरौली की ओर जा रहे ट्रेलर (संख्या सीजी15इडी 8701) ने उनकी बाइक को पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर लगने से श्याम कुमार झा ट्रेलर के पिछले पहिए में फंस गए, जिससे उनकी घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई। हादसे के बाद ट्रेलर चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। अनपरा थाना प्रभारी निरीक्षक बृजेश सिंह ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर रेनुसागर मोर्चरी में रखवा दिया है और परिजनों को घटना की सूचना दे दी गई है। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त ट्रेलर को भी कब्जे में ले लिया है और आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। फरार चालक की तलाश जारी है।

# नागेश देव पांडेय ने आगामी पदयात्रा एवं वंदे मातरम स्थापना दिवस पर पत्रकारों से की प्रेस वार्ता

**ब्यूरो समाज जागरण**



सोनभद्र। दुद्धी कस्बे के पीडब्ल्यूडी डाक बंगले में लोकसभा संयोजक भाजपा रहे नागेश देव पांडेय ने आगामी 11 नवंबर को प्रस्तावित रन फॉर यूनिटी पथ यात्रा को लेकर प्रेस कांफ्रेंस किया। इस दौरान पांडेय ने बताया कि आज ही के दिन राष्ट्रगीत वंदे मातरम की स्थापना हुई थी, यह गीत आज देश का मंत्र बन चुका है जो राष्ट्र भक्ति एवं राष्ट्र चेतना की गीत बन गई है। इस अवसर पर बताना होगा कि देश के लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल की 150 वीं जयंती के अवसर पर 31 अक्टूबर से पथ यात्रा का आयोजन अलग अलग तिथियों में अलग अलग क्षेत्रों में आयोजित किया जा रहा है, इसी क्रम में दुद्धी विधान सभा क्षेत्र के दुद्धी स्थित कृषि मंडी से इस यात्रा का शुभारंभ 11 नवंबर को दिन में 11 बजे से होगा जो करीब 8 किमी चलने के बाद महुली स्थित खेल मैदान में सभा उपरांत संपन्न होगी। इस पथ यात्रा में पूरे विधान सभा के सामाजिक संगठन, धार्मिक संगठन, स्कूली बच्चे ब्लाक के सफाई कर्मी समूह सखी आदि बड़ी संख्या में हाथों में तिरंगा झंडा के साथ शामिल होंगे। पथ यात्रा के माध्यम से आम जनमानस को यह स्मृति कराना है कि यशस्वी प्रधानमंत्री उन सभी महापुरुषों की गाथाओं को जन जन तक पहुंचाने में अग्रणी भूमिका में है। पटेल की जयंती एक राष्ट्रीय कार्यक्रम के रूप में मनाया जा रहा है। वे आजादी के बाद किन परस्थितियों में देश के छोटे बड़े 562 देशी रियासतों को भारत में विलय कर एक बड़े भूखंड का निर्माण किया हमे आज उनसे सीख लेने की जरूरत है आज परिस्थितियां जो भी हो हमे देश का कोई भूभाग कटने नहीं देना है। उनकी एकजुटता का चरितार्थ आज व्यक्ति के जीवन में चरितार्थ हो रहा है । इस दौरान पद यात्रा के जिला संयोजक डॉ प्रसन्न पटेल निवर्तमान विधायक प्रत्याशी श्रवण गौड़, नगर पंचायत अध्यक्ष कमलेश मोहन संजीव तिवारी मनीष जायसवाल,सहित कार्यक्रम संयोजक दिलीप पांडेय उपस्थित रहे।

# अज्ञात वाहन के टक्कर से दो बाइक सवार युवक घायल, एक रेफर

**ब्यूरो समाज जागरण**



सोनभद्र। दुद्धी कोतवाली क्षेत्र जाबर शाहपुर गांव नेशनल हाईवे किनारे स्थित कनहेश्वर मंदिर के पास शुक्रवार को अज्ञात वाहन के टक्कर से दो बाइक सवार सगे भाई सिंगुल कुमार 28 वर्ष पुत्र उदय ग्राम हीराचक एवं चालक छोटेलाल 22 वर्ष पुत्र उदय ग्राम हीरा चक जो दुद्धी से हीराचक गांव अपने घर की ओर जा रहे थे, कि कन्हेश्वर मंदिर के पास पहुंचने से पहले विपरीत दिशा से आ रहे, हाईवा ट्रक ने टक्कर मार दी, जिससे दोनों बाइक सवार सड़क पर गिरकर घायल हो गए वहीं ट्रक चालक मौके से फरार हो गया, घायलों की चीख पुकार सुनकर आसपास से गुजर रहे राहगीरो ने परिजनों की मदद से एंबुलेंस के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दुद्धी में लाया जहां ड्यूटी में तैनात चिकित्सक ने दोनों घायलों को देखते हुए बाइक पर पीछे बैठे युवक सिंगुल कुमार के सर एवं चेहरे पर गंभीर चोट लगने की वजह से जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया, वहीं दूसरे घायल युवक का इलाज कर छुट्टी दे दी गई।

# एनटीपीसी का 51वां स्थापना दिवस धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

**ब्यूरो समाज जागरण**

सोनभद्र/बीजपुर। एनटीपीसी का 51वां स्थापना दिवस समारोह रिहंद परियोजना के प्रशासनिक भवन परिसर में बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। स्थापना दिवस समारोह में मुख्य अतिथि अनिल श्रीवास्तव, कार्यकारी निदेशक एवं परियोजना प्रमुख (रिहंद) ने इस अवसर से एनटीपीसी ध्वज फहराया और उपस्थितजनों द्वारा एनटीपीसी गीत गाया गया। इसी कड़ी में मुख्य अतिथि एवं सहअतिथियों ने केक काटकर एनटीपीसी का 51वां स्थापना दिवस हर्षोल्लासपूर्वक मनाया। इस अवसर पर अनिल श्रीवास्तव, कार्यकारी निदेशक (रिहंद) ने समारोह में उपस्थित सभी कर्मचारियों तथा सहयोगी संस्थाओं को 51 वें स्थापना दिवस की बधाई देते हुए कहा कि आज एनटीपीसी ने भारत के लिए अनंत संभावनाओं के गौरवशाली 50 वर्ष पूर्ण कर लिया है । प्रचालनात्मक उत्कृष्टता और वैश्विक मानकों के अनुपालन की प्रतिबद्धता के साथ, हम देश में हर चौथे बल्ब को रोशन कर रहे हैं। एनटीपीसी आज 84 गीगावाट से अधिक की संस्थापित क्षमता के साथ भारत की सबसे बड़ी एकीकृत विद्युत



कंपनी बनने की ओर अग्रसर है । अनिल श्रीवास्तव ने एनटीपीसी की अनेक उपलब्धियों को साझा करते हुए कहा कि एनटीपीसी रिहंद न केवल ऊर्जा उत्पादन बल्कि आसपास के समुदायों के सामाजिक-आर्थिक विकास पर ध्यान केंद्रित करते हुए शक्ति और प्रगति का प्रतीक रहा है। रिहंद स्टेशन बिजली उत्पादन के साथ पर्यावरण के प्रति हमेशा सजग रहा है। एनटीपीसी में सुरक्षा एक बुनियादी मूल्य है, अतः हमारा लक्ष्य रिहंद में सुरक्षित कार्य वातावरण को बढ़ावा देना और शून्य दुर्घटनाएँ प्राप्त करना है। स्थापना दिवस समारोह से पूर्व पर्यावरण प्रबंधन विभाग द्वारा खैरी गाँव में सामूहिक वृक्षारोपण अभियान का आयोजन किया गया था जिसमें बहुत से कर्मचारियों ने वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इसी क्रम में प्रशासनिक भवन में एनटीपीसी लिमिटेड के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्री गुरदीप सिंह के सम्बोधन के प्रसारण की व्यवस्था की गई थी जिसमें बहुत से कर्मचारियों ने प्रतिभाग किया । कार्यक्रम के अंत में राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय गीत के सामूहिक गायन कर इस गीत के प्रति सम्मान प्रकट किया गया।

# ओबरा में राष्ट्रगीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने पर भावपूर्ण आयोजन

**समाज जागरण/**
**अनिल कुमार अग्रहरी**



ओबरा/ सोनभद्र। राष्ट्रगीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने के अवसर पर केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल इकाई ओबरा तापीय विद्युत परियोजना परिसर में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में इकाई के बल सदस्यों एवं तापीय परियोजना के श्रमिकों ने सामूहिक रूप से राष्ट्रगीत का गायन कर देशभक्ति की गूंज से वातावरण को प्रफुल्लित कर दिया । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कमांडेंट सतीश कुमार सिंह ने राष्ट्रगीत की ऐतिहासिक भूमिका और उसके राष्ट्रीय महत्व पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि वंदे मातरम केवल एक गीत नहीं बल्कि भारत के स्वतंत्रता संग्राम की आत्मा है, जिसने अनगिनत स्वतंत्रता सेनानियों और देशभक्तों को प्रेरणा दी।वंदे मातरम की रचना बंगाल के महान साहित्यकार बंकिम चंद्र चटर्जी ने की थी। यह गीत पहली बार 7 नवंबर 1875 को साहित्यिक पत्रिका बंगदर्शन में प्रकाशित हुआ। बाद में इसे उनके प्रसिद्ध उपन्यास आनंदमठ (1882) में शामिल किया गया। अरविंद घोष ने 16 अप्रैल 1907 को अंग्रेजी दैनिक बंदे मातरम में लिखा कि बंकिम बाबू ने इस गीत की रचना 32 वर्ष पूर्व की थी।इतिहास साक्षी है कि 1907 में मैडम भीकाजी कामा ने जर्मनी के स्टटगार्ट में जिस भारतीय तिरंगे को पहली बार विदेश में फहराया, उस पर वंदे मातरम अंकित था। यह गीत ब्रिटिश शासन के खिलाफ भारतीय एकता का प्रतीक बन गया और स्वदेशी आंदोलन के दौरान क्रांतिकारियों के उत्साह का स्रोत रहा। कार्यक्रम में सतीश कुमार सिंह ने कहा कि स्वतंत्र भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने 24 जनवरी 1950 को संविधान सभा में कहा था कि वंदे मातरम को ह्यजन गण मन की तरह ही सम्मान मिलना चाहिए। आज भी यह गीत भारतीयों में देशप्रेम, समर्पण और राष्ट्रगौरव की भावना का प्रतीक है।इस अवसर पर ओबरा तापीय परियोजना के अधिकारी, कर्मचारी एवं उक्रत्रके जवान बड़ी संख्या में उपस्थित रहे और राष्ट्रप्रेम से ओतप्रोत वातावरण में कार्यक्रम का समापन हुआ।

# पॉक्सो एक्ट: दोषी मंजेश को 3 वर्ष की कैद

- 11 हजार रुपए अर्थदंड, न देने पर एक माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी
- अर्थदंड की धनराशि में से 8 हजार रुपए पीड़िता को मिलेगी
- करीब साढ़े 5 वर्ष पूर्व 16 वर्षीय नाबालिग लड़की के साथ छेड़छाड़ किए जाने का मामला

**समाज जागरण/**
**अभय कुमार पटेल**



सोनभद्र। करीब साढ़े 5 वर्ष पूर्व बहन के साथ स्कूल जाते समय रास्ते में 16 वर्षीय नाबालिग लड़की के साथ छेड़छाड़ किए जाने के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश/ विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट अमित वीर सिंह की अदालत ने शुक्रवार को सुनवाई करते हुए दोषसिद्ध पाकर दोषी मंजेश को 3 वर्ष के साधारण कारावास की सजा सुनाई। उसके ऊपर 11 हजार रुपए अर्थदंड भी लगाया है। अर्थदंड अदा न करने पर एक माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। वहीं अर्थदंड की धनराशि में से 8 हजार रुपए पीड़िता को मिलेगी। अभियोजन पक्ष के मुताबिक पन्नूगंज थाना क्षेत्र निवासी पीड़िता ने पन्नूगंज थाने में 31 जनवरी 2020 को दी तहरीर में आरोप लगाया था कि 27 जनवरी 2020 को सुबह 9:30 बजे वह अपनी बहन के साथ स्कूल जा रही थी तभी रास्ते मे मंजेश पुत्र पारस निवासी रामगढ़, थाना पन्नूगंज, जिला सोनभद्र उसके साथ छेड़छाड़ करने लगा। जब उसने विरोध किया तो वह मारने पीटने लगा। आवश्यक कार्रवाई करें। इस तहरीर पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कर दिया और पर्याप्त सबूत मिलने पर कोर्ट में चार्जशीट विवेचक ने दाखिल किया था।

मामले की सुनवाई करते हुए अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्कों को सुनने, 10 गवाहों के बयान एवं पत्रावली का अवलोकन करने पर दोषसिद्ध पाकर दोषी मंजेश (25) वर्ष को 3 वर्ष की कैद एवं 11 हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर एक माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। वही अर्थदंड की धनराशि में से 8 हजार रुपए पीड़िता को मिलेगी। अभियोजन पक्ष की ओर ले सरकारी वकील दिनेश प्रसाद अग्रहरि, सत्यप्रकाश त्रिपाठी और नीरज कुमार सिंह ने बहस की।

# संदिग्ध हालात में युवक की मौत, परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

**ब्यूरो समाज जागरण**



सोनभद्र/बीजपुर। थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायतअंजानी के टोला कोलिनमाड में एक युवक का शव पेड़ के नीचे मिलने से पूरे गांव में सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल कर विधिक कार्रवाई में जुट गई। और फारेंसिक टीम व उच्चाधिकारियों का इन्तजार करती रही। परिजनों ने बताया की संतोष कुमार पुत्र सुरेश चंद्र हलवाई 25 वर्ष निवासी ग्राम पंचायत अंजानी के टोला कोलिनमाड दिन भर खेत जोताई कर शाम को घर से किसी काम से चट्टी के तरफ गया था जब रात भर घर नही लौटा तो परिजन सोचे की किसी के साथ कहीं गया होगा लेकिन जब शुक्रवार को सुबह भी नही लौटा तो परिजन फोन करने लगे लेकीन कोई जवाब नही मिला तो खोजबिन करने में जुट गए। मृतक का भाई रूपनारायण व परिजन खोजबीन करते-करते घर से एक किलोमीटर दूर एक पेड़ के नीचे उसे मृत अवस्था में देखे तो पांव तले जमीन खिसक गई और चीख पुकार मच गई। परिजनो ने बताया की तीन दिन पहले गांव के कुछ युवकों से किसी बात को लेकर झगडा लड़ाई हुआ था इसी दौरान जान से मारने की धमकी दी थी और वह लोग गांव से गायब भी है। इस बाबत मौके पर पहुंचे बभनी प्रभारी निरीक्षक कमलेश पाल ने बताया की परिजन कुछ लोगो पर हत्या का आरोप लगा रहे है। प्रथम दृष्टिया संदिग्ध परिस्थित में मौत प्रतीत हो रहा है। मौके पर फारेंसिक टीम जांच में आ रही है। जांच के बाद शव को मोर्चरी में रखवाया जाएगा। कल पीएम के लिए भेजा जाएगा पीएम रिपोर्ट आने के बाद मौत कैसे हुई स्पष्ट हो पाएगा।

# भगवान बिरसा मुण्डा की जयन्ती पर जनपद में होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों के सम्बन्ध में की गयी बैठक

**भगवान बिरसा मुण्डा की जयन्ती पर होने वाले कार्यक्रमों की रूप-रेखा पर किया गया विचार-विमर्श**

**ब्यूरो समाज जागरण**



सोनभद्र। जिलाधिकारी बी०एन० सिंह की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में भगवान बिरसा मुण्डा की जयन्ती पर जनपद में होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों के सम्बन्ध में बैठक की गयी, इस दौरान जिला धिकारी ने उपस्थित अधि कारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि 15 नवम्बर, 2025 को भगवान बिरसा मुण्डा की 150वीं जयन्ती के उपलक्ष्य में दिनांक 1 नवम्बर, 2025 से दिनांक 15 नवम्बर, 2025 तक की अवधि के दौरान केन्द्र और प्रत्येक राज्य केन्द्र शासित प्रदेशों द्वारा 5वें जनजातीय गौरव दिवस 2025 को स्मरणोत्सव के रूप में मनाए जाने का निर्णय लिया गया है। जिसके कम में सभी अदिवासी स्वतंत्रता सेनानियों को सम्मानित करने, स्वतंत्रता संग्राम और सांस्कृतिक विरासत में उनके योगदान को याद करने तथा आदिवासी क्षेत्रों के सामाजिक, आर्थिक विकास के प्रयासों को पुनर्जीवित करने के कम आदि कर्मयोगी अभियान के अन्तर्गत नामित जिला मास्टर ट्रेनर एवं ब्लाक मास्टर ट्रेनर को आदि सहयोगी की बैठक की गयी, जिसमें जिलाधिकारी द्वारा सभी आदि कर्मयोगियों को निर्देशित किया गया कि धरती आबा अभियान के अन्तर्गत चयनित जनपद के 176 गांव में उक्त अवधि में भ्रमण करते हुए पंचायत भवन में आदि सेवा केन्द्रों पर विशेष सभाओं का आयोजन किया जाए उन सभाओं में जनजातीय नृत्य भगवान विस्सा मुडा एवं अन्य जनजातीय महानायको की कहानी वाचन सवातंत्रता संग्राम में उनका योगदान तथा सास्कृतिक विरासत का परिचय एवं प्रसार के साथ जनजाति विकास के लिए चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं के सम्बन्ध में अवगत कराये। साथ ही विविध जनजातीय गाँव के ग्राम कार्य योजना तैयार कराये जाने हेतु रूप-रेखा तैय करे जिससे की जनजातीय गौरव दिवस के उपरान्त उक्त सम्बन्धि ग्रामों की कार्ययोजना तैयार करते हुए सभी जनजातीय गांव को सम्यक्त बनाते हुए जनजाति समुदाय को विकास की मुख्य धारा से जोड़ते हुए विकसित भारत की 2047 संकल्पना साकार हो सके। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी, जिला समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह भदौरियां सहित अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# एआईआरएफ वर्किंग कमिटी की बैठक का हुआ समापन

**रनिंग कर्मचारी और ट्रैक मेन्टेनर्स असहाय हो गए हैं — एस एन पी श्रीवास्तव। 17 नवंबर को रनिंग एलाउंस बढ़ाने तथा अन्य मांगों के समाधान के लिए सभी लाबियों पर विरोध प्रदर्शन का निर्णय।**

**समाज जागरण/**
**आदिवासी सुनील त्रिपाठी**



सोनभद्र। ईसीआर जोन में रनिंग कर्मचारियों और ट्रैक मेंटेनर्स के समस्याएं बढ़ती जा रही हैं। उनका कार्य शोषण हो रहा है और जीता हुआ यूनियन का कहीं पता नहीं है। उक्त बातें ईसीआरकेयू के महामंत्री एस एन पी श्रीवास्तव ने एआईआरएफ वर्किंग कमिटी की बैठक में अपने संबोधन में कहा उन्होंने कहा कि आजकल नया यूनियन रेलकर्मियों को भ्रमित करने काम कर रहा है। नये लोग भी नकारात्मक मुद्दों के प्रति जल्द आकर्षित हो जाते हैं। इन नये आधारहीन संगठन द्वारा कुप्रचार कर रेलकर्मियों को ठगने काम किया गया। लेकिन ईसीआरकेयू अभी भी सक्रिय हो कर रेलकर्मियों के मुद्दों पर संघर्ष कर रहा है। नये संगठन द्वारा हेड क्वार्टर स्तर पर बैठक की जाती है जो मात्र 45 मिनट में समाप्त हो जाती है। कोई मुद्दा नहींङ्ग. कोई प्रस्ताव नहीं। आज रनिंग कर्मचारियों को निर्धारित घंटों तक डियूटी के बाद भी डियूटी करना पड़ रहा है, 72 घंटों से ज्यादा हेड क्वार्टर से बाहर रहने के लिए मजबूर किया जा रहा है। रनिंग कर्मचारियों के रनिंग भत्ते में एक जनवरी 2024 से 25 प्रतिशत के वृद्धि का मामले पर रेलवे बोर्ड स्तर पर सहमति बनी है लेकिन इससे संबंधित आदेश अभी तक जारी नहीं किया गया है इन सबके प्रतिरोध स्वरूप और रनिंग कर्मचारियों की अन्य मांगों को लेकर 17 नवंबर को सभी लाबियों पर विरोध प्रदर्शन का निर्णय बैठक में सर्वसम्मति से पारित किया गया। ट्रैक मेंटेनर्स द्वारा जबरन निर्धारित दूरी के अतिरिक्त पेट्रोलिंग करने के दबाव बनाया जा रहा है। स्थानीय आवासीय और अन्य समस्याओं के समाधान के लिए भी मान्यता प्राप्त यूनियन का कोई प्रतिनिधि सामने नहीं आ रहा है। ग्यारह महीने बीत जाने पर भी चुनाव में किए गए वादों के समाधान हेतु कोई सक्रियता नहीं दिखाई जा रही है। जिससे रेलकर्मियों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। ईसीआरकेयू के महामंत्री श्री श्रीवास्तव ने सदन में कहा कि जोखिम भरा काम करने वाले सभी कर्मचारियों को रिस्क व हार्ड एलाउंस स्वीकृत कराने के लिए फेडरेशन प्रतिबद्ध है। अभी तक रेलकर्मियों का यू पी एस पर भरोसा नहीं जम रहा है। फेडरेशन द्वारा इस पर कुछ ठोस निर्णय लिया जाना चाहिए नये पहल और रणनीति बनाई जानी चाहिए जिससे रेलकर्मियों को भविष्य के सुरक्षा की गारंटी मिल सके वेतन आयोग के समक्ष इन मुद्दों पर चर्चा करते हुए दबाव बनाए जाने का काम किया जाना चाहिए। नये यूनियन द्वारा ईसीआरकेयू के कार्यालयों को खाली करवाने का दबाव प्रशासन पर डाला जा रहा था लेकिन एआईआरएफ के महामंत्री शिव गोपाल मिश्रा द्वारा रेलवे बोर्ड स्तर से चिट्ठी जारी कराई गई जिससे ईसीआरकेयू के कार्यालयों को बचाया जा सका। इसके लिए एआईआरएफ नेतृत्व को बहुत बहुत धन्यवाद ज्ञापन किया। उन्होंने आश्वस्त किया कि भविष्य में भी एआईआरएफ के दिशा निदेर्शों का ईसीआरकेयू सक्रियता से पालन करता रहेगा। ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन की तरफ से महामंत्री एस एन पी श्रीवास्तव के नेतृत्व में कार्यकारी अध्यक्ष सह वर्किंग कमिटी मेम्बर एस एस डी मिश्रा, अपर महामंत्री सह वर्किंग कमिटी मेम्बर मो ज्याऊद्दीन, केन्द्रीय कोषाध्यक्ष सह वर्किंग कमिटी मेम्बर मिथिलेश कुमार सहित जोनल सेक्रेटरी ओ पी शर्मा ने भाग लिया।

# प्रेस क्लब बीजपुर की नई कार्यकारिणी का हुआ गठन, राम प्रवेश गुप्ता अध्यक्ष व रामजियावन बने कोषाध्यक्ष

**ब्यूरो समाज जागरण**



सोनभद्र/बीजपुर। प्रेस क्लब बीजपुर की नई कार्यकारिणी के गठन हेतु क्षेत्रीय पत्रकारों की एक बैठक शुक्रवार को वरिष्ठ पत्रकार संजय अग्रवाल की अध्यक्षता में बीजपुर बस स्टैंड प्रांगण में सम्पन्न हुई। बैठक में प्रेस क्लब की नई कार्यकारिणी के गठन के बारे में विचार विमर्श किया गया।आपसी विचार विमर्श के उपरांत प्रेस क्लब की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया जिसमें सर्वसम्मति से पत्रकार रामप्रवेश गुप्ता को अध्यक्ष, रघुराज को सिंह महामंत्री, संदीप राय को उपाध्यक्ष राम जियावन गुप्ता कोषाध्यक्ष, वृजेन्द्र कुमार सिंह उर्फ बग्गा सिंह को सचिव, विशाल मोदनवाल व विजय सोनी को संगठन मंत्री तथा नीरज गुप्ता को सूचना मंत्री की जिम्मेदारी दी गई । क्लब के संरक्षक की जिम्मेदारी रामबली मिश्रा, संजय अग्रवाल, विजय पटेल व रविंद्र पांडेय को सौंपी गई । चुनाव प्रक्रिया शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई। नवनिर्वाचित अध्यक्ष रामप्रवेश गुप्ता ने सभी उपस्थित पत्रकारों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे पत्रकारों की समस्याओं के समाधान हेतु हर संभव प्रयास करेंगे साथ ही क्लब को नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे नवनिर्वाचित महामंत्री रघुराज सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि पत्रकार समाज का दर्पण होता है जो समाज की आवाज को सही तरीके से निष्पक्ष रूप से उजागर करता है इसलिए हमें इसकी गरिमा बनाये रखनी होगी आगे उन्होंने कहा कि यह क्लब हमें निश्चय ही एकजुट करने का काम करेगा जिससे हम एक दूसरे से सीख सकें व एक दूसरे का मार्गदर्शन कर सकें साथ ही अपने पेशेवर हितों की रक्षा कर सके। बैठक के अंत में सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया एवं उन्हें सफल कार्यकाल हेतु शुभकामनाएं दी गई । कार्यक्रम का संचालन रविंद्र श्रीवास्तव ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन रामबली मिश्रा ने किया।

# सदर अस्पताल में मनाया गया राष्ट्रीय कैंसर जागरूकता दिवस, 07 से 14 नवंबर तक चलेगा अभियान

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

07 नवंबर। कैंसर एक ऐसा मौन हत्यारा है जो धीरे-धीरे शरीर को भीतर से कमजोर कर देता है। इसकी गंभीरता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि यदि समय रहते जांच नहीं की जाए तो यह जानलेवा रूप ले सकता है। विशेषज्ञों का कहना है कि प्रारंभिक जांच और समय पर इलाज से कैंसर के अधिकांश मामलों में रोगी को पूरी तरह स्वस्थ किया जा सकता है। इसी उद्देश्य से सदर अस्पताल किशनगंज में राष्ट्रीय कैंसर जागरूकता दिवस मनाया गया, ताकि लोगों में इस रोग के प्रति जागरूकता और समय पर जांच की भावना को बढ़ाया जा सके।कार्यक्रम का आयोजन गैर-संचारी रोग (NCD) नियंत्रण अधिकारी डॉ. उर्मिला कुमारी के नेतृत्व में तथा सिविल सर्जन डॉ. राज कुमार चौधरी के मार्गदर्शन में किया गया। इस अवसर पर होमी भाभा कैंसर हॉस्पिटल की टीम, एनसीडी नियंत्रण दल, टीबी यूनिट की टीम तथा अन्य स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित रहे।




राष्ट्रीय कार्यक्रम गैर-संचारी रोगों की रोकथाम एवं नियंत्रण (NP-NCD) के अंतर्गत जिले के सभी स्वास्थ्य संस्थानों में 07 से 14 नवंबर तक कैंसर जागरूकता सप्ताह आयोजित किया जा रहा है। इस दौरान लोगों को कैंसर के प्रकार, कारण, शुरूआती लक्षणों और रोकथाम के उपायों के बारे में जानकारी दी जाएगी।सिविल सर्जन डॉ. राज कुमार चौधरी ने कहा कि कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से लड़ाई केवल दवाओं से नहीं, बल्कि जागरूकता से जीती जा सकती है। यदि लोग प्रारंभिक लक्षणों को पहचानकर समय पर जांच कराएं तो उपचार आसान और सफल होता है।

**महिलाओं में स्तन एवं गर्भाशय ग्रीवा कैंसर की चुनौती**

एनसीडी पदाधिकारी डॉ. उर्मिला कुमारी ने बताया कि जिले में महिलाओं में स्तन एवं गर्भाशय ग्रीवा कैंसर के मामले तेजी से सामने आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि महिलाएं अपने स्वास्थ्य को अक्सर पीछे रखती हैं, जबकि शुरूआती जांच से इन बीमारियों से पूरी तरह बचा जा सकता है। संतुलित आहार, नियमित व्यायाम और नशे से दूरी अपनाना बेहद जरूरी है।उन्होंने यह भी बताया कि एनसीडी टीम द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में स्क्रीनिंग शिविर लगाकर महिलाओं को जांच एवं परामर्श सेवाएं दी जा रही हैं।इस अवसर पर होमी भाभा कैंसर हॉस्पिटल की टीम ने उपस्थित स्वास्थ्यकर्मियों को कैंसर की पहचान, उपचार प्रक्रिया और जनजागरूकता के विभिन्न उपायों पर प्रशिक्षण दिया। विशेषज्ञों ने बताया कि कैंसर केवल चिकित्सकीय नहीं बल्कि सामाजिक चुनौती भी है, जिसे जागरूकता और सहयोग से ही हराया जा सकता है।

**टीबी यूनिट एवं अन्य स्वास्थ्यकर्मियों की भी रही सहभागिता**

कार्यक्रम में टीबी यूनिट, एनसीडी नियंत्रण टीम, और अन्य स्वास्थ्यकर्मियों ने मिलकर समुदाय में कैंसर जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया। सभी ने यह भी तय किया कि स्वास्थ्य संस्थानों में आने वाले प्रत्येक व्यक्ति को कैंसर जांच एवं रोकथाम से संबंधित जानकारी दी जाएगी।

कार्यक्रम के समापन पर सभी प्रतिभागियों ने यह संदेश दिया कि तंबाकू और शराब से दूरी, स्वस्थ भोजन, नियमित व्यायाम और वार्षिक स्वास्थ्य जांच कैंसर से बचाव के सबसे प्रभावी उपाय हैं।सिविल सर्जन डॉ. चौधरी ने कहा कि अगर हर व्यक्ति साल में एक बार जांच कराए और नशे से दूरी बनाए, तो कैंसर जैसी बीमारी को समाज से समाप्त किया जा सकता है। जागरूकता ही जीवन की रक्षा का सबसे बड़ा हथियार है।

# "वंदे मातरम" के 150 वर्ष पूर्ण होने पर सामूहिक गायन, मतदाता शपथ एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

दिनांक 07 नवम्बर 2025 को समाहरणालय परिसर, किशनगंज में राष्ट्रगीत "वंदे मातरम" के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में एक भव्य सामूहिक गायन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी विशाल राज सहित समाहरणालय के विभिन्न शाखाओं के पदाधिकारी एवं कर्मी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



कार्यक्रम की शुरूआत "वंदे मातरम" के सामूहिक गायन से हुई, जिसमें जिलाधिकारी विशाल राज के साथ सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी की उपस्थित ने एक स्वर में राष्ट्रगीत गाकर देशभक्ति की भावना का उत्साहपूर्वक प्रदर्शन किया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी विशाल राज ने कहा कि "वंदे मातरम" का सामूहिक गायन कर इस ऐतिहासिक गीत को सेलीब्रेट करना अत्यंत हर्ष का विषय है। यह गीत हमारे देश और राष्ट्र के प्रति हमारी गहरी भावना एवं समर्पण का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रभक्ति का भाव बचपन से ही विकसित होता है, इसलिए बच्चों को प्रारंभ से ही यह सीख मिलनी चाहिए कि जो भी कार्य करें, उसमें राष्ट्र और समाज के हित को सर्वोपरि रखें।

जिलाधिकारी ने आगे कहा कि आगामी 11 नवम्बर को मतदान दिवस है। जिले के सभी मतदाताओं से अपील की जाती है कि वे अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें। मतदान न केवल हमारा मौलिक अधिकार है, बल्कि यही हमारे लोकतंत्र की मजबूती का आधार भी है।

उन्होंने कहा कि हमारा देश लोकतंत्र में एक मिसाल प्रस्तुत करता है, क्योंकि हम सभी चुनाव के पर्व को एक महापर्व की तरह मनाते हैं। प्रत्येक मतदाता का वोट अत्यंत मूल्यवान है और एक-एक वोट से ही लोकतंत्र की दिशा एवं आगामी पाँच वर्षों की नीतियाँ निर्धारित होती हैं। इसलिए सभी मतदाता मतदान केंद्र जाकर अपने अमूल्य मताधिकार का प्रयोग करें और लोकतंत्र को और अधिक सशक्त बनाएं।

गायन कार्यक्रम के पश्चात स्वीप (ystematic Voters' Education and Electoral Participation) कोषांग, किशनगंज के तत्वावधान में उपस्थित सभी कर्मियों, विद्यार्थियों एवं प्रतिभागियों को मतदाता शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर सभी ने शपथ ली कि वे स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं भयमुक्त होकर मतदान करेंगे तथा दूसरों को भी मतदान के लिए प्रेरित करेंगे।

इसके उपरांत मतदाता जागरूकता से संबंधित नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया, जिसमें मतदान के महत्व को रोचक ढंग से प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के अगले चरण में जिलाधिकारी द्वारा मतदाता जागरूकता रथ को हरि झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यह रथ जिले के विभिन्न जगहों पर जाकर मतदाता जागरूकता का संदेश देगा। कार्यक्रम के समापन पर स्कूल के बच्चों, ताइक्वांडो टीम एवं उपस्थित कर्मियों ने जिलाधिकारी के साथ उत्साहपूर्वक सेल्फी ली। बच्चों एवं युवाओं में विशेष उत्साह देखा गया। इस अवसर पर अपर समाहर्ता अमरेन्द्र कुमार पंकज, जिला पंचायत राज पदाधिकारी जफर आलम, वरीय उपसमाहर्ता श्रीमती सुनीता कुमारी, जिला योजना पदाधिकारी सह झ जिला जनसंपर्क पदाधिकारी कुंदन कुमार सिंह, स्वीप कोषांग के नोडल पदाधिकारी आलोक कुमार भारती, विभिन्न कोषांगों के पदाधिकारी, स्कूल के शिक्षक-शिक्षिकाएँ एवं अनेक अधिकारी-कर्मी उपस्थित थे।

# नबीनगर विधानसभा चुनाव में अर्चना चंद्र यादव की बढ़ती लोकप्रियता से दिग्गजों की उड़ी नींद

**समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार) नबीनगर विधानसभा क्षेत्र में जन सुराज पार्टी की उम्मीदवार अर्चना चंद्र यादव ने अपनी लोकप्रियता का झंडा गाड़ दिया है। अर्चना चंद्र यादव को अपार जन समर्थन मिल रहा है, खासकर महिलाएं उन्हें "घर की बेटी" मानकर समर्थन कर रही हैं।

अर्चना चंद्र यादव के समर्थन में उमड़ रही भीड़ से साफ है कि नबीनगर विधानसभा क्षेत्र में इस बार बदलाव की लहर है। अर्चना चंद्र यादव ने अपने प्रचार अभियान में महिलाओं, युवाओं और ग्रामीणों की समस्याओं को समझने की कोशिश की है।अर्चना चंद्र यादव का प्रचार अभियान स्थानीय मुद्दों पर केंद्रित है। वे नबीनगर की सड़कों, स्वास्थ्य सुविधाओं, शिक्षा व्यवस्था और बेरोजगारी जैसे अहम मुद्दों पर खुलकर चर्चा कर रही हैं और जनता से समर्थन मांग रही हैं।नबीनगर विधानसभा चुनाव में अर्चना चंद्र यादव का मुख्य मुकाबला जदयू के चेतन आनंद से है।विधानसभा चुनाव के पहले चरण में रिकॉर्ड मतदान के बाद जन सुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर (पीके) ने बड़ा बयान दिया हैं।उन्होंने कहा कि 14 नवंबर को बिहार में इतिहास लिखा जाएगा।पीके ने दावा किया कि प्रवासी मजदूरों ने बड़े पैमाने पर वोटिंग की है।उन्होंने कहा कि इतनी बड़ी मात्रा में हुई वोटिंग किसी सरकार को बनाए रखने के लिए नहीं, बल्कि परिवर्तन के लिए होती हैं। पीके ने दावा किया है कि पहली बार जन सुराज को निर्णायक बढ़त मिलेगी और इस चुनाव में जनादेश बदलाव के पक्ष में जाएगा। पीके की इस बयान से अर्चना और जन सूराज खेमे में खुशी की लहर दौड़ पड़ी है।और मतदाता जन सुराज के प्रति आकर्षित हो रहे हैं।



# पटना जिले के पालीगंज बिजली कार्यालय में सामूहिक गायन का आयोजन

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के पालीगंज स्थित बिजली कार्यालय में बन्दे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने पर सामूहिक रूप से बन्दे मातरम गायन कार्यक्रम का आयोजन शुक्रवार को किया गया।

जानकारी के अनुसार राष्ट्रीय गीत बन्दे मातरम का 150 वर्ष पूर्ण होने पर पटना जिले के पालीगंज स्थित बिजली कार्यालय में सामूहिक रूप से बन्दे मातरम गायन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य एकता एवम बलिदान के मूल्यों को उजागर करने के लिए मातृभूमि के प्रति आभार व्यक्त करना है। कार्यक्रम के दौरान दर्जनों बिजली कर्मियों ने पंक्तिबद्ध खड़े होकर शांतिपूर्ण ढंग से राष्ट्रीय गीत बन्दे मातरम का सामूहिक रूप से गायन किया। इस सम्बंध में बिजली बिभाग के पालीगंज एसडीओ बिपिन बिहारी लाल ने बताया कि यह कार्यक्रम बिजली बिभाग के महाप्रबंधक के निदेर्शानुसार बिभाग के सभी कार्यालयों में आयोजित किया जाना है। इससे मन मे देश के प्रति उत्साह तथा उमंग उतपन्न होती है।



मौके पर पालीगंज बिजली बिभाग के एसडीओ बिपिन बिहारी लाल, कनीय अभियंता रोहित शर्मा, रंजीत कुमार, निरंजन कुमार, विजय कुमार सिंह, रामाशंकर, आलोक, रवीश कुमार व संजीत कुमार सहित अन्य बिधुतकर्मी मौजूद रहे।

# इंडिया गठबंधन की सरकार बनने पर राजेश राम को कांग्रेस बनाएगी उपमुख्यमंत्री

**समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार) कुटुंबा विधानसभा क्षेत्र के पिपरा बगाही पंचायत में पूर्व



मुखिया स्वर्गीय विनोद कुमार मेहता की पुण्यतिथि पर एक सभा का आयोजन किया गया, जिसमें कांग्रेस प्रत्याशी राजेश राम ने शिरकत की। इस अवसर पर डॉ. जनक कुशवाहा ने कहा कि राजेश राम को कांग्रेस इंडिया गठबंधन की सरकार बनते ही उपमुख्यमंत्री बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि राजेश राम एक कर्मठ, सुशील और मिलनसार विधायक हैं और तीसरी बार हैट्रिक लगाकर विधानसभा में विकास का एक नया इतिहास जोड़ेंगे।सभा को संबोधित करते हुए हरियाणा से आए एआईसीसी कोऑर्डिनेटर सोमदेव ने कहा कि राजेश राम अपने पिछले रिकॉर्ड को तोड़कर एक नया इतिहास लिखने के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा कि राजेश राम की जीत सुनिश्चित है और इंडिया गठबंधन के सभी कार्यकर्ता तन मन धन लगाकर उनकी जीत के इतिहास का गाथा लिखेंगे।

# पटना में हथियार के बल पर दस लाख की लूट

## विरोध करने पर कर्मचारी को मारी गोली

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के रामकृष्ण नगर थाना क्षेत्र के बाईपास रोड पर शुक्रवार को मोटर साइकिल सवार दो लुटेरों ने एक निजी फाइनेंस कंपनी के कर्मचारी को पिस्टल भिड़ाकर दस लाख रुपये लूट लिए। विरोध करने पर अपराधियों ने कर्मचारी को गोली मार दी। गोली उसके बांह में लगी, जिसके बाद घायल अवस्था में उसे इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अपराधी रुपए से भरा बैग लेकर बाइक से फरार। दोनों बदमाशों ने हेलमेट पहन रखा था। घटना की जानकारी मिलते ही रामकृष्ण नगर थाना पुलिस, डीएसपी सदर-2 रंजन कुमार सिंह और सिटी एसपी (पूर्वी) मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल और आसपास के इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की। फुटेज में दो बाइक सवार अपराधी हेलमेट पहने हुए नजर आ रहे हैं, जो कर्मचारी से रुपयों से भरा बैग छीनते दिखाई दे रहे हैं। पुलिस के अनुसार घायल कर्मचारी अविनाश जो भारत फाइनेंस कंपनी में कार्यरत है, कंपनी का दस लाख रुपये लेकर जीरो माइल स्थित बैंक में जमा करने जा रहा था। तभी यूनियन बैंक के नीचे पहुंचे दो बदमाशों ने उस पर हमला कर रुपयों से भरा बैग छीनने की कोशिश की। अविनाश ने विरोध किया तो एक लुटेरे ने पिस्टल से गोली चला दी। गोली लगने के बाद भी अविनाश ने साहस दिखाया मगर बदमाश रुपयों से भरा बैग लेकर फरार हो गए। पुलिस ने बताया कि घायल की स्थिति खतरे से बाहर है और उसका इलाज मेदांता अस्पताल में चल रहा है। डीएसपी सदर-2 ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर अपराधियों की पहचान की जा रही है और छापेमारी जारी है।

# पटना में स्कार्पियो ने तीन महिलाओं को कुचला, एक कि मौत, दो घायल

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के नौबतपुर थाना क्षेत्र के वासुदेवपुरी गांव में गुरुवार की देर शाम एक तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने सड़क किनारे बैठी तीन महिलाओं को जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भयावह था कि एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गईं।



जानकारी के अनुसार तीनों महिलाएं अपने घर के पास सड़क किनारे बैठी हुई थीं और आपस में बातचीत कर रही थीं। उसी समय नौबतपुर की ओर से आ रही एक स्कॉर्पियो अचानक अनियंत्रित हो गई और तेज रफ्तार में सीधे महिलाओं के ऊपर चढ़ गई। टक्कर इतनी तेज थी कि एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो गंभीर रूप से घायल होकर सड़क किनारे तड़पने लगीं। घटना के तुरंत बाद आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और घायलों को किसी तरह उठाकर नौबतपुर रेफरल अस्पताल भेजा। वहां डॉक्टरों ने एक महिला को मृत घोषित कर दिया और बाकी दो का इलाज शुरू किया। पुलिस ने बताया कि मृतका की पहचान वासुदेवपुरी गांव की रहने वाली 65 वर्षीय लक्ष्मी देवी के रूप में हुई है। घायल महिलाओं में 60 वर्षीय कलावती देवी और 60 वर्षीय मीणा देवी शामिल हैं, जिनकी हालत फिलहाल गंभीर बताई जा रही है। दोनों को प्रारंभिक इलाज के बाद बेहतर उपचार के लिए पटना मेडिकल कॉलेज अस्पताल (पीएमसीएच) रेफर कर दिया गया है। डॉक्टरों के अनुसार दोनों घायल महिलाओं के सिर और पैरों में गंभीर चोटें आई हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि हादसे के दौरान स्कॉर्पियो की रफ्तार इतनी तेज थी कि वाहन कुछ दूर जाकर एक पेड़ से टकराने के बाद रुका। हादसे के बाद गांव में अफरातफरी मच गई। बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जुट गए और सड़क को कुछ समय के लिए जाम कर दिया। लोगों ने प्रशासन से दोषी चालक की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की। ग्रामीणों का कहना था कि क्षेत्र में आए दिन तेज रफ्तार वाहनों का आना-जाना बना रहता है, लेकिन पुलिस द्वारा इस पर कोई सख्त कार्रवाई नहीं की जाती। गांव के बुजुर्गों ने बताया कि सड़क के दोनों ओर बस्तियां हैं, लेकिन वाहन चालक बेपरवाही से गाड़ी चलाते हैं। हादसे के बाद मृतका के परिवार में मातम छा गया है। घर में कोहराम मचा हुआ है और परिजन बेसुध हो गए हैं। घटना की सूचना मिलते ही नौबतपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। थाना प्रभारी संजीत कुमार ने बताया कि स्कॉर्पियो को जब्त कर लिया गया है और चालक फरार है। जबकि चालक की पहचान कर ली गई है और गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है। उन्होंने कहा की हमने वाहन का रजिस्ट्रेशन नंबर ट्रेस कर लिया है। चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने गैर इरादतन हत्या और दुर्घटना कर फरार होने के मामले में एफआईआर दर्ज की जा रही है। दोषी को किसी भी हालत में बख्शा नहीं जाएगा। घटना के बाद जिला प्रशासन ने आश्वासन दिया है कि दोषी के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने यह भी कहा कि घायल महिलाओं के इलाज में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जाएगी और परिवारों को हर संभव सहायता दी जाएगी। थाना प्रभारी संजीत कुमार ने बताया कि हमने परिजनों से संपर्क किया है और उन्हें भरोसा दिलाया है कि आरोपी चालक को जल्द गिरफ्तार कर न्याय दिलाया जाएगा। साथ ही, ग्रामीण इलाकों में सड़क सुरक्षा के उपायों को लेकर भी प्रस्ताव भेजा जाएगा। इस हादसे के बाद गांव में शोक का माहौल है। मृतका लक्ष्मी देवी अपने परिवार की बुजुर्ग सदस्य थीं और गांव में सभी उन्हें आदर से देखते थे। उनकी मौत की खबर फैलते ही पूरा गांव गमगीन हो गया। गांव की महिलाएं रो-रोकर अपना दुख व्यक्त कर रही हैं, जबकि ग्रामीणों ने प्रशासन से अपील की है कि ऐसे हादसों को रोकने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं।

# औरंगाबाद : चुनावी सभा में खूब गरजे नरेंद्र मोदी बिकास के राह पर बिहार

**समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार) शुक्रवार को बिहार के औरंगाबाद में देव मोड़ के समीप मैदान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विशाल चुनावी सभा को संबोधित किया और महागठबंधन पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि बिहार ने वोटिंग के पहले ही चरण में इतिहास रच दिया है और लोगों ने एनडीए सरकार की वापसी का मन बना लिया है प्रधानमंत्री मोदी ने कहा हम जो कहते हैं, करते हैं। हमने कहा था कि राम मंदिर बनेगा, और डंके की चोट पर राम मंदिर बन गया। हमने कहा था कि अनुच्छेद 370 हटेगा, और अनुच्छेद 370 हट गया।उन्होंने आगे कहा, एनडीए सरकार ने बिहार के विकास के लिए काम किया है। हमने किसानों के लिए काम किया है, युवाओं के लिए काम किया है, और महिलाओं के लिए काम किया है।प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, मैं आपसे अपील करता हूं कि आप एनडीए के उम्मीदवारों को विजयी बनाएं और बिहार के विकास को आगे बढ़ाएं।इस अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी ने एनडीए सरकार की उपलब्धियों को गिनाया और कहा कि उनकी सरकार ने बिहार के लिए बहुत कुछ किया है। उन्होंने कहा, हमने बिहार में सड़कें बनाई, बिजली पहुंचाई, और स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाया है।



# पटना के एएन कॉलेज में ईवीएम शुरक्षित, 14 नवम्बर को होगी गिनती

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के 14 विधानसभा क्षेत्रों के ईवीएम मशीनों को पटना के बोरिंग रोड स्थित एएन कॉलेज के वज्रगृह में सुरक्षित रखा गया है। जिले में मतदान संपन्न होने के बाद गुरुवार की आधी रात तक सभी 5677 ईवीएम मशीनें केंद्रीय सुरक्षा बलों, पुलिस, निवार्ची पदाधिकारियों और प्रत्याशियों या उनके प्रतिनिधियों की निगरानी में यहां पहुंचाई गईं। पूरी प्रक्रिया को निर्धारित प्रोटोकॉल के तहत पीठासीन पदाधिकारियों ने पूरा किया। 14 नवंबर को होने वाली मतगणना की निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन ने सुरक्षा की अभूतपूर्व व्यवस्था की है। वज्रगृह के भीतर और बाहर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं, जिनकी लाइव मॉनिटरिंग नियंत्रण कक्ष से चौबीसों घंटे की जा रही है। डीएम डॉ. त्यागराजन एसएम और एसएसपी कार्तिकेय के शर्मा ने बताया कि वज्रगृह के चारों ओर बैरिकेडिंग कर दी गई है ताकि किसी भी अनधिकृत व्यक्ति का प्रवेश न हो सके। हर व्यक्ति की पहचान पत्र की जांच के बाद ही प्रवेश की अनुमति दी जा रही है। वज्रगृह के अंदर केंद्रीय सशस्त्र सुरक्षा बल के जवान अत्याधुनिक हथियारों के साथ तैनात हैं, जबकि बाहर की सुरक्षा का जिम्मा राज्य पुलिस के पास है। निष्पक्षता के लिए प्रत्याशियों या उनके अधिकृत प्रतिनिधियों को संबंधित विधानसभा क्षेत्र के काउंटर के सामने बैठने की व्यवस्था की गई है। उन्हें सात दिन तक, 24 घंटे ईवीएम की निगरानी करने की सुविधा दी गई है। उनके लिए भोजन, पेयजल, शौचालय और विश्राम की व्यवस्था भी की गई है ताकि वे किसी भी समय मशीनों की सुरक्षा पर नजर रख सकें। डीएम ने बताया कि सभी पोल्ड ईवीएम संबंधित विधानसभा क्षेत्रों से एस्कॉर्ट दल की मौजूदगी में वज्रगृह तक लाई गई हैं। मतगणना शुरू होने से पहले सभी सीसीटीवी फुटेज का मिलान किया जाएगा, जिससे किसी भी प्रकार की शंका की गुंजाइश न रहे। पूरे वज्रगृह परिसर में कड़ी निगरानी रखी जा रही है। हर मशीन की गतिविधि कैमरे की निगाह में रहे, इसके लिए चौबीसों घंटे रिकॉर्डिंग की व्यवस्था की गई है। सुरक्षा बल और अधिकारी लगातार स्थल का निरीक्षण कर रहे हैं। प्रत्याशियों को भी इस बात की जानकारी दी गई है कि मतगणना के दिन किसी भी अनधिकृत व्यक्ति को परिसर में प्रवेश की अनुमति नहीं होगी।



# पटना में पछुआ हवा से गिरी तापमान, बढ़ी ठंढ

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ क्षेत्र में पछुआ हवाओं के सक्रिय होने से राज्य के कई हिस्सों में ठंड की दस्तक महसूस की जा रही है। गुरुवार को राजधानी पटना के तापमान में गिरावट दर्ज की गई। सुबह और शाम हल्की सिहरन के साथ दिन के समय हल्की धूप ने मौसम को सुहाना बना दिया। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि आने वाले दिनों में ठंड का असर धीरे-धीरे बढ़ेगा, जबकि फिलहाल



तापमान सामान्य दायरे में रहेगा।मौसम विभाग के अनुसार उत्तर-पश्चिम दिशा से चल रही पछुआ हवाओं ने बिहार में ठंड का प्रारंभिक असर दिखाना शुरू कर दिया है। इन हवाओं की गति मध्यम है, जो दिन में सुखद और रात में ठंडी हवा का अहसास करा रही हैं। गुरुवार को पटना का अधिकतम तापमान 31.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से करीब 1 डिग्री कम है।पटना और उसके आसपास के इलाकों में गुरुवार की सुबह हल्के कोहरे की चादर छाई रही। कई जगहों पर दृश्यता 800 से 1000 मीटर तक सीमित रही, जिससे सुबह के वक्त यातायात की गति धीमी पड़ गई। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार यह कोहरा हल्के से मध्यम स्तर का है और आने वाले कुछ दिनों तक सुबह के समय जारी रहेगा। इसका कारण हवा में मौजूद नमी और रात में तापमान का गिरना है। जैसे-जैसे दिन में धूप निकलती है, कोहरा धीरे-धीरे छंट जाता है और मौसम सामान्य हो जाता है।

# तेज प्रताप यादव और बीजेपी सांसद रवि किशन की मुलाकात से सियासी गलियारों में मची हलचल, अटकलों का बाजार गर्म

**समाज जागरण**

पटना। बिहार की सियासत में नई हलचल तब मच गई जब आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव के बड़े बेटे तेज प्रताप यादव ने भोजपुरी स्टार और भाजपा सांसद रवि किशन से मुलाकात की। इस मुलाकात के बाद राजनीतिक गलियारों में चचाओं का दौर तेज हो गया है। लोग सवाल करने लगे हैं – क्या तेज प्रताप चुनाव बाद बीजेपी का दामन थामने की तैयारी कर रहे हैं?




जानकारी के अनुसार, दोनों नेताओं की यह मुलाकात एक निजी कार्यक्रम के बहाने हुई, लेकिन इसके राजनीतिक मायने अब निकाले जा रहे हैं। तेज प्रताप यादव हाल के दिनों में कई बार अपने बयानों और गतिविधियों से पार्टी लाइन से अलग रुख अपनाते दिखे हैं। ऐसे में यह मुलाकात आरजेडी खेमे में बेचैनी और बीजेपी खेमे में उत्सुकता का कारण बनी हुई है।

# माडल मेकिंग वर्कशॉप का आयोजन किया गया

## वर्कशॉप में ट्रेनर द्वारा छात्राओं को विभिन्न माडल बनाकर उनके सिद्धांतों को समझाया गया

**समाज जागरण**

जनपद सिद्धार्थ नगर जिला बेसिक शिक्षा विभाग, सिद्धार्थनगर, स्माइल फाउंडेशन और कॉपर सर्जिकल के सहयोग से कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय, मिठवल, उसका बाजार, नौगढ़ एवं बांसी में विज्ञान, तकनीकी अभियांत्रिकी एवं गणित पर आधारित मॉडल मेकिंग वर्कशॉप का आयोजन किया गया। इस वर्कशॉप में ट्रेनर द्वारा छात्राओं को विभिन्न वैज्ञानिक मॉडल बनाकर उनके सिद्धांतों को समझाया गया। हाथों-हाथ अभ्यास के माध्यम से छात्राओं ने विज्ञान को रोचक ढंग से सीखा।




वर्कशॉप में किए गए प्रमुख प्रयोग –

प्रयोग 1: प्राकृतिक इंडिकेटर पेपर (अम्ल एवं क्षार पहचान)
सामग्रीः पेपर, हल्दी, साबुन पानी, नींबू का रस
सिद्धांतः हल्दी एक प्राकृतिक स्त्रल इंडिकेटर है जो अम्लीय एवं क्षारीय पदार्थों की पहचान कराता है।

प्रयोग 2: CO गैस का निर्माण
सामग्रीः बोतल, बेकिंग सोडा, सिरका, गुब्बारा
सिद्धांतः बेकिंग सोडा एवं सिरका की रासायनिक प्रतिक्रिया से CO गैस बनती है जो गुब्बारे को फुलाती है।

प्रयोग 3: पेपर सर्किट
सामग्रीः सर्किट चार्ट, CR सेल, LED सिद्धांतः बंद विद्युत परिपथ से धारा प्रवाहित होकर छएऊ को प्रकाश देती है। इससे चालक, ऊर्जा स्रोत एवं लोड की जानकारी प्रदान की गई।

प्रयोग 4: DIY पेरिस्कोप
सामग्रीः DIY किट, 2 दर्पण, ग्लू, पेपर टेप सिद्धांतः प्रकाश के परावर्तन के सिद्धांत पर आधारित पेरिस्कोप से छिपी वस्तुओं को देखा जा सकता है।इस वर्कशॉप में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की तथा वास्तविक जीवन में विज्ञान के उपयोग को समझा। कार्यक्रम सफलतापूर्वक पूर्ण हुआ एवं छात्राओं ने वैज्ञानिक गतिविधियों का भरपूर आनंद लिया।

# ग्राम स्तरीय बाल संरक्षण समिति की बैठक का आयोजन किया गया

**समाज जागरण**

जनपद बहराइच देहात संस्था के तत्वाधान में एक्सेस टू जस्टिस (A2J) परियोजना के अंतर्गत ग्राम पंचायत शादियाबाद में आज ग्राम स्तरीय बाल संरक्षण समिति की बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य ग्राम स्तर पर बाल संरक्षण की व्यवस्था को सुदृढ़ बनाना तथा समुदाय को बच्चों के अधिकारों के प्रति जागरूक करना रहा।



बैठक की शुरूआत ग्राम प्रधान जल वर्षा के स्वागत भाषण से हुई। इसके पश्चात देहात संस्था की टीम – रचना मिश्रा, चंद्र प्रकाश, दीपक एवं गुड़िया – ने संस्था एवं एक्सेस टू जस्टिस परियोजना के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि यह परियोजना बच्चों को न्याय तक पहुँच दिलाने, बाल शोषण, बाल विवाह, बाल श्रम और हिंसा से उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में कार्य कर रही है। बैठक में समिति की संरचना एवं उसके कार्यों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। प्रतिभागियों को बताया गया कि ग्राम स्तरीय बाल संरक्षण समिति गाँव में बच्चों से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या की पहचान कर उसे उचित स्तर तक पहुँचाने की जिम्मेदारी निभाती है। समिति के सदस्यों को उनकी भूमिका और दायित्वों से अवगत कराया गया।इसके साथ ही विभिन्न सरकारी योजनाओं मुख्य मंत्री बॉल सेवा योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, बालिका शिक्षा अभियान और बाल श्रम उन्मूलन कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी गई। प्रतिभागियों को समझाया गया कि इन योजनाओं का लाभ किस प्रकार बच्चों एवं महिलाओं के समग्र विकास में सहायक हो सकता है।

बैठक का एक विशेष आकर्षण रहा साइबर अपराध एवं ऑनलाइन सुरक्षा पर सत्र, जिसमें श्री विनोद सिंह पुलिस बाल कल्याण अधिकारी , ने प्रतिभागियों को संबोधित किया। उन्होंने बताया कि किस प्रकार साइबर अपराध आज के समय में बच्चों और युवाओं के लिए एक गंभीर चुनौती बनते जा रहे हैं। उन्होंने सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग, ऑनलाइन ठगी से बचाव, और बच्चों की डिजिटल सुरक्षा के उपायों पर विस्तार से जानकारी दी।

बैठक में ग्राम की महिलाएँ, पंचायत सहायक बीनाक्षी सिंह, नसरीन बेगम, सुमन, श्यामा देवी, माया देवी, आशा प्रदीप कुमार, पंचायतकर्मी एवं अन्य समुदाय सदस्य सक्रिय रूप से उपस्थित रहे और चर्चा में भाग लिया।

बैठक का समापन सामूहिक संकल्प के साथ हुआ कि ग्राम पंचायत शादियाबाद को बाल शोषण मुक्त एवं सुरक्षित बचपन का आदर्श ग्राम बनाने के लिए सभी सदस्य मिलकर कार्य करेंगे।

# धीरेंद्र शास्त्री सनातन हिंदू धर्म के सबसे बड़े रक्षक देश के सभी धमार्चार्य शंकराचार्य मिलकर उनके साथ दें: वाल्मीकि रत्न गुरुजी राजू चंदेल

**( बाबा बागेश्वर धीरेंद्र शास्त्री द्वारा यात्रा का शुभारंभ भगवान वाल्मीकि की आरती से करने पर वाल्मीकि समाज में खुशी की लहर )**

**समाज जागरण**

नई दिल्ली 7 नवंबर / भगवान महर्षि वाल्मीकि साधु अखाड़ा परिषद के प्रचार महंत एवं राष्ट्रीय वाल्मीकि महामंडलेश्वर कृष्ण शाह विद्यार्थी जी के परम शिष्य वाल्मीकि रत्न गुरुजी राजू चंदेल ने सनातन हिंदू जोड़ो यात्रा का स्वागत करते हुए इस महान गौरवशाली सनातन हिंदू जोड़ो यात्रा में शामिल हुए उन्होंने इस मौके पर पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि वाल्मीकि सनातन हिंदुओं में आज अत्यंत प्रसन्नता देखने को मिली और तमाम समाज के लोगों ने वाल्मीकि समाज के साधु संतों मंडलेश्वर महामंडलेश्वरों ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि इस सनातन हिंदू जोड़ो यात्रा की शुरूआत भगवान वाल्मीकि जी की आरती कर बागेश्वर वाले बाबा धीरेंद्र शास्त्री ने भगवान वाल्मीकि






के प्रति जो अपना सम्मान और आस्था प्रकट की है उसको देखते हुए समाज के लोगों ने और साधु संतों ने उन्हें आशीर्वाद देते हुए कहा कि आप सनातन हिंदू धर्म के सबसे बड़े रक्षक के रूप में उभरे हो संसार के 33 कोटी देवी देवताओं का आपके आशीर्वाद प्राप्त हो और आप यूं ही सनातन हिंदू धर्म की रक्षा करते रहे गुरुजी राज चंदेल ने इस मौके पर बोलते हुए कहा कि यह यात्रा सनातन धर्म का इतिहास रचेगी और भारत जल्द ही हिंदू राष्ट्र बनेगा और अखंड भारत के रूप में उन्हें स्थापित होगा आज सनातन हिंदू जाग गया है यहां किसी धर्म के खिलाफ यह लड़ाई नहीं लड़ी जा रही है बल्कि सनातन हिंदू को जागृत करने का यह अभियान जारी है आज हिंदू बगैर किसी हथियार के बगैर किसी विवाद के एक होकर अपनी शक्ति पूरे विश्व भर के लोगों को दिखाएगा और देश जल्द ही हिंदू राष्ट्र बनेगा

गुरुजी राज चंदेल ने तमाम सनातन धर्म के बड़े संतो महंतों शंकराचार्य से अपील करते हुए कहा कि बाबा बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर धीरेंद्र शास्त्री जी के साथ कंधे से कंधा मिलाकर एक मंच पर आवे तथा देश के अंदर जो भेदभाव जात बिरादरी का जो जहर समाज में फैला हुआ है इसका असर कम करें और सनातन हिंदुओं को एक करने का कार्य मिलकर करें तभी सनातन धर्म व हिंदू बचेगा अन्यथा पाकिस्तान और बांग्लादेश की तरह हिंदू खत्म होकर रह जाएगा मुगलों से और मुगलों की संतानों से अगर देश को बचाना है तो तमाम धमार्चार्य को एक मंच पर आना ही पड़ेगा

# नई सभ्यता और नवोन्मेष की उड़ान के वाहक बनें युवा: एमएलसी

**तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के फैकल्टी ऑफ एजुकेशन, टिमिट कॉलेज ऑफ फिजिकल एजुकेशन और कॉलेज ऑफ फाइन आर्ट्स की ओर से एजुकेशन 5.0: ए न्यू पैराडाइम इन ट्रांसफॉर्मिंग एजुकेशन पर दो दिनी नेशनल कॉन्फ्रेंस का शुभारम्भ**

**समाज जागरण**

बरेली-मुरादाबाद शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के एमएलसी डॉ. हरि सिंह ढिल्लो ने बतौर मुख्य अतिथि कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस मानव मूल्यों के बिना अधूरी है, इसीलिए हमें मावन मूल्यों के संग एआई को जोड़ना है। विशेषकर शिक्षण के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए जुनून, कर्मठता के साथ-साथ आध्यात्मिक ऊर्जा भी जरूरी है। शिक्षा जीवन का प्राण तत्त्व है। आज का तकनीकी युग केवल उच्च डिग्रियों का नहीं, बल्कि प्रत्येक हाथ में कौशल और प्रत्येक मस्तिष्क में सृजनात्मक विचारों की मांग करता है। आधुनिक शिक्षा का उद्देश्य मात्र ज्ञान-संप्रेषण नहीं, बल्कि जीवन में नैतिक आचरण, मानवीय संवेदना और चरित्र-निर्माण का संस्कार स्थापित करना है, ताकि प्रत्येक व्यक्ति नई सभ्यता और नवोन्मेष की उड़ान का वाहक बन सके। डॉ. ढिल्लो तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के तीन कॉलेजों- फैकल्टी ऑफ एजुकेशन, टिमिट कॉलेज ऑफ फिजिकल एजुकेशन और कॉलेज ऑफ फाइन आर्ट्स की ओर से एजुकेशन 5.0: ए न्यू पैराडाइम इन ट्रांसफॉर्मिंग एजुकेशन पर आयोजित दो दिनी नेशनल कॉन्फ्रेंस के शुभारम्भ मौके पर बोल रहे थे। इससे पूर्व एमएलसी डॉ. हरि सिंह ढिल्लो, डीन एकेडमिक्स प्रो. मंजुला जैन, डीन स्टुडेंट वेलफेयर प्रो. एमपी सिंह, फैकल्टी ऑफ एजुकेशन के प्राचार्य डॉ. विनोद कुमार जैन, कॉलेज ऑफ फिजिकल एजुकेशन के प्राचार्य प्रो. मनु मिश्रा, फाइन आर्टस के प्राचार्य श्री रविन्द्र देव आदि ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके नेशनल कॉन्फ्रेंस का शंखनाद किया। इस मौके पर सभी अतिथियों का बुके देकर स्वागत किया गया। कॉन्फ्रेंस के तकनीकी सत्र में उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, राजस्थान, दिल्ली, मध्य प्रदेश, बिहार, झारखंड, छत्तीसगढ़, असम, केरल, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र, तमिलनाडु आदि के शिक्षाविदों, शोधार्थियों ने शिक्षा 5.0, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का शिक्षण में प्रयोग, भारतीय ज्ञान परंपरा का समावेशन, डिजिटल साक्षरता, इमोशनल इंटेलिजेंस, नवाचार एवम् मूल्य-शिक्षा जैसे विषयों पर करीब 70 रिसर्च पेपर्स प्रस्तुत किए। नर्सिंग कॉलेज की डीन प्रो. एसपी सुभाषिनी, एग्रीकल्चर कॉलेज के डीन प्रो. प्रवीन कुमार जैन, डॉ. शिवानी एम. कौल, डॉ. ज्योति पुरी, डॉ. अमित कंसल आदि की विशेष मौजूदगी रही। कॉन्फ्रेंस में पुस्तक- एजुकेशन 5.0 का भी विमोचन किया गया।




डीन एकेडमिक्स प्रो. मंजुला जैन ने कहा, एजुकेशन 5.0 केवल शिक्षा का एक मॉडल नहीं, बल्कि यह एक बौद्धिक पुनर्जागरण का प्रतीक है, जहां ज्ञान, कौशल और संवेदना की त्रिवेणी मानवता के नए क्षितिज का निर्माण करती है। इसका आरम्भ एवम् उत्तरोत्तर विकास इंडस्ट्रीयल डेवल्यूशन से ही हुआ है और हो रहा है। प्रो. जैन बोलीं टीएमयू एनईपी-2020 को अपनाते हुए आगे बढ़ रही है। उन्होंने अकेडमिक बैंक ऑफ क्रेडिट, स्किल डवलपमेंट आदि विभिन्न सन्दर्भों पर चर्चा करते हुए स्टुडेंट्स को ज्ञान की विविधावली से जोड़ने का प्रयास किया। उन्होने कहा, यह संगोष्ठी शिक्षा, शारीरिक शिक्षा और ललित कला इन तीनों धाराओं को जोड़ने का एक अभिनव प्रयास है, जो व्यक्ति के सर्वांगीण विकास की दिशा में सार्थक कदम सिद्ध होगी। नेशनल कॉन्फ्रेंस में सोबन सिंह जीना यूनिवर्सिटी, अल्मोड़ा के प्रो. शेखर चंद्र जोशी ने कहा कि शिक्षा 5.0 का मूल भाव सतत विकास में नैतिक प्रौद्योगिकी का समावेश है। तकनीक तभी सार्थक है जब वह संवेदना और उत्तरदायित्व से जुड़ी हो। साथ ही उन्होंने भारतीय विश्वविद्यालयों से आग्रह किया कि वे इंडियन नॉलेज सिस्टम के सिद्धांतों को नयी शिक्षा नीतियों से जोड़ें, ताकि भारत पुनः ज्ञान की धरती के रूप में प्रतिष्ठित हो सके। इससे पूर्व स्वागत भाषण में डीन स्टुडेंट वेलफेयर प्रो. एमपी सिंह ने कहा, टीएमयू सदैव ज्ञान, अनुसंधान और मानवीय मूल्यों के त्रिवेणी का प्रतीक रहा है। आज की यह संगोष्ठी शिक्षा के नवयुग का उद्घोष है, जो हमें एजुकेशन 5.0 की ओर अग्रसर करेगी।

दिल्ली यूनिवर्सिटी में फैकल्टी ऑफ एजुकेशन के प्रो. रजनी राजन सिंह ने कहा, एजुकेशन 5.0 वस्तुतः सह-अस्तित्व, करुणा और मूल्याधारित चेतना का पुनरागमन है। उन्होंने कहा कि, वर्तमान जगत को यदि विनाश से बचाना है तो एआई के साथ मानवीयता की जड़ों को जोड़ना होगा। वेदान्त दर्शन के आनन्दमयकोश आदि के भाव को आत्मसात करना होगा और क्लासेस को विज्ञान मय आदि कोशों से संपृक्त कर आज आध्यात्मिक जड़ों से स्नात कराना होगा वास्तविक उन्नति का मूल स्व को जानना है; अपनी भाषा, संस्कृति एवं विरासत के सौंदर्य पर गर्व करना है। दिल्ली सरकार के शिक्षा निदेशक डॉ. ओमप्रकाश ने कहा कि एजुकेशन 5.0 इक्विटी, इम्पैथी और एक्सीलेंस का संगम है। जब शिक्षा में समान अवसर, संवेदनशीलता और उत्कृष्टता का समन्वय होगा, तभी सच्चे अर्थों में परिवर्तन संभव होगा। हमें ज्ञान को थोपना नहीं है वरन हमें शिक्षा का सुन्दर वातावरण अपने इस नई पौध को देना है, तभी जिस भारत की कल्पना हम करते हैं वह साकार हो पायेगा। कॉन्फ्रेंस में डॉ. सुगन्धा जैन, डॉ. अगम प्रताप, श्री तोहिद अख्तर, श्री कुशाग्र दीक्षित, श्री मुकेश कुमार, डॉ. फरहा दीबा, श्री अंकुर देव, श्री वैभव झा, श्री प्रवेश चंद्र वर्मा, श्री प्रदीप सैनी, श्री राजेश कुमार, मिस सना तबस्सुम, डॉ. रंजीत सिंह, डॉ. शिवानी यादव, डॉ. हर्षवर्धन, डॉ. रवि प्रकाश, डॉ. सुनील पांडे, डॉ. अर्पिता त्रिपाठी, डॉ. नाहिद बी., डॉ.रूबी शर्मा, डॉ. पूनम चौहान, डॉ. शेफाली जैन, श्री धर्मेंद्र सिंह, श्री महेश कुमार, मिस शिवांकी राजपूत आदि उपस्थित रहे। संचालन डॉ. पूनम चौहान, डॉ. पवन बिष्ट ने संयुक्त रूप से किया।

# चुनाव में जीत का प्रमुख हथियार है मतदाता सूची – प्रकाश पाल

## भाजपा का युवाओं को मतदाता बनाने पर फोकस

**समाज जागरण**

कानपुर।वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव की तैयारियों के लिए उत्तर प्रदेश में 22 वर्ष बाद चार नवंबर से शुरू हुए मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान (एसआईआर) के लिए भाजपा पूरी तरह से तैयार खड़ी है।

मतदाता सूची किसी भी चुनाव में जीत का प्रमुख हथियार है। बूथ लेवल एजेंट (बीएलए 2) अपनी पांच सदस्यीय कमेटी के साथ चार दिसम्बर तक हर घर दस्तक देकर एक जनवरी 2026 को अठारह वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके युवाओं के नाम मतदाता सूची में जुड़वाने का संकल्प लेकर बूथों पर जुट जाएं। फर्जी मतदाताओं को जड़ से उखाड़ फेंका जाएगा और प्रत्येक पात्र व्यक्ति को मतदाता सूची से जोड़ना भाजपा का संकल्प है। भाजपा सिर्फ एक राजनैतिक दल नहीं बल्कि सेवा, समर्पण और राष्ट्र निर्माण का आंदोलन है। ये बातें शुक्रवार को मुख्य अतिथि भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने केशव नगर स्थित भाजपा क्षेत्रीय कार्यालय में आयोजित मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान (एसआईआर) की कार्यशाला में कहीं।






प्रकाश पाल ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती मतदाता की सक्रियता से होती है। पार्टी कार्यकर्ता इस अभियान में पूर्ण समर्पण से जुटें। राष्ट्रीय, प्रदेश, क्षेत्र एवं जिला पदाधिकारी, पार्षदों के अलावा सभी योग्य, समर्पित और सक्रिय कार्यकर्ता अपने अपने बूथों पर बूथ लेवल एजेंट (बीएलए टू ) की जिम्मेदारी निभाएं।मतदाता पुनरीक्षण अभियान के तहत सभी कार्यकर्ता घर घर जाकर यह सुनिश्चित करें कि हर पात्र व्यक्ति का नाम मतदाता सूची में हो। बूथ समितियां,बीएलए टू समन्वय बना कर बूथ पर नियुक्त सरकारी बीएलओ के मददगार बनें। उन्हें मतदाता सूची के संशोधन, नाम जोड़ने, सुधार और विलोपन की प्रक्रिया में सक्रिय योगदान दें। बूथ की हर जानकारी से अवगत कराने के साथ सुनिश्चित करें कि डुप्लीकेट , सिफ्टेड, मृत व्यक्तियों के नाम मतदाता सूची में न रहें।

भाजपा दक्षिण जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह पीपीटी के माध्यम से एसआईआर अभियान के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यह अभियान संगठन के लिए जनता से जुड़ने और विश्वास बढ़ाने का अवसर है।बीएलओ मतदाताओं को दो पन्नों का गणना प्रपत्र वितरित करेंगे और भरवा कर एक प्रति प्राप्त करेंगे जब कि दूसरी प्रति मतदाता के पास रिसीविंग रहेगी। मतदाताओं को यह गड़ना प्रपत्र 30 दिनों के भीतर भरकर वापस देना होगा। जिन घरों में मतदाता किसी कारणवश नहीं मिलेंगे ऐसे मतदाताओं के घर तीन बार बीएलओ और बीएलए टू प्रपत्र एकत्र करने जाएंगे।

अभियान प्रभारी अनूप अवस्थी ने कहा कि जिन लोगों के नाम वर्ष 2003 तक की मतदाता सूची में नहीं मिलेगा उनसे प्रमाण पत्र या अन्य आवश्यक दस्तावेजों के आधार पर सत्यापन कराया जाएगा ।जिन परिवारों के सदस्य पहले से सूची में दर्ज हैं उनका प्राथमिकता के आधार पर सत्यापन होगा। जिन लोगों के नाम किसी कारण वश अभी तक मतदाता सूची में दर्ज नहीं है उनके नाम मतदाता सूची में शामिल कराएंगे। यदि किसी परिवार का नाम पहले से उसी पते पर मतदाता सूची में दर्ज है तो अन्य सदस्यों को अलग से प्रमाण पत्र देने की जरूरत नहीं है। भाजपा दक्षिण जिला मीडिया प्रभारी क्षमनीष त्रिपाठी ने बताया कि भाजपा एसआईआर अभियान में त्रिस्तरीय निगरानी के लिए जिला, विधानसभा और मंडल स्तरीय वॉर रुम बनाएगी। जहां से प्रतिदिन बूथ समितियों,बीएलए टू से बीएलओ के साथ मिलकर हर दिन वोट बढ़ने, कटने व फर्जी मतदाताओं के चिन्हित होने की रिपोर्ट ली जाएगी।

प्रमुख रूप से प्रमुख रूप से विधायक महेश त्रिवेदी, पं बालचंद्र मिश्र, सुनील तिवारी, गणेश शुक्ला, कौशल किशोर दीक्षित, पंकज द्विवेदी, प्रकाश वीर आर्य, दीपू पासवान,दिव्यांशु बाजपेयी,सरदार हरप्रीत सिंह, प्रणवीर सिंह चंदेल,राजीव अवस्थी आदि मौजूद रहे।

दैनिक समाज जागरण नेशनल अखबार मे विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें।

# पीड़ित दिव्यांग ने धोखाधड़ी करने वालों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की।

**समाज जागरण**

कानपुर विशेष संवाददाता। थाना रेल बाजार अंतर्गत मकान नंबर 194/5 सुजातगंज के रहने वाले मकसूद पुत्र मोहम्मद सिद्दीक जो की दिव्यांग है और लाचार इसके बाद भी मकान पर लोन दिलाने के नाम पर बैंक एजेंट ने किया धोखाधड़ी। पीड़ित दिव्यांग मकसूद का कहना है कि उसने मकान पर लोन लेने के लिए बैंक एजेंट प्रज्वल सिंह पुत्र शैलेंद्र सिंह निवासी मकान नंबर 15 योगेंद्र विहार खाड़ेपुर नई बस्ती नौबस्ता कानपुर नगर से लगभग दो माह पूर्व मिला था, प्रज्वल सिंह ने पीड़ित दिव्यांग को पिरामल बैंक से हाउसिंग लोन कराने हेतु आवश्यक कागजात जैसे की लोन एग्रीमेंट की कॉपी तथा क्रेता विक्रेता के आधार कार्ड की कॉपी पैन कार्ड आदि लोन लेने का प्रक्रिया प्रारंभ कर दिया इसी संदर्भ में प्रज्वल सिंह पीड़ित के पास निरंतर आता जाता रहा और लोन जल्दी करवा देने का आश्वासन देता रहा। पीड़ित दिव्यांग ने व्यापार के वास्ते




पिरामल बैंक से एक बिजनेस लोन मौलिक 10 लख रुपए करवाया था जो कि अभी चल रहा है प्रज्वल सिंह ने कहा कि पुराना लोन पूरा जमा कर दो तब नया लोन पास होगा। प्रदीप दिव्यांग मकसूद ने अपनी पत्नी के सोने के जेवरात आदि बेचकर एक्सिस बैंक के करंट खाता में जमा करना चाह रहा था परंतु किसी ने एजेंट प्रज्वल सिंह से कहा कि तुम परेशान मत हो शरीर से विकलांग हो भाग दौड़ करने में असमर्थ हो मेरे अकाउंट में ट्रांसफर कर दो मैं जमा कर दूंगा पीड़ित ने विभिन्न दिनांक में 11 2387 रुपए प्रज्वल सिंह के खाते में ट्रांसफर कर दिया रिजल्ट प्रज्वल सिंह ने कहा कि अब शीघ्र तुम्हारा हाउसिंग लोन करा देगे फोन करने पर एजेंट प्रज्वल सिंह ने कहा कि तुम्हारा हाउसिंग लोन स्वीकृत हो गया है अपनी रजिस्ट्री की तैयारी करिए जब पीड़ित दिव्यांग मकसूद अपने साथ क्रेता विक्रेता को लेकर कचहरी पहुंच गया, और कचहरी से बराबर फोन एजेंट प्रज्वल सिंह का आता रहा कि मैं अभी बैंक के वकील एवं डीडी को लेकर आ रहा हूँ रास्ते में है क्रेता विक्रेता ने शाम तक इंतजार किया परंतु एजेंट प्रज्वल सिंह नहीं पहुंचा। पीड़ित दिव्यांग मकसूद ने पुलिस कमिश्नर सहित आला अधिकारियों को प्रार्थना पत्र पोर्टल पर ट्विटर पर भेज कर धोखा धड़ी करने वाले एजेंट प्रज्वल सिंह व उसका भाई शिवेंद्र सिंह तथा साथी कृष्णा व एक अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा कर पूरे रैकेट को गिरफ्तार करने तथा पूरी घटना पदार्फाश करने की मांग किया है।

# भारत उत्कर्ष महायज्ञ – 16 से 25 नवम्बर तक महर्षि नगर, नोएडा में 108 कुण्डीय 10 दिवसीय आयोजन

**समाज जागरण**

नोएडा, 06 नवम्बर 2025: महर्षि महेश योगी संस्थान द्वारा “भारत उत्कर्ष महायज्ञ” का 108 कुण्डीय 10 दिवसीय भव्य आयोजन 16 से 25 नवम्बर तक महर्षि आश्रम, महर्षि नगर, नोएडा में होगा। यह महायज्ञ विश्व शांति, मानव कल्याण और भारत की आध्यात्मिक चेतना को जागृत करने के लिए समर्पित है। महर्षि संस्थान के अध्यक्ष अजय प्रकाश श्रीवास्तव ने बताया कि यह आयोजन केवल वैदिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि सांस्कृतिक विरासत और राष्ट्रीय एकता का उत्सव है।




इस दौरान 140 करोड़ आहुति यज्ञनारायण भगवान को समर्पित की जाएँगी। कार्यक्रम में श्रीराम कथा का आयोजन और ध्यान, वेदाध्ययन एवं सत्संग सत्र भी होंगे।

महायज्ञ के संरक्षक हैं अनन्त श्री विभूषित स्वामी वासुदेवानन्द सरस्वती जी महाराज, जबकि विशेष कथा श्री १००८ स्वामी राघवाचार्य महाराज (अयोध्या) द्वारा प्रस्तुत की जाएगी। जगद्गुरु रामानंदाचार्य प्रेमेश्वर पीठाधीश्वर स्वामी श्री सतीशाचार्य जी महाराज का पावन सानिध्य भी मिलेगा।

कार्यक्रम में सांस्कृतिक झाँकियाँ, अखण्ड भण्डारा, वैदिक यज्ञशाला, लेजर शो जैसी विशेष झलकियाँ प्रस्तुत होंगी। महर्षि संस्थान ने सभी श्रद्धालुओं और नागरिकों से इस दिव्य यज्ञ में भाग लेने और भारत को श्रेष्ठ और शांतिपूर्ण बनाने में योगदान देने का आह्वान किया है।

# टीएमयू में श्री कल्पद्रुम महामंडल विधान का विश्व शांति महायज्ञ के संग भव्य समापन

*भक्ति, श्रद्धा और ज्ञान की अद्भुत त्रिवेणी श्री मज्जिनेन्द्र कल्पद्रुम महामंडल विधान में हजारों पुण्यार्जक श्रद्धालुओं ने भक्तिभाव से समर्पित किए अर्घ्य, कुलाधिपति श्री सुरेश जैन और फर्स्ट लेडी श्रीमती वीना जैन ने प्रज्ञाश्रमण उपाध्याय श्री 108 प्रज्ञानंद जी महामुनिराज के पावन चरणों में शीश नवाकर जाने-अनजाने कोई भी त्रुटि, प्रमाद या भूल के लिए मांगी उत्तम क्षमा*

**समाज जागरण**

मुरादाबादः तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद में नौ दिनी भक्ति, श्रद्धा और ज्ञान की अद्भुत त्रिवेणी श्री मज्जिनेन्द्र कल्पद्रुम महामंडल विधान का रिद्धि-सिद्धि भवन में विश्व शांति महायज्ञ हुआ, जिसमें महायज्ञ नायक के रूप में टीएमयू के कुलाधिपति श्री सुरेश जैन, सम्राट भरत चक्रवर्ती की भूमिका में ग्रुप वाइस चेयरमैन श्री मनीष जैन, एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर श्री अक्षत जैन आदि ने यज्ञ की वेदी में आहूतियां दीं और विधान की सफलता और जीवों के मंगल की कामना की। इन पवित्र अनुष्ठानों में हजारों पुण्यार्जक श्रद्धालुओं ने भक्तिभाव से अर्घ्य समर्पित किए। इस ऐतिहासिक अवसर पर क्षुल्लक श्री 105 दिव्यानंद जी महाराज के मुख से भगवान शांतिनाथ के अभिषेक के मंत्रों के उच्चारण से शुद्धता और दिव्यता का संचार हुआ। प्रज्ञाश्रमण उपाध्याय श्री 108 प्रज्ञानंद जी महामुनिराज ने स्वयं शांतिधारा के मंत्रों का उच्चारण किया।

रिद्धि-सिद्धि भवन में कुलाधिपति श्री सुरेश जैन और फर्स्ट लेडी श्रीमती वीना जैन ने प्रज्ञाश्रमण उपाध्याय श्री 108 प्रज्ञानंद जी महामुनिराज के पावन चरणों में शीश नवाकर क्षमा याचना की। उन्होंने अत्यंत भावुकता से कहा, हे परम पूज्य गुरूवर, यदि इस महायज्ञ के संचालन में हमसे जाने-अनजाने कोई भी त्रुटि, प्रमाद या भूल हुई हो तो हम सपरिवार आपके समक्ष उत्तम क्षमा मांगते हैं। हमारे मन, वचन और काय से हुए समस्त दोषों के लिए हमें क्षमा प्रदान करें। गुरुदेव ने उन्हें धर्म की दृढ़ता का आशीर्वाद प्रदान किया। विधान को सफलतापूर्वक संपन्न कराने वाले पूजक महानुभावों पंडित श्री ऋषभ जैन शास्त्री और पंडित श्री मनीष जैन का कुलाधिपति श्री सुरेश जैन ने तिलक लगाकर अभिनंदन किया। विधान में सौधर्म इंद्र की भूमिका निभा रहे श्री ऋषि जैन और शचि इंद्राणी बनीं श्रीमती निधि जैन, बाहुबली बने श्री मनोज जैन और उनकी रानी श्रीमती नीलिमा जैन, कुबेर बने प्रो. विपिन जैन और उनकी इंद्राणी श्रीमती अहिंसा जैन ने भी दोनों पूजकों का तिलक और वंदन किया। इस मौके पर श्रीमती जहान्वी जैन की गरिमामयी मौजूदगी रही।

सम्राट भरत चक्रवर्ती की भूमिका निभा रहे ग्रुप वाइस चेयरमैन श्री मनीष जैन ने सभी श्रद्धालुओं के हित में एक मूलभूत प्रश्न किया। उन्होंने विनम्रतापूर्वक पूछा, हे गुरूवर, श्री कल्पद्रुम महामंडल विधान का परम फल हमें क्या प्राप्त होगा? साथ ही श्रद्धालुओं को किस प्रकार का उत्कृष्ट पुण्य मिलेगा? गुरूवर, इस गूढ़ रहस्य को विस्तार से समझा दीजिएगा। प्रज्ञाश्रमण उपाध्याय श्री 108 प्रज्ञानंद जी महामुनिराज ने कहा, प्रत्येक श्रद्धालु जिसने अहंकार त्यागकर यहां अर्घ समर्पित किया है, वह सीधा-सीधा अपने मोहनीय कर्म की निर्जरा कर रहा है। यह कल्पवृक्ष की तरह आपकी सांसारिक इच्छाओं को क्षणिक रूप से पूर्ण कर सकता है, लेकिन इसका सर्वोच्च पुण्य यह है कि यह आपके अज्ञान का नाश करता है। जब आप सच्चे भाव से प्रभु की वंदना करते हैं, तब आप अहिंसा के मार्ग पर दृढ़ होते हैं। यह पुण्य आपको उत्तम आयु, उत्तम गति और सबसे महत्वपूर्ण उत्तम परिणामों की प्राप्ति कराता है, जिसके बल पर आप आगामी भवों में जिनशासन का आश्रय लेकर मोक्ष के द्वार तक पहुंचते हैं। इसलिए यह पूजा केवल पुण्य नहीं, बल्कि शुद्ध आत्म-परिणामों की गारंटी है।

श्री मज्जिनेन्द्र कल्पद्रुम महामंडल विधान के समापन पर प्रज्ञाश्रमण उपाध्याय श्री 108 प्रज्ञानंद जी महामुनिराज ने इस आयोजन को कुलाधिपति श्री सुरेश जैन और उनके पूरे परिवार की विशुद्ध मंगल भावना का फल बताया। गुरुदेव ने कहा, आज इस विधान का कलशारोहण स्वरूप ही यह हवन कार्यक्रम है, क्योंकि जिस प्रकार मंदिर का पूर्ण निर्माण उसके कलशारोहण से माना जाता है, वैसे ही यह विधान आज पूर्णता को प्राप्त हुआ है। उन्होंने सम्राट भरत चक्रवर्ती की भूमिका निभा रहे जीवीसी श्री मनीष जैन के त्याग की सराहना की, जिन्होंने चक्रवर्ती पद को प्राप्त करके किमिच्छित दान का आयोजन किया अर्थात सभी को उनकी इच्छित और आवश्यक वस्तुए प्रदान कीं। श्री मनीष जैन ने करुणा स्वरूप एक गाय और उसके बछड़े का भी दान देकर चक्रवर्ती होने का महान पद प्राप्त किया है। अंत में गुरुवर ने सभी की मंगल भावना करते हुए कहा कि आज तो इस विधान में एक समोशरण बना है, पर भविष्य में ऐसे आयोजन हों, तो उनमें पच्चीस समोशरणों की रचना होनी चाहिए। विधान में डॉ. कल्पना जैन, श्री विपिन जैन, डॉ. विनोद जैन, डॉ. रत्नेश जैन, प्रो. रवि जैन, डॉ. अर्चना जैन, श्री आदित्य जैन, प्रो. प्रवीन कुमार जैन, डॉ. विनीता जैन, डॉ. अक्षय जैन, श्रीमती निकिता जैन, श्रीमती सुनीता जैन आदि मौजूद रहे।

# आयुर्वेद के मुताबिक एक साथ भूलकर भी नहीं खानी चाहिए ये चीजें

**आयुर्वेद एक्सपर्ट किरण गुप्ता जी के मुताबिक, गलत फूड कॉम्बिनेशन को खाने से शरीर में टॉक्सिंस उत्पन्न हो सकते हैं जो पाचन क्रिया को बिगाड़ते हैं और कई तरह की बीमारियों का भी कारण बन सकते हैं. ऐसे में आपको पता होना चाहिए कि किन चीजों को एक साथ भूलकर भी नहीं खाना चाहिए. ताकि सेहत पर कोई गलत असर न पड़े.**





आयुर्वेद एक्सपर्ट किरण गुप्ता जी के मुताबिक, गलत फूड कॉम्बिनेशन को खाने से शरीर में टॉक्सिंस उत्पन्न हो सकते हैं जो पाचन क्रिया को बिगाड़ते हैं और कई तरह की बीमारियों का भी कारण बन सकते हैं. ऐसे में आपको पता होना चाहिए कि किन चीजों को एक साथ भूलकर भी नहीं खाना चाहिए. ताकि सेहत पर कोई गलत असर न पड़े.









विरुद्ध आहार में दूध और नमक सबसे पहला नाम है. इन्हें एक साथ नहीं खाना चाहिए. क्योंकि दूध ठंडा और मीठे स्वभाव का होता है, जबकि नमक गर्म और तीखा होता है. इनका संयोजन ब्लड प्यूरिफिकेशन और त्वचा पर बुरा प्रभाव डाल सकता है. इससे एलर्जी, त्वचा रोग (फोड़े-फुंसी), पाचन गड़बड़ी जैसी समस्याएं हो सकती हैं.

विरुद्ध आहार में दूध और नमक सबसे पहला नाम है. इन्हें एक साथ नहीं खाना चाहिए. क्योंकि दूध ठंडा और मीठे स्वभाव का होता है, जबकि नमक गर्म और तीखा होता है. इनका संयोजन ब्लड प्यूरिफिकेशन और त्वचा पर बुरा प्रभाव डाल सकता है. इससे एलर्जी, त्वचा रोग (फोड़े-फुंसी), पाचन गड़बड़ी जैसी समस्याएं हो सकती हैं.

दूध और मछली का सेवन भी आयुर्वेद में सख्त मना किया गया है. दोनों का स्वाभाव अलग-अलग होता है . जैसे मछली गर्म तासीर वाली होती है और दूध ठंडी तासीर वाला. ऐसे में इनका साथ में सेवन करने पर यह शरीर में जहर तक पैदा कर सकता है. इससे त्वचा रोग, एलर्जी, एक्ज़िमा तक की शिकायत हो सकती है.

दूध और मछली का सेवन भी आयुर्वेद में सख्त मना किया गया है. दोनों का स्वाभाव अलग-अलग होता है . जैसे मछली गर्म तासीर वाली होती है और दूध ठंडी तासीर वाला. ऐसे में इनका साथ में सेवन करने पर यह शरीर में जहर तक पैदा कर सकता है. इससे त्वचा रोग, एलर्जी, एक्ज़िमा तक की शिकायत हो सकती है.





वैसे तो कई लोग फ्रूट स्मूदी और शेख बना कर पीते हैं लेकिन आयुर्वेद में फल और दूध का सेवन एक साथ नहीं करना चाहिए. खासतौर पर खट्टे फलों का सेवन तो बिल्कुल नहीं करना चाहिए. खट्टे फल दूध को फाड़ सकते हैं और पाचन में समस्या पैदा करते हैं, जिससे गैस, अपच, एसिडिटी जैसी समस्याएं पैदा हो सकती हैं. हालांकि, अगर सही तरीके से लिया जाए तो मीठे फल जैसे आम या केले का मिल्कशेक बना सकते हैं.

वैसे तो कई लोग फ्रूट स्मूदी और शेख बना कर पीते हैं लेकिन आयुर्वेद में फल और दूध का सेवन एक साथ नहीं करना चाहिए. खासतौर पर खट्टे फलों का सेवन तो बिल्कुल नहीं करना चाहिए. खट्टे फल दूध को फाड़ सकते हैं और पाचन में समस्या पैदा करते हैं, जिससे गैस, अपच, एसिडिटी जैसी समस्याएं पैदा हो सकती हैं. हालांकि, अगर सही तरीके से लिया जाए तो मीठे फल जैसे आम या केले का मिल्कशेक बना सकते हैं.



अक्सर कुछ लोग पेट की कम करने के लिए गर्म पानी में शहद मिलाकर पीते हैं, जो एक विरुद्ध आहार है. जी हां, आयुर्वेद में गर्म पानी/चाय/दूध के साथ शहद सेवन मना किया गया है. आयुर्वेद के अनुसार, शहद को कभी भी गर्म नहीं करना चाहिए. गर्म करने पर यह जहर समान बन जाता है, जो पाचन तंत्र पर असर डालता है.

अक्सर कुछ लोग पेट की कम करने के लिए गर्म पानी में शहद मिलाकर पीते हैं, जो एक विरुद्ध आहार है. जी हां, आयुर्वेद में गर्म पानी/चाय/दूध के साथ शहद सेवन मना किया गया है. आयुर्वेद के अनुसार, शहद को कभी भी गर्म नहीं करना चाहिए. गर्म करने पर यह जहर समान बन जाता है, जो पाचन तंत्र पर असर डालता है.

शहद को घी के साथ भी नहीं खाना चाहिए. अगर घी और शहद को बराबर मात्रा में मिलाकर खाया जाए, तो यह शरीर के लिए जहरीला हो सकता है. जिससे टॉक्सिन बनना और शरीर में असंतुलन बन सकता है. ऐसे में इन विरुद्ध आहार का सेवन करने से बचें.

शहद को घी के साथ भी नहीं खाना चाहिए. अगर घी और शहद को बराबर मात्रा में मिलाकर खाया जाए, तो यह शरीर के लिए जहरीला हो सकता है. जिससे टॉक्सिन बनना और शरीर में असंतुलन बन सकता है. ऐसे में इन विरुद्ध आहार का सेवन करने से बचें.





